दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, मंगलवार, 05 सितंबर, 2023, भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-140 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पड़ोसी देश पाकिस्तान की हालत उसके हुक्मरानों ने इस कदर पतली कर रखी है कि वह दिवालिएपन की कगार पर पहुंच गया है। लोगों को दाल रोटी से लेकर बिजली और पानी तक के लिए तरसना पड़ रहा है। इसके बावजूद वह आतंकवाद की आग को हवा देने से बाज नहीं आ रहा है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने फरमान जारी किया है कि उसके नागरिक पाकिस्तान न जाएं। खूंखार तालिबानी ही पाकिस्तान जाने से घबरा रहे हैं। यह इस बात का सबूत है कि पाकिस्तान आतंकवाद का पर्याय बन चुका है, जिसे एक आतंकवादी देश घोषित करने में देर नहीं करनी चाहिए।

//-- सुविचार --//

कुछ लोग दिखावे के लिए अच्छे बनते हैं, मगर वे लोग ये भूल जाते हैं कि ईश्वर से कुछ भी नहीं छिपा है। वो आपको बाहर से नहीं भीतर से जनता है।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:32 प्रातः

अस्त : 06:03 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.0	23.0
जमशेदपुर	30.0	25.0
हजारीबाग	29.0	23.0
डालटनगंज	31.0	24.0

संक्षिप्त खबरें

बोकारो में 14 लाख रुपये नगद समेत एटीएम ले उड़े चोर

बोकारो। कसमार थाना क्षेत्र के कमलापुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम का शटर काटकर सोमवार सुबह चोरों ने चोरी की। चोर एटीएम सहित 14 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि एटीएम में शनिवार को ही एजेंसी की ओर से 14 लख रुपये डाले गए थे। सुबह जब लोग पैसे निकालने मौके पर पहुंचे तो एटीएम शटर कटा हुआ था और एटीएम नहीं थी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए मामले की छानबीन में जुट गई है।

डीएसपी राजेंद्र दुबे से ईडी ने की पूछताछ

रांची। साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साहिबगंज के डीएसपी राजेन्द्र दूबे से पूछताछ की। सूत्रों ने सोमवार रात बताया कि पूछताछ के दौरान अवैध खनन मामले और डीएसपी से उनके एवं उनके रिश्तेदारों के जमीन बैंक सहित अन्य कागजातों के बारे में भी पूछताछ की। इस दौरान दूबे ने कई सवालों के जवाब दिये और कई सवालों टाल गए। वहीं दूसरी ओर सोमवार को ईडी ने शराब घोटाला मामले में विनय और अभिषेक से भी पूछताछ की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 17739.737 लाख रु. की 76 योजनाओं की दी सौगात, 5531 लाभुकों के बीच 72.10 करोड़ राशि की परिसंपत्तियों का किया वितरण, कहा

जनता को सम्मान के साथ दे रहे हक-अधिकार

राज्य की जनता के साथ सरकार पूरी मजबूती के साथ खड़ी है, अधिकारी गांव गांव जाकर ग्रामीणों की समस्या का करेंगे समाधान, बनेगा कैलेंडर

मौसम के हालात को देखते हुए किसानों को राहत देने की दिशा में सरकार उठाएगी ठोस कदम

सभी का उत्थान व विकास सरकार का संकल्प

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य की जनता के साथ सरकार पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। परिस्थितियां कैसी भी हो, हर वर्ग और हर तबके के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। सभी का उत्थान हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड स्थित सिमलढाब में विकास मेला सह जनता दरबार को संबोधित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं को आप तक पहुंचाने का काम हो रहा है। आप भी आगे आएं और इन योजनाओं से जुड़ें। जब सरकार और जनता एक साथ आगे बढ़ेगी तो राज्य भी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

राज्य के हर सेक्टर में हो रहा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। हम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार दे रहे हैं। बच्चों के पढ़ाई-लिखाई का खर्च सरकार वहन कर रही है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए यहां के आदिवासी दलित और अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को भेजा जा रहा है। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार पूरी सहायता कर रही है। पशुधन और स्वरोजगार के लिए भी योजनाएं चल रही है । बुजुर्गों और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन दे रहे हैं। आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं बचा है, जिसके लिए योजनाएं ना हो। हर योजना अपने आप में खास है, जिसका लाभ यहां की जनता को मिल रहा है।

मौसम के रुख पर सरकार की पैनी नजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष भी मॉनसून का अलग रुख देखना पड़ रहा है। किसी इलाके में अच्छी बारिश हो रही है तो कहीं कम और कहीं सुखाड़ की स्थिति है। सरकार की मौसम के बदलते रुख पर पैनी नजर है। सरकार जल्द ही राज्य में खरीफ फसल के बुवाई के हालात का आकलन करेगी और किसानों को राहत देने के लिए सभी जरूरी खत्म उठाए जाएंगे।

अधिकारी गांव गांव जायेंगे, बनेगा कैलेंडर

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अधिकारियों को गांव-गांव जाना होगा। इसके लिए एक कैलेंडर बनेगा। गांव जाकर अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे और उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ेंगे। सरकार और जनता के बीच सीधा संबंध और बेहतर से बेहतर समन्वय बनाने की दिशा में ये कदम उठाए जा रहे हैं।

राज्य में रोजगार के खुल चुके हैं द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार ने सभी दरवाजे खोल दिए हैं। लगभग 40 हजार सरकारी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जो स्वरोजगार करने के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है। युवाओं के हुनर को निखारने के लिए प्रखंड स्तर पर बिरसा केंद्र खोले गए हैं , ताकि यहां से प्रशिक्षण लेकर वे आत्मनिर्भर बनने की राह पर आगे बढ़ सकें।

सामाजिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और एकल महिलाओं को पेंशन देने का काम कर रहे हैं। हम इसी बात पर विश्वास करते हैं कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी है और इस अधिकार से किसी को वंचित नहीं किया जा सकता है।

मान-सम्मान से समझौता नहीं कर सकते झारखंडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग आदतन स्वाभिमानी होते हैं। वे किसी भी कीमत पर अपने मान-सम्मान से समझौता नहीं कर सकते हैं। सरकार उनकी मान-सम्मान की रक्षा के लिए इनके साथ हर कदम पर खड़ी है। यहां के लोगों को उनका हक- और अधिकार देने से सरकार कभी पीछे नहीं हटेगी।

मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 17739.737 लाख रुपए की 76 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास किया। इसमें 901.417 लाख रुपए की 7 योजनाओं का उद्घाटन और 16838.321 लाख रुपए की 69 योजनाओं की आधारशिला रखी ।
- 5531 लाभुकों के बीच विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 72 करोड़ 10 लाख 58 हजार 4 सौ राशि की परिसंपत्तियों का वितरण।
- साहिबगंज में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास।
- पतना और बोरियो प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा बरहेट के एसएसडी हाई स्कूल एवं साहिबगंज के जमुनादास बालिका उच्च विद्यालय में ऑडिटोरियम का शिलान्यास।
- 99 सखी मंडलों को बैंक लिंकेज के तहत 2 करोड़ 40 लाख रुपए, 213 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत 1 करोड़ 4 लाख 75 हजार रुपए और 44 सखी मंडलों को चक्रीय निधि के तहत 13 लाख 20 हजार रुपए का मिला चेक।
- 1736 बालिकाओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और 77 युवतियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का मिला लाभ।
- 188 लाभुकों को बाबा साहब अंबेडकर आवास योजना और 1590 लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जोड़ा गया।
- 800 लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन एवं 725 लाभुकों को बिरसा हरित ग्राम योजना का मिला लाभ।

इस समारोह में पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कु और साहिबगंज के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

झारखंड हाई कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को दिया निर्देश

सभी सिविल कोर्ट में आरोपितों की पेशी दोपहर दो बजे तक की जाये

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने रजिस्टार जनरल को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी सिविल कोर्ट में गिरफ्तारी के बाद आरोपितों की पेशी (प्रोडक्शन) दोपहर दो बजे की जाए।

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को जमशेदपुर अपर जिला व सत्र न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय के न्यायालय में पेशकार राकेश कुमार पर हुए जानलेवा हमला मामले में सुनवाई हुई। जमशेदपुर डीसी एवं एसएसपी वर्चुअल रूप से कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि घायल पेशकार की स्थिति खतरे से बाहर है।

कोर्ट को बताया गया कि जमशेदपुर में आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेशी शाम 6:30 बजे होती है, जिससे कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इस पर हाई कोर्ट ने सभी सिविल कोर्ट में आरोपितों को कोर्ट में पेश करने का समय दो बजे निर्धारित करते हुए मामले की सुनवाई 11 सितंबर निर्धारित की। कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट के दो सीनियर जज, गृह सचिव, डीजीपी के बीच हाई लेवल रिव्यू कमेटी की बैठक होगी। इसमें राज्य के सभी कोर्ट की सुरक्षा को लेकर बातचीत होगी। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। बीते शनिवार को हुई विशेष सुनवाई में डीजीपी एवं गृह सचिव कोर्ट में हाजिर हुए थे। बीते शुक्रवार को जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे 1 के पेशकार राकेश कुमार पर एक युवक ने हथियार से हमला कर दिया था। इस घटना में राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए पहले एमजीएम और बाद में टीएमएच में भर्ती कराया गया है।



केन्द्र का विरोध **हेमंत सरकार ने किया कोयला क्षेत्र अधिग्रहण बिल का विरोध**

आदिवासी-मूलवासी विरोधी है बिल : विभाग

रांची। राज्य सरकार का मानना है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधित कोयला क्षेत्र अधिग्रहण विधेयक (कोयला धारक क्षेत्र, अधिग्रहण और विकास संशोधन विधेयक, 2023) देश एवं राज्यहित में नहीं है। प्रस्तावित विधेयक के प्रावधानों में कई अनुचित बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों से राज्य को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। यह बदलाव जनभावना के अनुरूप नहीं है। बल्कि यह विकास विरोधी बदलाव हैं, जिसका झारखंडवासियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकारों का होगा हनन होगा। हमारी सरकार राज्यवासियों और जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से जुड़े मुद्दों को उठाती रहती है। लोगों के हक-अधिकार को संरक्षित रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। संशोधित विधेयक के संबंध में झारखंड सरकार ने सोमवार को राज्यहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना पक्ष रखा है।

झारखंड सरकार ने इन बिंदुओं पर विरोध जताया

-केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) संशोधन विधेयक, 2023 की मूल भावनाओं में कई अनुचित बदलाव, झारखंड प्रदेश को होगा भारी नुकसान

-झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकारों का हनन होगा।

-राज्यवासियों और जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से जुड़े मुद्दों को राज्य सरकार उठाती रहती है।

-खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 8 तथा खनिज समनुदान नियमावली, 1960 के नियम-24 (3) के तहत सरकारी कम्पनियों को कोयला खनिज के खनन पट्टा की अवधि निर्धारित है। केन्द्र सरकार के द्वारा खनन पट्टा की अवधि खान का सम्पूर्ण जीवन काल प्रस्तावित है, जो खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम एवं खनिज समनुदान नियमावली के विपरीत है।

-खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 यथा संशोधित 2021 के 05वीं अनुसूची में सरकारी कम्पनियों को कोयला खनिज के खनन पट्टा की स्वीकृति / अवधि विस्तार के मामलों में अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है। प्रस्तावित संशोधन में खनन पट्टा की अवधि खान का सम्पूर्ण जीवन काल होने के कारण सरकारी कम्पनियों को कोयला खनिज के खनन पट्टा की स्वीकृति / अवधि विस्तार के मामलों में राज्य सरकार को अतिरिक्त राशि की प्राप्ति नहीं हो पायेगी।

-कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957 के प्रावधानुसार कोयला खनन एवं खनन अनुषंगिक गतिविधियों के लिए ही सरकारी कम्पनियों हेतु भू-अर्जन का प्रावधान है। अन्य आवश्यकताएं, जैसे की स्थायी आधारभूत संरचना कार्यालय, आवासीय सुविधाओं आदि के लिए एलए एक्ट, 1894 के तहत भू-अर्जन का प्रावधान है। जबकि प्रस्तावित संशोधन के द्वारा मूल अधिनियम के उद्धेश्य प्रस्तावना, लक्ष्य एवं कारणों को कमजोर करते हुए सरकारी कम्पनियों हेतु अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को अनेकों आधारभूत परियोजनाओं हेतु दिया जाना है।

-भारतीय संविधान के 05वें अनुसूची के तहत आदिवासियों एवं मूलवासियों के भूमि को प्रदत्त सुरक्षा एवं अधिकार से वंचित करते हुए सरकारी कम्पनियों के लिए अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को अनेकों आधारभूत परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान प्रस्तावित है।

-कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957 के तहत सरकारी कम्पनियों के लिए अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को आधारभूत परियोजनाओं हेतु उपलब्ध कराए जाने से आदिवासियों/मूलवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर अतिक्रमण होगा।

-मूल अधिनियम की धारा-13 एवं 17 में प्रस्तावित संशोधन से भूमि मालिकों को प्रदत्त अधिकारों का हनन होगा।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव में निडर होकर करें मतदान : के रवि कुमार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। डुमरी विधानसभा उपचुनाव मंगलवार को है। इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर और हर काम छोड़कर मतदान करने अवश्य जाएं। उन्होंने निजी नियोक्ताओं से भी अपील करते हुए कहा है कि मतदान ही हमारे लोकतंत्र का आधार है। ऐसे में अपने शत-प्रतिशत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक गिरिडीह जिले की डुमरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। जिला स्तर और राज्य स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मंगलवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 98 हजार से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। सभी वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक डुमरी में मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में डमी बैलेट पेपर की विशेष व्यवस्था करवाई गई है। इसके अलावा पैर से दिव्यांग मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में व्हीलचेयर की व्यवस्था भी जिला प्रशासन ने करवाई है। सभी पोलिंग बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। उपचुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो, इसे लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट भी सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति कराई गई है। 80 साल से अधिक उम्र और शारीरिक रूप से निःशक्त मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से मतदान की व्यवस्था कराई गई है।

रविकुमार के अनुसार सभी 373 मतदान केंद्रों पर सभी न्यूनतम



जरूरी सुविधाएं भी सुनिश्चित करवायी गयी हैं। कुछ मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछली बार 2019 के विधानसभा चुनाव में इस विधानसभा क्षेत्र में 69.75 प्रतिशत मतदान प्रतिशत रहा था। इसमें अबकी सुधार की उम्मीद है। उन्होंने डुमरी विस क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए मतदान करने जरूर जाएं, ताकि इस बार पहले की अपेक्षा बेहतर मतदान प्रतिशत देखने को मिले।

पर्याप्त संख्या में तैनात होंगे सुरक्षा बल

डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2,98,629 है, जिसमें पुरुष मतदाता 1,54,452 एवं महिला मतदाता 1,44,174 है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में बोकारो जिला अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 1,39,031 है, जिसमें पुरूष मतदाता 71,612 एवं महिला मतदाता 67,419 है।

जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की है। एसपी प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि सीआरपीएफ, झारखंड आर्म्स पुलिस की ईको कंपनी, होमगार्ड, जिला आर्म्स पुलिस फोर्स, झारखंड जगुआर फोर्स को तैनात किया जाएगा।

मतदान कर्मियों की सहूलियत के लिए जिले में कुल 21 क्लस्टर बनाया गया है, जिसमें नावाडीह प्रखंड क्षेत्र में 17 और चंद्रपुरा प्रखंड क्षेत्र में चार शामिल हैं। बोकारो जिला अंतर्गत 174 मतदान केंद्रों के लिए कुल 174 मतदान दल गठित किया गया है। इसके अतिरिक्त 10 फीसदी मतदान कर्मियों को रिजर्व रखा गया है।

मतदान कार्य के सफल संचालन एवं ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा के लिए कुल 29 सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल तीन जोनल पदाधिकारी, दो सुपर जोनल पदाधिकारी भी तैनात किए गए हैं। वहीं, आवश्यकता अनुरूप विभिन्न मतदान केंद्रों पर माइक्रो प्रेक्षक को भी प्रतिनियुक्त किया गया है।

डुमरी विधानसभा क्षेत्र के बोकारो जिला के कुल 174 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी। नावाडीह प्रखंड के 129 एवं चंद्रपुरा प्रखंड के 45 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी। कंट्रोल रूम से सीधे मतदान केंद्रों की निगरानी जिला व निर्वाचन आयोग से की जाएगी। नावाडीह प्रखंड में पांच एवं चंद्रपुरा प्रखंड में तीन मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

एक नजर

झारखंड के प्रथम डीजीपी शिवाजी महान कैरे का निधन

रांची। झारखंड के प्रथम डीजीपी शिवाजी महान कैरे का सोमवार को निधन हो गया। वह 1967 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। कैरे के निधन पर पुलिस मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड पुलिस के सेवानिवृत और वर्तमान आईपीएस अधिकारियों ने उनके साथ बीताए गये समय को सहकर्मियों के साथ साझा किया। उल्लेखनीय है कि 11 जून 1945 को उत्तर प्रदेश में जन्मे कैरे ने गणित विषय के साथ स्नातकोत्तर तक की शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा के कारण वर्ष 1967 में इनका चयन भारतीय पुलिस सेवा में हुआ। उन्हें बिहार कैडर आवंटित किया गया। झारखंड राज्य के स्थापना काल के दौरान इन्हें 12 नवम्बर 2000 को झारखंड राज्य का प्रथम पुलिस डीजीपी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इसके बाद इन्हें महानिदेशक निगरानी के पद पर स्थानांतरित किया गया, जहां से वह नवम्बर 2002 तक कार्यरत रहे। इसके बाद इन्हें महानिदेशक सह महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा बनाया गया। जहां कैरे वर्ष 2004 तक अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। दोबारा इन्हें वर्ष 2004 में झारखंड का डीजीपी एवं पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।

आम सूचना

सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि खास महाल की लीज पुनर्ग्रहित भूमि पर अवैध रूप से की गई अतिक्रमण को मुक्त कराया जाना है।

अतः निदेश दिया जाता है कि सूची के अनुसार अवैध रूप से की गई अतिक्रमण को तीन दिनों के अन्दर मुक्त किया जाय। अन्यथा जिला प्रशासन के द्वारा विधि सम्मत अतिक्रमण हटाने की नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में प्रकाशित संबंधित भूमि की संशोधित सूची जिला के वेबसाईट www.Hazaribagh.nic.in पर एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 306137 (District) 23-24 (D)

निर्वाचन से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर पर करें कार्रवाई : उपायुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वालें बीएलओ और सुपरवाइजर पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। साथ ही निर्वाचन कार्य में रुचि नही लेने वालें बीएलओ और सुपरवाइजर पर प्रपत्र-क गठित कर कार्रवाई की जायेगी। यह सुनिश्चित हो कि बीएलओ और सुपरवाइजर दिए गए निर्वाचन कार्य ससमय पूरा करें।

उपायुक्त सोमवार को समाहरणालय भवन ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष में निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित बीएलओ की ओर से घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य 15 दिनों में पूरा करते हुए हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य पूरा करें।

उन्होंने नए मतदातों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में पांच सुविधाओं का होना अतिआवश्यक हैं। इनमें बिजली, पानी, फर्नीचर, रैंप (दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिक के लिए) और शौचालय शामिल हैं।

उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए जर्जर मतदान केंद्रों एवं जिन पुराने मतदान केंद्रों में परिवर्तन स्थल की आवश्यकता हैं। उसकी सूची बना कर उसे दुरुस्त कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।

उपायुक्त ने बूथ लेबल ऑफिसर एप को 15 दिनों में अपडेट करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही डाटा वेरिफिकेशन अपलोड करते हुए ऑनलाइन इंट्री बढ़ाने को कहा।

इसके अलावा सभी बीएलओ को फार्म जेनरेशन पर ध्यान देते हुए बीएलओ एप पर फार्म जेनरेट करने निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को मतदाता पहचान पत्र में खराब फोटो को बदलने, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को रंगीन फोटो में बदलने का निर्देश दिया गया।

मंत्री ने जन सुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं, दिये निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और अधीनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से जन-समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। जन-सुनवाई कार्यक्रम में मंत्री के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उपस्थित रहे।

जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, गढ़वा, रामगढ़, धनबाद, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, गिरिडीह जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, मुटेशन, बिजली, सड़क निर्माण, खरीदारी जमीन पर अवैध कब्जा जैसी समस्या शामिल थीं।

मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि जन-सुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi - 834004

Letter No – JSRRDA- 1351Ranchi, Dated – 01.09.2023

निविदा रद्द संबंधी सूचना

PR No. 304824 दिनांक–17.08.2023

इस कार्यालय का पत्रांक– JSRRDA-1158 (अनु०) दिनांक 16.08.2023 द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत पथों के अनुरक्षण एवं विशेष मरम्मति कार्य हेतु आमंत्रित NIT No–40/2023–24 अन्तर्गत हजारीबाग जिला के पैकेज संख्या– JH-M-HAZ-01 / 2023-24 की निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०
, रांची

PR 306196 Rural Work Department(23-24)#D

कांग्रेस का राजभवन के समक्ष धरना

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार महंगाई एवं घरेलू गैस की कीमत में मात्र 200 रुपये कम करने के खिलाफ एक दिवसीय धरना आयोजित किया। धरने का आयोजन रांची में राजभवन के समक्ष किया गया।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सौ महीनों की लूट फिर दो सौ की छूट, लगता है भाजपा के कैलेंडर में दस सालों में एक ही बार रक्षाबंधन आता है। उन्होंने कहा कि इस पर भी भाजपा के नेता धन्यवाद का धारावाहिक चला रहे हैं। ये जनता के साथ सरासर नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ साल 500 रुपये का सिलेंडर 1100 में बेचा गया। आम आदमी की कमर तोड़ ली गई। जब इंडिया गठबंधन का डर सताया तो 200 रुपये की कमी कर जनता के साथ एक बार फिर साजिश रचने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि 2013 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय राशन सामग्री और पेट्रोल-डीजल के दाम और वर्तमान केंद्र सरकार के समय आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगभग दोगुनी हो गयी हैं।

हरमू मैदान में दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता छह को

रांची(हि. स.)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति हरमू की ओर से छह सितम्बर को हरमू मैदान में दही-हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी इंद्रजीत यादव ने सोमवार को बताया कि जन्माष्टमी छह सितम्बर को ही मनाई जाएगी। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जीवन दर्शन पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से श्री कृष्ण के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू होगा। दही से भरी हांडी पुरुषों के लिए 20 फीट और महिलाओं के लिए 18 फीट होगी। विजेता गोविंदा की टीम को शील्ड के साथ 51,000 दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में 20 की संख्या में गोविंदा भाग ले सकते हैं। उन्होंने



बताया कि दही-हांडी प्रतियोगिता के बाद रात 10 बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम होगा। छह सितंबर को ही सुबह प्रभातफेरी निकाली जाएगी और स्थानीय लोगों को इसमें भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाएगा। छोटे बच्चों के लिए रैंप शो का भी आयोजन किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ सजा वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतिभागी टीमों को सांत्वना पुरस्कार और शील्ड दी जाएगी।

भाजपा का एक नेशन, एक इलेक्शन लोकतंत्र पर हमला : डॉ मनोज

रांची। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार का एक नेशन, एक इलेक्शन लोकतंत्र और संघीय ढांचे पर हमला है। कुमार ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा आम जनता, किसान, मजदूर, नौजवान और बेरोजगारी के मुद्दे पर बात क्यों नहीं करती। समान शिक्षा की क्यों बात नहीं करती। गरीब किसान, मजदूर पैसा नहीं रहने कर कारण इलाज के अभाव में मर रहे है। भाजपा की केंद्र सरकार किसी मुद्दे पर न गंभीर है न संवेदनशील है।

Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA
VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice
Tender Reference No. DWSD/UNTD/HYDT/15/2023-24 (2nd Call) DT:04.09.2023

Sl. No.	Particular	Details
1	Name of Work	[illegible]
	Group No.	Qty. / Estimated Cost / Earnest Money / Cost of BOQ / Time of Completion
	[illegible]	[illegible]
	[illegible]	[illegible]
2	Date of Tender Uploading in Website	[illegible]
3	Last Date / Time for Submission of Tender Documents	[illegible]
4	Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy)	[illegible]
5	Date of Opening Tender	[illegible]
6	Name & Address of Opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)
7	Name & Address of Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)
8	Contact No. of Procurement Office	[illegible]
9	Helpline No. of e-Procurement Cell	[illegible]

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA.

PR 306165 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

झारखंड हाई कोर्ट का आदेश- सुनवाई के संबंध में मीडिया को गैर जिम्मेदाराना बयान न दें अधिवक्ता

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में फॉरेस्ट लैंड को रैयती लैंड बताकर बेचे जाने की जांच के लिए दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने अधिवक्ता राजीव कुमार को निर्देश दिया है कि वे हाई कोर्ट में होने वाली सुनवाई के संबंध में मीडिया के समक्ष गैर जिम्मेदाराना बयान न दें।

हाई कोर्ट ने कहा है कि चाईबासा मनरेगा घोटाला से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हमने ईडी को जांच नहीं दी, फिर भी मीडिया में यह खबरें प्रकाशित हुई कि हाई कोर्ट ने ईडी को इस मामले की जांच का जिम्मा दिया है। कोर्ट ने कहा कि इसलिए अधिवक्ता इस बात का ध्यान रखें कि मीडिया के सामने लापरवाही वाला बयान नहीं देना चाहिए। पिछले दिनों हाई कोर्ट में चाईबासा जिले में 28 करोड़ के मनरेगा घोटाला की जांच की मांग पर दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी, जिसमें कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह मामले में दर्ज सभी प्राथमिकी की प्रति ईडी को दे। साथ ही कोर्ट ने ईडी को एक माह में इसकी जांच कर पूरी कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 सितंबर को होगी।

नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपित दोषी करार, सजा पर फैसला 12 को

रांची। पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपित सुशांत कुमार उर्फ विपुल को दोषी करार दिया है। अदालत मामले में 12 सितम्बर को सजा सुनायेगी। अदालत ने इस मामले के दो आरोपित अरविंद कुमार और करण को साक्ष्य के अभाव में बरी करते हुए उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है।

संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने बहस की। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। अब हाई कोर्ट के फैसले पर ही कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों का भविष्य टीका हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, सौरभ शेखर, कृष्ण कुमार गुप्ता, पिंकी साव और अमृतांश वत्स ने बहस की।

Office of The Executive Engineer,
Konar Canal Division, Banaso, Hazaribag
E-Tender Reference No.-WRD/KCDivision,Banaso/SBD-01/2022-23(1st Call) Dated.- 08.08.2023

Corrigendum-2
Notice
PR No. : 304445

Now new dates of receipts, submission and opening would be as follows:-

Sl No.	Description	Old Date and Time	New date and Time
1	Start date and time for receipt of bids online	11.08.2023, 11.00 A.M.	11.08.2023, 11.00 A.M.
2	Last Date and time for receipt of bids online	02.09.2023, 5.00 P.M.	22.09.2023, 5.00 P.M.
3	Last date/time of submission of bid security money and tender fee in division	06.09.2023, 5.00 P.M.	27.09.2023, 5.00 P.M.
4	Time and date of opening Technical bid	08.09.2023, 02.00 P.M.	29.09.2023, 02.00 P.M.
Clause No 4(i) Executed in one year the minimum quantities of the following items of (INVITATION FOR BID)			
(a)	PCC/RCC –	[illegible]	[illegible]
(b)	Shotcreting with Weld Wire Mesh –	–	[illegible]
Clause No 4.5 (A)-(i) Executed in any one year the minimum quantities of the following items of work as indicated in Appendix. of (Section I. A. GENERAL)			
(a)	PCC/RCC –	[illegible]	[illegible]
(b)	Shotcreting with Weld Wire Mesh –	–	[illegible]
Clause No 5 Quantities of work are of (APPENDIX to ITB)			
(i)	Earth Work –	[illegible]	[illegible]
(ii)	R/R Boulder Masonry –	[illegible]	[illegible]
(iii)	PCC/RCC –	[illegible]	[illegible]
(iv)	Boulder Pitching –	[illegible]	[illegible]
(v)	Shotcreting with Weld Wire Mesh –	–	[illegible]

All other conditions would be unchanged.

Executive Engineer,
Konar Canal Division, Banaso, Hazaribag

PR 306217 Water Resource(23-24)D

गांव मजबूत होगा तभी राज्य मजबूत होगा : हेमंत सोरेन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची/गोड्डा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज प्रदेश के किसान सीमित संसाधन में मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने देखा कि निम्न बारिश की वजह से बुआई कम हुई है, इसे ध्यान में रखकर सरकार की जो भूमिका होगी, हम उसे किसान हित में जरूर निभाएंगे। आने वाले दिनों में सरकार जल्द ही पाइप लाइन के जरिये किसान के खेतों तक पानी उपलब्ध करायेगी। सरकार प्रयासरत है कि किस प्रकार गंगा नदी का पानी खेतों तक पहुंचे। इस निमित्त राज्य सरकार नई तकनीक के माध्यम से रास्ता निकलने का काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कानून बनाया है कि राज्य में जो भी उद्योग लगेंगे, उसमें राज्य के 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री सोमवार को गोड्डा के सुन्दरपहाड़ी में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास तथा नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। "सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी पदाधिकारी कैम्प लगाकर आमजनों की समस्याओं को सुन रहे हैं। आज राज्य के बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग पेंशन से अछूता नहीं हैं। फ्री कोचिंग के माध्यम से राज्य के बच्चे कोचिंग का लाभ उठा रहे हैं। राज्य के सभी वर्ग के बच्चों को समान शिक्षा मिले, इसपर भी सरकार प्रयासरत है। उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहे हैं। आज आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग के बच्चे विदेश में पढ़ाई कर रहा है। यही नहीं विदेश में पढ़ाई के साथ-साथ वहां नौकरी भी कर रहा है।

हर वर्ग और हर तबके के लिए चल रही कई योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके मान-सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। इन योजनाओं से आप जुड़े और फायदा उठाएं।

कई योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

- ♦ जेपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु गोड्डा जिले के 200 अभ्यर्थियों को डीएमएफटी मद से नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करने की जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना का उद्घाटन किया गया।
- ♦ मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 15947.12 लाख रुपये की लागत वाली 114 योजनाओं की गोड्डा जिले को सौगात दी। इसमें 1499.15 लाख रुपये की 37 योजनाओं का उद्घाटन और 14447.97 लाख रुपये की 77 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, एक हजार दो सौ सत्तानवे लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।
- ♦ मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग द्वारा चन्दना गोड्डा जिलान्तर्गत चन्दना सुन्दरपहाड़ी-अगिया मोड़ पथ, डमरू-दामाकोल फॉल पथ (कुल लंबाई-17.766 किमी) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य का किया शिलान्यास।
- ♦ मुख्यमंत्री ने कल्याण विभाग द्वारा गरीडीह, बरई, कैरासोल, नूनबट्टा में जाहेरस्थान की घेराबंदी कार्य का उद्घाटन किया।
- ♦ गोड्डा जिला के सुन्दरपहाड़ी प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिमलीपाड़ा एवं डुमरपालमपाड़ा में प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन किया।
- ♦ धमनी बाजार, समरी, ईश्वरचक, बक्सरा में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन।
- ♦ मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलन्त ग्राम क्लिनिक के तहत डॉ बिपिन कुमार चौधरी (आयुष चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ कुंदन भट्ट (आयुष चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ मो. वसीम अकरम (आयुष चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ रविन्द्र कुमार महतो (चिकित्सा सहायक), डॉ राहुल कुमार मण्डल (चिकित्सा सहायक) को नियुक्ति पत्र सौंपा।
- ♦ सुन्दरपहाड़ी प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।
- ♦ मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत दुधारू गाय का वितरण किया।
- ♦ मुख्यमंत्री ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को स्वीकृति पत्र सौंपा।

शदीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल आज

सेमीफाइनल में पहुंची एमएफए और सुमित ब्रदर्श की टीम

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में चार सितंबर (सोमवार) को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के चौथे दिन का उद्घाटन मैच एमएमएमसी रातू और सुमित ब्रदर्श के बीच खेला गया। इसमें सुमित ब्रदर्श ने रातू को ट्राइब्रेकर में 5-4 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं अन्य मैच में युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा (ए) ने एमएससी कनभीठा (मांडर) को कड़े संघर्ष में 1-0, द रॉयल स्टॉर कानीजाड़ी ने जेसीसी बेजांग को ट्राइब्रेकर में 5-2, आंनद फैसन वर्ल्ड हूंटार रोड बीजूपाड़ा ने रिमझिम क्लब, बांसजाड़ी को 1-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इसके अलावा दूसरे राउंड में सुमित ब्रदर्श ने रोमांचक मुकाबले में युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा (ए) को 2-0 और द रॉयल स्टॉर कानीजाड़ी ने ट्राइबरेकर में आंनद फैसन वर्ल्ड हूंटार रोड बीजूपाड़ा को 4-2 से हराकर अगले राउंड प्रवेश किया।

वहीं सोमवार को टूर्नामेंट का अंतिम क्वाटर फाइनल में सुमित ब्रदर्श ने रोमांचक मुकाबले में आंनद फैसन वर्ल्ड हूंटार रोड बीजूपाड़ा को 1-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। एमएफए हतिया गोंदा कांके की टीम एक सितंबर को ही सेमीफाइल में पहुंच चुकी है। शनिवार को गोरे व टांगरबसली और रविवार को डीजे ब्रांड मुड़मा व माचो सिटी पुनदाग (रांची) के बीच क्वाटर फाइनल मैच कम रोशनी के कारण स्थगित कर दिया गया था। वह मैच अब पांच सितंबर को क्रमशः सुबह नौ बजे और 10 बजे से होगा। जीतनेवाली टीम सेमीफाइनल में खेलेंगी।

साथ ही पांच सितंबर को दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे। फाइनल मैच का उद्घाटन दिन के दो बजे होगा व उसके बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। फाइनल मैच और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक, मांडर विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि बंधु तिर्की, पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश कांग्रेस, विशिष्ट अतिथि अवधेश ठाकुर (पुलिस इंस्पेक्टर, मांडर), विशिष्ट अतिथि विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी) के अलावा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति के अध्यक्ष मो. शकिब (छोटू), पितरुस खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, वाजिद खान (गोरे), संदीप कुजूर, मो. रकीब, मो. अबदुल, नंदलाल केवट, मोहन खलखो, झुमनू उरांव, तारुफ उरांव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा का एकदिवसीय धरना संपन्न

रांची। राज्य में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार के संबंध में भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने एकदिवसीय धरना राज भवन के सामने दिया। धरना 11:00 बजे प्रारंभ होकर 2:30 बजे समापन हुआ। समापन के पश्चात ज्ञापन महामहिम राज्यपाल झारखंड को दिया गया। राज्य के और जिलों में भी भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकताओं ने धरना देकर ज्ञापन उपायुक्त को दिया। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भारी बरसात में भी कार्यकताओं का जोश गजब था।

तिवारी ने कहा महंगाई आम आदमी को बेजार कर रही है। रोजमर्रा की वस्तुएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। गरीब की थाली से दाल गायब हो रही है। कोई दाल खा लेता है तो उसे सब्जी मयस्सर नहीं होती। कोई चावल खा लेता है तो उसे रोटी मयस्सर नहीं होती। ऐसे बहुत कम लोग हैं तो रोटी-सब्जी और चावल-दाल खा पाने की स्थिति में हैं। ऐसा झारखंड में इसके पहले कभी नहीं था। हमें लगता है कि बढ़ती महंगाई का संबंध भ्रष्टाचार से भी है। सरकारी मशीनरी में जो भ्रष्टाचार है वो तो है ही, अब डीलर और विक्रेता भी मुनाफा के लालच में जमाखोरी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

हम आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं कि आज भी रोजमर्रा की सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। आलू 25 से 35 रुपये प्रति किलो के भाव बिक रहा है तो गोभी 80 रुपये प्रति किलो। अभी हाल तक टमाटर 200 रुपये प्रति किलो बिक रहा था जिसका भाव रांची जैसे शहर में अभी गिर कर 120 रुपये प्रति किलो पर आ गया है। अरहर की दाल 160 रुपये प्रतिकिलो हो गई है तो अन्य दालों की कीमतों में भी जबरदस्त उछाल आया है। हमें लगता है कि ये कीमतें जमाखोरी के कारण बढ़ी हैं। इसे रोकने की सख्त जरूरत है। आम आदमी का जीना मुश्किल हो चुका है। किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है क्योंकि बिचौलिये कमीशन खा जाते हैं। जमाखोर मालामाल हो रहे हैं।

तिवारी ने कहा, झारखंड के कोल्ड स्टोरेज का हाल यह है कि जो झारखंड के स्थानीय किसान हैं, उन्हें अपने उत्पाद कोल्ड स्टोरेज में रखने से मना कर दिया जाता है लेकिन दूसरे राज्यों के किसानों के उत्पाद कोल्ड स्टोरेज में रखे जा रहे हैं। आश्चर्य यह कि इस बाबत बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय किसान बेहद परेशान हो चुके हैं। डीजल पेट्रोल का दाम कम हो जिससे किसानों को फायदा होगा और ट्रांसपोर्टों को जिस चीज सस्ती होगी राज्य सरकार को भी सोचना चाहिए। केंद्र सरकार एक तरफ अपने लोगों को धनवान बनने में लगी है महंगाई से कोई लेना-देना नहीं। दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर बात करने वाले हमारे प्रधानमंत्री जी भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाकर, केवल ई डी और सीबीआई की बातें हो रही हैं दोषी पकड़े नहीं जा रहे हैं। दोषियों को सजा नहीं मिल रही है। राज्य में भ्रष्टाचार निचले स्तर तक है।

हम महामहिम, केंद्र सरकार और राज्य सरकार से प्रार्थना करते हैं कि उक्त बिंदुओं पर राज्य प्रशासन को उचित दिशा-निर्देश देकर हमें कृतार्थ करें ताकि राज्य का आम आदमी कम से कम चैन से दो वक्त की रोटी तो खा सके।

धरना में मुख्य रूप से आशीष शीतल मुंडा महामंत्री, पी एन सिंह उपाध्यक्ष, मनोज सिंह सचिव, अशोक ठाकुर जिला अध्यक्ष, डॉ प्रश्नजीत मुखर्जी, संतोष कुमार पांडे कुंदन पांडे, शिबू पाल, मृत्युंजय पांडे, बिजेंदर उरांव, दीपांकर करमाकर, मुकेश सिंह, राहुल सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, रवि, राम सिंह, राहुल, अविनाश कुमार, आशीष, सत्तार और सादिकश्रीमती शिवानी लता महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष संगीता पोद्दार इनके अलावा बहुत सारे कार्यकताओं ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

एटीएस ने पांडेय गिरोह के एक कुख्यात अपराधी को किया गिरफ्तार

रांची। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी संजय साव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक 7.65 एमएम का पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और एक बोलेरो गाड़ी बरामद की गई है।

झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों के फंडिंग और अपराध से अर्जित की हुई संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में

एटीएस टीम को सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी संजय साव चतरा जिले के धनगड्डा गांव में अपराधी विक्की पासवान के घर में ठहरा हुआ है। सूचना के बाद एटीएस ने उसे वहां से पकड़ा। पूछताछ के क्रम में उसकी निशानदेही पर हजारीबाग के बड़कागांव से जमीन के अंदर गाड़कर रखे हथियार बरामद किए गए। उसने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह पांडेय गिरोह के लिए काम करता है। गिरोह के सरगना की ओर से एक बोलेरो वाहन उपलब्ध करायी गयी थी। संजय के खिलाफ हत्या, रंगदारी, और आर्म्स एक्ट के छह मामले दर्ज हैं।

गुरू नानक स्कूल में ठुमकते नजर आए नन्हे कान्हा

रांची/रामगढ़। जन्माष्टमी का त्यौहार नजदीक है और इसको लेकर हर स्कूल में कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं। सोमवार को रामगढ़ शहर के गुरु नानक पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी के मौके पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दर्जनों नन्हे कान्हा ठुमकते नजर आए। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने माखनचोर की भूमिका अदा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

प्रथम शिव शिष्य साहब हरीन्द्रानन्द की प्रथम पुण्य तिथि पुण्य स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई

नवप्रदेश संवाददाता

राँची। शिव शिष्यता के जनक और इस कालखण्ड के प्रथम शिव शिष्य साहब हरीन्द्रानन्द की प्रथम पुण्य तिथि 04 सितम्बर को शिव शिष्यों द्वारा पुण्य स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई। सोमवार को पुराना विधानसभा मैदान हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति का साक्षी बना। जीवित रहते हुए किंवदंति बन चुके साहब हरीन्द्रानन्द जी ने सामान्य जनमानस को शिव के गुरू स्वरूप से जोड़ने के लिए लगभग आधी सदी से लोगों को प्रेरित किया। समाज को आइना दिखाते हुए उन्होंने बताया की

शिव घर-घर के बाबा है, जैसे चंदा मामा सबके मामा हैं। भगवान शिव से हम सभी सतान, पैसा, परिवार, प्रसिद्धि, ऐश्वर्य मांगते हैं, उनसे ज्ञान कोई नहीं मांगता। वह पंचानन, सदाशिव, दक्षिणामूर्ति विश्व गुरु हैं, उन्हें जगत गुरू कहा

गया है। हमारे शास्त्र अटे पड़े हैं शिव के गुरू स्वरूप की महिमा से।

देश विदेश से लोगों ने वरेण्य गुरुभ्राता के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस में भाग लिया। विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, भूटान, ओमान, दुबई, और अन्य देशों से कई लोग आए। हृदय संबंधी रोग की वजह से पिछले साल 04 सितम्बर 2022 को साहब शिवलीन हुए।

बिहार के सिवान जिले के अमलोरी में साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी का जन्म हुआ था। इनकी कर्मभूमि भी बिहार रही। जीवन के उत्तार्ध में ये झारखण्ड आ गये। वरेण्य गुरुभ्राता हरीन्द्रानन्द जी की व्यापक्ता और प्रसिद्धि वैश्विक स्तर पर रही। देश विदेश सभी जगह के लोग इनके लिए श्रद्धावनत रहते हैं।

वरेण्य गुरुभ्राता की चाहत थी कि समस्त चराचर जगत शिव की शिष्यता ग्रहण करे और उनकी दया के आश्रय में चले ताकि शिव के गुरू स्वरूप की जन-जन में स्थिति से विश्व वाटिका में अध्यात्म अवतरित होकर सहृदयता, समानता और शांति के सुमन खिला देगा और प्रेम के पराग से मानवता सुगंधित हो जाएगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वा० 09 बजे से शिव नाम संकीर्तन एवं जागरण भजन से हुआ। तत्पश्चात्वरेण्य गुरुभ्राता साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में महिलाओं की संख्या अधिक थी।

श्रद्धाजलि सभा में प्रो० रामेश्वर मंडल, श्री हरानन्द, श्री अर्चित आनंद, श्रीमती बरखा आनंद, डॉ० अमित कुमार, श्रीमती अनुनीता आनंद श्री अभिनव आनंद एवं श्रीमती निहारीका आनंद ने अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। इस पुष्पांजलि समारोह में राज्य के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

एक नजर

डूबे छात्र का शव एनडीआरएफ ने किया बरामद

रांची। कांके थाना क्षेत्र के सेंट्रल यूनिवर्सिटी के तालाब में डूबे छात्र आकाश राज तिर्की उर्फ चिंटू का शव एनडीआरएफ ने सोमवार को बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम ने आधे घंटे में छात्र के शव को तालाब से खोज निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम कांके थाना क्षेत्र के कोंगे स्थित जयपुर का रहनेवाला आकाश राज तिर्की उर्फ चिंटू सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास चट्टान की खुदाई के बाद बने कृत्रिम तालाब में डूब गया था। आकाश मोनफोर्ट स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता राजकुमार तिर्की सेना में हैं और फिलहाल हिसार में तैनात हैं। आकाश और उसके दोस्त वैभव टोप्पो और अर्पण मिंज शाम को ट्यूशन पढ़ने की बात कह कर घर से निकले थे। तीनों स्कूटी से मनातू पहुंचे थे। इसके बाद तालाब में तीनों नहाने उतरे थे। इसी दौरान आकाश राज तिर्की गहरे पानी में चला गया और डूब गया था।

लोजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन 10 को

रांची। झारखंड में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) संगठन मजबूती और पार्टी के विस्तार की तैयारी कर रही है। इस सिलसिले में 10 सितम्बर को निवारणपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन की ओर कार्यकर्ता सम्मेलन आहूत किया गया है। रांची जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी ने सोमवार को कहा कि इस सम्मेलन में छह एजेंडा पर चर्चा की जाएगी।

अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा में मनोनयन

रांची : अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री कार्यालय ने एक अधिसूचना जारी कर दिलीप वर्मा को झारखंड प्रदेश की कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सुबोध कुमार को झारखंड प्रदेश का कार्यवाहक प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि 27 मार्च 2022 को प्रदेश समिति एवं रांची जिला समिति का चुनाव कराया गया था 17 महीने बाद नए लोगों को अवसर प्रदान की गयी।

फैशन शो में छात्र-छात्राओं ने बिखेरा जलवा



रांची। मोरहाबादी में क्राफ्ट इंडिया की ओर से आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में लगातार लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है जिसे देखकर आयोजक ने मेला को 8 सितंबर तक बढ़ा दिया है। मेले में लोगों को आकर्षित करने के लिए मेरी आवाज मेरी पहचान और फास्ट कलाकार के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिदिन शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें लीप स्कूल बरियातू के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरला बिरला स्कूल और बॉबी एंटरटेनमेंट के द्वारा मेले में फैशन शो का आयोजन किया गया। युवाओं ने जमकर धमाल मचाया। बॉलीवुड गीतों की जुगलबंदी पर मेले में मौजूद युवाओं ने खूब तालियां बजाई। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। फैशन शो में देसी और विदेशी परिधानों में विद्यार्थियों ने अपना जलवा दिखाया।

जादू से सबको बनाया दीवाना : एम एस भारती ने विभिन्न प्रकार का जादू दिखाया। अपने जादू से सबको दीवाना बना दिया। जादू से बच्चों को खूब आनंद आया। मेले में मौजूद लोगों ने इसके जादू को सराहा। इस मौके पर आनंद जालान, कुमार गहलोत, बुलंद अख्तर, शोएब उर रहमान, रमीज बारी, जमाल अख्तर, जेबा कमर, कविता होरो, गणेश तिर्की, आफताब आलम, सक्षम आदि मौजूद थे।

श्याम मंडल में छह को मनेगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

रांची : अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में 6 सितम्बर 2023 को श्री श्याम मण्डल, रांची के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मोहत्सव अत्यन्त धूम धाम से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को सुचारिपूर्ण ढंग से सजाया जा रहा है, आकर्षक बैलून, रंग बिरंगे विद्युत की लड़ियों से मन्दिर को मनभावन स्वरूप प्रदान किया जा रहा है साथ ही श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियों सजाने के लिए विगत कई दिनों से कारीगर जुटे हुए हैं। मुख्य झांकी में रजत झूले पर लड्डू गोपाल का दिव्य स्वरूप होगा साथ ही रात्रि 9 बजे से संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ होगा। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्म के समय घंटा - घड़ियाल - नगाड़ा व शंख ध्वनि से जन्मोत्सव की बधाई दी जाएगी एवं महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

चेक बाउंस से जुड़े मामले में दोषी को एक साल की कैद

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी रोजलीन बाड़ा की अदालत ने सोमवार को चेक बाउंस से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दोषी मुकेश कुमार को एक साल कैद की सजा सुनाई है। साथ उस पर छह लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि शिकायतकर्ता रितेश कुमार को मिलेगा। शिकायतकर्ता के वकील अनिल कुमार सिंह महाराणा ने बताया कि मुकेश कुमार जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के लोअर हटिया स्थित रिवर व्यू कॉलोनी का रहने वाला है। चेक बाउंस को लेकर सीसीएल में कार्यरत ऑडिटर रितेश कुमार ने 12 मार्च 2020 को मुकदमा किया था। रितेश कुमार ने 20 जनवरी 2019 को अभियुक्त मुकेश कुमार को 4.25 लाख रुपए दोस्ताना कर्ज दिया था। साथ ही उस कर्ज के एवज में 4.25 लाख रुपए का पोस्ट डेटेड चेक लिया गया था, जो 18 नवंबर 2019 को बाउंस कर गया।

डुमरी उपचुनावः स्टैटिक सर्विलांस टीम ने गाड़ी से 1.70 लाख रुपये जब्त की

रांची/बोकारो। डुमरी विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देश पर जिले के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकनाका लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को भी सभी चेकनाकों पर स्टैटिक सर्विलांस टीम द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान टीम ने एक लाख 70 हजार रुपये जब्त किए। वाहन सवार व्यक्ति द्वारा पैसे से संबंधित कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका। इसके बाद टीम से पैसे जब्त कर लिए। इससे पहले भी वाहन जांच के क्रम में टीम को 10 लाख रुपये कैश व 1.40 लाख रुपये कैश बरामद हो चुके हैं। चंदनकियारी प्रखंड के विरसापुल चेकनाका (अमलाबाद ओ.पी.) से वाहन जांच के दौरान प्रतिनियुक्त स्टैटिक सर्विलांस टीम ने (जेएच10 उअ 8588) डैस बोर्ड से एक लाख 70 हजार रुपये बरामद किए। वाहन पर सवार व्यक्ति आदर्श कुमार वर्मा द्वारा राशि से संबंधित कोई दस्तावेज टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद राशि को टीम ने जब्त कर लिया। नोडल पदाधिकारी सह बीडीओ चंदनकियारी अजय कुमार वर्मा ने इस संबंध में बताया कि धनबाद जिले के पाथरडीह निवासी आदर्श कुमार वर्मा के वाहन में विरसापुल चेकनाका से जांच के दौरान टीम को डैस बोर्ड एक लाख 70 हजार रुपये बरामद हुए हैं। राशि से संबंधित कोई दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने के कारण राशि को टीम द्वारा जब्त कर लिया गया है। इस मामले से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो, व्यय प्रेक्षक डुमरी विधानसभा, निवार्ची पदाधिकारी डुमरी विधानसभा को सूचित कर दिया गया है। डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिले के 14 चेकनाकों पर स्टैटिक सर्विलांस टीम वाहनों की सघन जांच कर रही है।

वज्रपात की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

रांची/सिमडेगा। केरसई प्रखंड अंतर्गत टैंसेर पूर्वी पंचायत के ढोढीजोर में सोमवार को वज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो गयी। साथ ही एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार, जयमति देवी, भुखली देवी और वीरसमनी देवी तीनों एक साथ खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आने से जयमती देवी और भुकली देवी की मौके पर ही मौत हो गयी। साथ ही बिरसमनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसे ग्रामीणों की मदद से गोबर का लेप लगाकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही केरसई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

छात्रा को प्रताड़ित कर मारने के आरोपी प्राचार्या और सचिव गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवप्रदेश संवाददाता

एक शिक्षक और एक शिक्षिका अभी भी फरार

रातू। कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू की 10वीं कक्षा की छात्रा को प्रताडित कर मारने के आरोपी प्राचार्या सीमा कुमारी व सचिव अशोक महतो आखिरकार रातू पुलिस की गिरफत में आ ही गए। रातू पुलिस ने फरार प्राचार्या व सचिव को तकनीकी शाखा के सहयोग से उनके बेडो स्थित एक रिश्तेदार के घर से बरामद कर सोमवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि कृषक उच्च विद्यालय गडरी गुडु के तीन छात्राओ के साथ सचिव व अन्य तीन शिक्षको द्वारा मारपीट एवं डांट-फटकार किए जाने से आहत साक्षी कुमारी ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।जिसकी ईलाज के क्रम में 28 अगस्त को मृत्यु हो गई।छात्रा की मृत्यु के बाद ग्रामीणो द्वारा काफी हंगामा किया गया। 28 अगस्त को एनएच 75 तीन घंटे जाम भी किया गया था।मारपीट की घटना के बाद से सभी आरोपी फरार थे। जिनकी गिरफतारी ग्रामीणो की मांग थी।इसके बाद पुलिस द्वारा टीम गठन कर छापामारी अभियान चलाया गया।अंततः पुलिस टीम ने सोमवार को तकनीकी शाखा के सहयोग से सचिव अशोक महतो व प्राचार्या सीमा कुमारी को उनके रिश्तेदार के घर बेड़ो से गिरफ्तार किया गया। दो आरोपी मेलसा स्वेता तिर्की व निरंजन महतो अभी भी फरार है जिनकी गिरफतारी के लिए टीम प्रयासरत है। छापामारी दल में डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, अमरनाथ कुमार सोनी, चमरा मिंज, बलेन्द्र कुमार, पन्ना लाल महतो, अविनाश कुमार, सुजित कुमार, विष्णु कुमार, बलकु महतो, शिव माझी, प्रभात कुमार, किरण कुमारी शामिल थी।

29 स्वर्ण पदक के साथ कराटे चैंपियनशिप में खूंटी जिला ओवर ऑल चैंपियन

खूंटी(हि.स.)। स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में एक से तीन सितंबर तक दुमका में आयोजित झारखंड स्टेट सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप में खूंटी जिले के कराटे खिलाड़ियों कमाल किया है। खिलाड़ियों ने अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराते हुए एक बार फिर 29 स्वर्ण, 12 रजत और 30 कांस्य पदक सहित कुल 71 पदक जीत कर ओवर ऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

एसेसिएशन के अध्यक्ष हेजाज अशदक ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि खूंटी के प्रतिभावान खिलाड़ी निखिल सिंह, चंदन नाग तथा आर्यन प्रमाणिक ने एकल काता, एकल कुमिते तथा टीम काता प्रतिस्पर्धा के तीनों पदक अपने नाम किये, जबकि नीतेश कुमार, रोहित सिन्हा तथा जितेश मुंडा एकल काता तथा एकल कुमिते में दोहरा पदक जीतने में कामयाब रहे। अन्य स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में सुखराम नाग, एडविन टोपनो, समीर भेंगरा, संजीव सांगा, अभिषेक सुरीन, अनंत हस्सा, स्नेहा बारला, एरिसल होरो, करण यादव, सुभाष कुमार तथा मुचिराय मुंडा, इशिता टोपनो, आदर्श वरुण तथा अनुपम टोपनो शामिल हैं।

जिले के कराटे खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हेजाज असदक, महासचिव हरीश कुमार, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी मिश्रा, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, शादाब खान, टीम कोच शीतल टोपनो, बालाजी होरो, प्रशिक्षक संतोष गोस्वामी, मुकेश बोदरा सहित कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मां-बेटे ने मेडल जीत कर बढ़ाया खूंटी का मान

खूंटी। रांची के खेलगांव में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2023 में बिरसा कॉलेज खूंटी के हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रियंका कुमारी ने रजत और उसके नौ वर्षीय पुत्र तेजस आनंद ने स्वर्ण पदक जीतकर खूंटी का मान बढ़ाया। ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना में कक्षा प्रथम के छात्र तेजस आनंद ने प्रतियोगिता के सब जूनियर अंडर 27 किग्रा वर्ग में भाग लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि उसकी मां डॉ प्रियंका कुमारी ने सीनियर अंडर 52 किग्रा में रजत पदक हासिल किया। खूंटी के इतिहास में पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मां-बेटे ने भाग लिया और दोनों पदक प्राप्त कर इतिहास रचा। ताइक्वांडो खेल की दुनिया में खूंटी के मां-बेटे की इस उपलब्धि पर खूंटी जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव गुलाम अब्दुल कादिर, बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्रचार्या जीके किड़ो, खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता सहित सभी प्राध्यापकों, कॉलेज कर्मी और अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हुरहुरी से युवक लापता, पत्नी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के हुरहुरी निवासी सुनील उरांव 29वर्ष पिता स्वः बिगलु उरांव दो सितंबर से लापता है। इस संबंध में युवक की पत्नी रेखा देवी ने सोमवार को रातू थाने में पति के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सुनील उरांव अपनी पत्नी के साथ एक सप्ताह पहले अपना ससुराल राहे गया था। पत्नी एक सितंबर को वापस आ गई लेकिन पति सुनील कुछ काम से अपने ससुराल में ही रुक गया। दो सितंबर की सुबह नौ बजे सुनील अपना घर हुरहुरी के लिए निकला। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी वह अपना घर नही लौटा। परिजनो ने अपने संबंधियो के यहां भी पता कराया लेकिन उसका पता नही चल रहा है। सुनील के लापता होने से पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। सुनील का दो पुत्र संजीत व संदीप उरांव है। रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है।

31 अगस्त से लापता नवीन मिश्रा की अभी तक कोई खबर नही

नवीन मिश्रा को कोई सुराग नही

दुसरी ओर कारोबारी नवीन मिश्रा के लापता होने के पांच दिन बाद भी अभी तक कोई सुराग नही मिला है। रातू पुलिस शक के आधार पर कई जगह छापामारी कर रही है।साथ ही जहां से लापता होने की सुचना है वहां के आसपास में लगी सीसीटीवी भी खंगाल रही है। लेकिन उसका कोई पता नही चल रहा है।वही नवीन मिश्रा के परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। उनके घर परिजनो से भरे हुए है। सभी नवीन को लेकर आशंकित है।

बेड़ो में विधायक ने पदाधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ोः बेड़ो प्रखंड सभागार में सोमवार को विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों के साथ विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें विधायक ने शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सीडीपीओ, कल्याण विभाग, जेएसएल पीएस, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा के बीपीओ,सभी पंचायत सेवक, प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संदर्भ में चर्चा किया। साथ ही पिछले बैठक मे दिये गये टास्क के संबंध में जानकारी लिया। विधायक ने किस योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है और किस योजनाओं को धरातल पर उतारा जाना है ,इस पर भी चर्चा किया। साथ ही पूर्व में दिये गये टास्कों में कितना पर कार्रवाई हुआ और कितने में कार्रवाई नहीं हुआ है। इसका भी जायजा लिया। वहीं बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारियों ने बारी बारी से सरकार द्वारा निर्देशित और अपने द्वारा किए जा रहे योजनाओं का ब्यौरा विस्तार से दिया। विधायक ने सभी विभाग के पदाधिकारियों से सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार अपने कार्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया। वहीं मौके पर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार,प्रमुख विनिता कच्छप,उप प्रमुख मोदस्सीर हक, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह,संजय कच्छप व सोमरा लोहरा समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

कविता

गुरु कर ज्ञान से, युग विज्ञान से, आउर मनुख सम्मान से, आगे बढ़यना, एगो गीत कर माध्यम से गुरु महिमा कर बखान सुनूः-

गुरु ज्ञान सउब ले महान ??

(राग – झुमइर)
गुरु कर महिमा भारी,
पूजोना मोंय चरण पखारी,
गुरु कर महिमा भारी ।
देवयना इसन धन लूटे नी पारयना जन,
जगे सबक हितकारी,
गुरूदेव देवों में नेयारी,
गुरू कर महिमा भारी,
पूजोना मोंय चरण पखारी,
गुरु........................।
निस्वार्थ रहे मन, सोचंय जगे
जन– जन,
गुण ज्ञान देवंय भरी,
पाप पुन्य डहर निहारी,
गुरु कर महिमा भारी,
पूजोना मोंय चरण पखारी,
गुरु........................।
गुरु नी रहले आइझ, ज्ञान बेगर
जाती बाइझ,
जुग में कलजुग भारी,
गुरू हेकंय चेला ले अवतारी,
गुरु कर महिमा भारी,
पूजोना मोंय चरण पखारी,
गुरु........................।
गुरू कर जयकारी
लुर बुद्धि संचारी
जय गुरू तारण हारी,
दया करू होउ असवारी
गुरु कर महिमा भारी ।
पूजोना मोंय चरण पखारी,
गुरु........................।

– डा बुटन महली

लापुंग प्रखंड में शिक्षक दिवस की सारी तैयारियां पूरी, स्कूली छात्र-छात्राएं आज गुरुजनों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे

नवप्रदेश संवाददाता

लापुंग : लापुंग प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों सहित सरकारी विद्यालयों में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी। विद्यालयों में इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सोमवार को विद्यालयों में शिक्षक दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल किया गया। लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुम टोली, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरनाटोली, राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुदगुद सहित विभिन्न विद्यालयों में स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर दिनभर तैयारी में लग रहे। स्कूली छात्र-छात्राएं विभिन्न विद्यालयों में अपने गुरुजनों को सम्मान स्वरूप अलग-अलग तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षकों को सम्मानित करने की भी तैयारी की गई है। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के छात्र-छात्राओं ने भी जोरदार तैयारियां की है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरनाटोली (खटंगा) ककरिया में प्रधान शिक्षिका रूथ बेरनादेत लकड़ा ने छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के संबंध में कई तरह के अलग-अलग दिशा निर्देश दिए। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में प्रधान शिक्षक प्रकाश उरांव, जितेंद्र उरांव तथा सहायक अध्यापक समीउल्लाह हक उर्फ अलीम सर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने मार्ग निर्देशन में कार्यक्रम की सफलता के लिए रिहर्सल कराया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुम टोली में प्रधान शिक्षक रुपेश कुमार पाठक जबकि नव प्राथमिक विद्यालय उनीकेल में उर्मिला कुमारी की देखरेख में कार्यक्रम का तैयारी किया गया। उन्होंने भी बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के रिहर्सल में अपना मार्ग निर्देशन दिया।

बेड़ो में भाजपाइयों की बैठक आज

बेड़ोः मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर बेड़ो के परिसर में भाजपा बेड़ो मंडल और नरकोपी मंडल के सभी पदाधिकारियों की एक बैठक होगी। मौके पर प्रभारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर बैठक में मौजूद रहेंगी। यह जानकारी राजेश साहू ने दी है।

लोजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन 10 को

रांची। झारखंड में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) संगठन मजबूती और पार्टी के विस्तार की तैयारी कर रही है। इस सिलसिले में 10 सितम्बर को निवारणपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन की ओर कार्यकर्ता सम्मेलन आहूत किया गया है। रांची जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी ने सोमवार को कहा कि इस सम्मेलन में छह एजेंडा पर चर्चा की जाएगी।

खूंटी में हुई जोरदार बारिश, सूख रहे बिचड़ों में आई जान



खूंटी(हि.स.)। पिछले आठ दस दिनों की उमस भरी गर्मी और कड़ी धूप ने जहां किसानों के चेहरे पर सिकन ला दी थी, वहीं सितंबर महीना शुरू होते ही जोरदार मानसूनी बारिश ने एक बार फिर किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। सितंबर महीने की दो तारीख को खूंटी जिले में 20 मिलीमीटर और तीन सितंबर को 26.5 मिमी बारिश हुई। चार सिंतबर को लगभग 15 मिली मीटर बारिश होने की उम्मीद कृषि मौसम वैज्ञानिकों ने जताई है। तीन दिनों की बारिश ने खेतों में सूख रहे बिचड़ों में जान ला दी है।

किसान बताते हैं कि यह बारिश धान के अलावा सब्जी, मड़ुआ, उड़द सहित अन्य फसलों के लिए अमृत के समान है। आषाढ़ और दो महीने के सावन में भी भरपूर बारिश नहीं होने के कारण खेतों में बिचड़े सूख रहे थे और किसानों के चेहरे भी मुरझाने लगे थे, लेकिन पिछले तीन दिनों में हुई जोरदार बारिश से किसानों की बांछे खिल गई हैं। किसानों को उम्मीद है कि अब धान के साथ ही अन्य फसलों का उत्पादन बारिश के कारण प्रभावित नहीं होगा।

जिले में 90 फीसदी हुई बारिश

आत्मा के उप परियोजना निदेश अमरेश कुमार ने बताया कि खूंटी जिले में जून महीने में 133.67 मिली मीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य वषार्पात 192.17 है। जुलाई महीने में जिले में 334 मिमी के विरुद्ध 109.38 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अगस्त महीने में 342 मिलीमीटर सामान्य वषार्पात की तुलना में 309.30 मिली मीटर बारिश हुई। । आत्मा के उप परियोजना निदेशक के अनुसार खूंटी जिले में 65 हजार हेक्टेयर खेत में धान की बुआई का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि हाईब्रीड धान की रोपाई 15400 हेक्टेयर और छिंटा विधि से 29600 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। उप निदेश ने किसानों को सलाह दी है कि वे वैज्ञानिक तरीके से खेती करें, ताकि अधिक उपज मिल सके।

खूंटी में पीएलएफआइ उग्रवादी दयाल पूर्ति गिरफ्तार

खूंटी(हि.स.)। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के सक्रिय उग्रवादी और विभिन्न मामलों के वांछित दयाल पूर्ति को पुलिस ने रविवार की रात धर दबोचा। पुलिस विभाग की ओर से सोमवार को बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी दयाल पूर्ति जो मुरहू थाना क्षेत्र के इंदीपीड़ी जीवन टोली का रहने वाला है, अपने दस्ते के सदस्यों के साथ बिंदा साप्ताहिक हाट में व्यापारियों से लेवी की रकम वसूलने आया हुआ है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। टीम द्वारा छापामारी के क्रम में बिंदा जंगल में सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखते ही भागने लगा, पर पुलिस के जवानों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दयाल पूर्ति उर्फ अभिमन पूर्ति पिता विजय पूर्ति इंदीपीड़ी जीवन टोली निवासी बताया। पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि मारंगहादा थाना क्षेत्र के कांडे तुबिद गांव में गत 22 जुलाई को चमरा मुंडा की हत्या में वह शामिल था। उसने बताया कि मुरहू थाना क्षेत्र में पीएलएफआइ उग्रवादी लंबू बोदरा के लिए वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वह लेवी वसूलने आया था। बताया गया कि दयाल पूर्ति के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलएएक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओं के तहत छह मामले दर्ज हैं। दयाल पूर्ति के खिलाफ मुरहू थाने में चार और मारंगहादा थाने में दो मामले दर्ज हैं। पुलिस को काफी समय से उसकी तलाश थी।

एक नजर

मेरा माटी मेरा देश और विजय संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर भाजपा जिला ग्रामीण की बैठक

अनगड़ा। भाजपा अनगड़ा मंडल की बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो की अध्यक्षता में गोंदलीपोखर हुई। बैठक में भाजपा का मेरा माटी मेरा देश और आठ अक्टूबर को विजय संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए योजना तैयार की गई। मुख्य अतिथि खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि आठ अक्टूबर को टाटीसिलवे ईईएफ मैदान में होने वाली विजय संकल्प यात्रा महत्वपूर्ण है, जिसमे गांवो से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। बैठक में भाजपा ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो,भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, दुर्गा महतो, सुनील महतो, राजेंद्र महतो, घनेनाथ महतो, अगमलाल महतो, रामेश्वर महतो, सुरेश महतो, अजय सिंह भोगता, छक्कन महतो, परमेश्वर महतो सुप्रेस महतो, राजेंद्र महतो, हरिहर महतो आदि उपस्थित थे।

ओबर के डुमरटोली में हाथियों ने मचाया तबाही

अनगड़ा। नवागढ़ पंचायत के ओबर डुमरटोली गांव में रविवार की रात में जंगली हाथियों के एक झुंड ने जमकर तबाही मचाया। इस झुंड में तीन हाथी शामिल थे। हाथियों के इस झुंड ने किसान जगरनाथ बेदिया, मनु लोहरा,भीनेश्वर बेदिया, देवचरण बेदिया के खेतों में लगी मकई व धान की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। पिछले कई माह से हाथियों का आतंक आसपास के कई गांवों में जारी है। इधर समाजसेवी सुखदेव लोहरा ने कहा कि वनविभाग हाथियों को क्षेत्र से खदेड़ने के प्रति गंभीरता नही दिखा रहा है। इन्होंने वनविभाग से ओबर गांव में सोलर पैनल व सर्च लाइट वितरण करने की मांग की।

भारतीय वायु सेना का करियर पब्लिसिटी कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रोमांच का किया अनुभव

अनगड़ा। सीआईटी टाटीसिलवे में सोमवार को भारतीय वायु सेना के तत्वाधान में एक दिवसीय करियर पब्लिसिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मौके पर लगाए गए इंडक्शन व्हीकल एग्जिबिशन के माध्यम से रोमांचकारी पलों का अनुभव किया। करियर काउंसलिंग कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर ए प्रकाश ने कहा की युवाओं को भारतीय वायु सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा के लिए प्रेरित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में अधिकारी बनने के लिए परीक्षा की तैयारी से लेकर नौकरी के बाद मिलने वाली सारी सुविधाओं से अवगत कराया। विंग कमांडर प्रकाश ने विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना के सोशल साइट दिशा का निरन्तर अवलोकन करने के लिए कहा। वायु सेना के जहाज सुखोई, मिराज, राफेल, अपाचे चीनूक के प्रोटोटाइप के माध्यम से उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरशद उस्मानी,स्क्वाड्रन लीडर अनुराग अग्रवाल, मिधून पी समद , पार्थ व फ्लाइट लेफ्टिनेंट यशज्योत सिंह, मनीष नाथ, डॉ के पी दत्ता, ओएसडी पी एस शर्मा, प्रो अंकित सिंह व सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व शिक्षक उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया : भारतीय वायु सेना द्वारा इंडक्शन व्हीकल एग्जिबीशन के माध्यम से सेना के अधिकारीयों ने विद्यार्थियों को वायु सेना के उड़ने वाले जहाजो से लेकर फाइटर विमान और अन्य उपकरणों की लाइव जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने फ्लाइंग सिमिलेटर मशीन में बैठकर विमान उड़ाने के रोमांचकारी पल का आनंद लिया।

टाटीसिंगारी के नीरज बेदिया ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

अनगड़ा। टाटीसिंगारी का नीरज बेदिया ने 14वीं नेशनल ताइक्वांडो टुनामेंट में 34 किग्रा वर्ग में सोमवार को गोल्ड जीता। इसके अलावा गोंदलीपोखर की रेणुका मुंडा ने 29 किग्रा वर्ग में ब्रांज जीता। टूनामेंट का आयोजन खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडिमयम में किया गया। टूनामेंट में पूरे देश से 22 राज्यों की टीमें शामिल हुई। कोच संजय मुंडा ने बताया कि इस वर्ष टूनामेंट में दो ही प्रतिभागी शामिल हुए थे। और दोनों ने मेडल जीता। इधर जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा, समाजसेवी शनिचरवा पाहन, कोच संजय मुण्डा, भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने दोनों सफल प्रतिभागी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कैरियर के बारे में दी गई जानकारी

अनगड़ा। उषा मार्टिन विवि अनगड़ा के द्वारा सोमवार को नए सत्र के छात्रों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। पहले दिन सोमवार को नर्सिंग, एग्रीकल्चर, हेल्थ साइंस, फामेर्सी एवं फोरेंसिक साइंस के छात्रों का ओरिएंटेशन किया गया। वही दूसरे दिन एमबीए, बीबीए, बी टेक, मास कम्युनिकेशन, लॉ, इंग्लिश, डिप्लोमा के छात्रों का ओरिएंटेशन किया जाएगा। कार्यक्रम में कुल 600 छात्र शामिल हुए। उदघाटन प्रोचांसलर प्रो एससी गर्ग, कुलपति प्रो मधुलिका कौशिक, रजिस्ट्रार डॉ अनिल कुमार मिश्रा एवं डीन अकादमिक प्रो हिमांशु नारायण ने किया। प्रो एससी गर्ग ने छात्रों को यूनिवर्सिटी के एकेडेमिक उपलब्धियों एवं कार्य प्रणाली से अवगत कराया। प्रो मधुलिका कौशिक ने छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए उन्हें यूनिवर्सिटी द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं जैसे ई-लाइब्रेरी, ओपन रिसोर्सेज आदि का भरपूर लाफ उठाने का आग्रह किया । रजिस्ट्रार डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने छात्रों को कैंपस के अंदर सुरक्षा एवं अनुशासन के नियमों के बारे में बतायाक डीन अकादमिक प्रो. हिमांशु नारायण ने छात्रों को अटेंडेंस रूल्स के बारे में बताया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ जयंतिका पाल ने विश्वविद्यालय द्वारा स्टूडेंट्स के लिए डिजाईन किये गए प्रोग्राम्स की जानकारी दी। इस अवसर पर प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ प्रियंका पल्लवी समेत विभिन्न विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

रांची के राहुल भगत ने अमेजन मिनीटीवी का हिप हॉप इंडिया का इनॉग्रल सीजन जीता!

राहुल भगत को निसान मैग्नाइट गीजा स्पेशलएडिशन से सम्मानित किया गया

रांचीः अमेजॅन मिनीटीवी का सबसे बड़ा डांस रियलिटी शो -हिप हॉप इंडिया का शानदार ग्रैंड फिनाले संपन्न हो चूका है। जिसका रिजल्ट आपके सामने लेकर आ रहे है। इस डांस शो में धुआंदार परफॉर्मन्स देने के बाद जीत का ताज राहुल भगत पर जच रहा है। यह रियलिटी शो एक डांस मैराथन की तरह था। इस शो को डांस मास्टर्स रेमो डिसूजा और बॉलीवुड की जानी मानी डांसर नोरा फतेही द्वारा जज किया गया। इस भव्य ग्रैंड फिनाले में रैपर बादशाह और रफ़्तार ने अपने स्वैग अवतार के साथ मंच की चमक बढ़ा दी। जजेस को इस मंच पर डांस के हुनर में सबसे बेहतरीन और कठिन लड़ाई देखने को मिली। 7 सप्ताह की कड़ी प्रतिस्पर्धा और शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत का पहला हिप हॉप आधारित डांस रियलिटी शो संपन्न हो गया है, जिसमें राहुल भगत हिप हॉप चैंपियन के तौर पर उभरे।इस ट्रॉफी को पाने के लिए राहुल ने दो अन्य फाइनलिस्ट-डॉसिंग क्रू यूजीएच और ऊर्जा से ओतप्रोत जोड़ी दिव्यम और दर्शन को हराया है। इस प्रतिस्पर्धा को जीतकर राहुल अपने घर निसान मैग्नाइट गेजा स्पेशल एडिशन कार और हिप-हॉप इंडिया चैंपियनशिप बेल्ट लेकर जा रहे हैं। राहुल का डांस का ये सफर चौथी कक्षा से ही आरम्भ हो चूका था। लगभग एक दशक से नृत्य कार्यक्रमों में वह दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। अब उनका आगे का लक्ष्य है पुरे झारखंड में हिप-हॉप डांस को बढ़ावा देना। ग्रैंड फिनाले में बॉलीवुड डांसर जो इस शो की जज भी थी रोंगटे खड़े कर देने वाला डांस प्रस्तुत किया। नोरा ने दिलबर को दिल सदके और डिवाइन के मिर्ची गाने पर सभी के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी। साथ ही डांसर, जज रेमो डिसूजा ने भी 3 साल बाद लाइव परफॉरमेंस दिया। इनका साथ देते हुए सेलिब्रिटी जज बादशाह और रफ़्तार ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए मंच पर मानों आग लगा दी।

जनता दरबार में मुख्यमंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

पटना। बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जनता के दरबार में सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता के दरबार कार्यक्रम में सुपौल आई एक महिला ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि उनके शिक्षक पति द्वारा उन्हें और बच्चे को छोड़ दिया गया है। गोपालगंज के एक व्यक्ति ने कहा कि किराएदार ने उनके मकान पर कब्जा कर लिया है। भागलपुर के एक युवक ने निजी जमीन को जबरन रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाए जाने की शिकायत की। भोजपुर के एक युवक ने कहा कि रैयती जमीन उसके पिताजी के नाम से थी जिसका दूसरे व्यक्ति के नाम से म्यूटेशन कर दिया गया है। सहरसा की एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि मेरे पति दिव्यांग हैं, मेरे ससुर की हत्या कर दी गई और दबंगों द्वारा मेरी जमीन को हड़पने को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। समस्तीपुर की एक महिला ने कहा कि मेरे पति की हत्या कर दी गई। मामले में आरोपित के गिरफ्तारी के लिए, लगातार गुहार लगाकर थक गई। जहानाबाद की एक महिला ने कहा कि सास-ससुर द्वारा उसे घर से निकाल दिया गया है। मधेपुरा के एक युवक ने कहा कि उसके मां के नाम से डेढ़ कट्ठा जमीन है जब भी जमीन पर निर्माण कार्य करने का प्रयास करता हूं असामाजिक तत्व रोक लगा देते हैं। अरवल से एक युवक ने कहा कि 2019 से धानुक जाति का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है, जिससे कोई भी फॉर्म भरने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बक्सर जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उसका अपहरण कर जमीन की रजिस्ट्री जबरन करा ली गयी, जिसकी शिकायत करने पर किसी प्रकार की अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बक्सर जिले से ही आए, रिटायर्ड रेलवे अधिकारी ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा उनके मकान को तोड़कर लिया गया है और लाखों की संपत्ति लूट ली गई है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आंधी के साथ तेज बारिश होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड मुख्यालय साहित्य क्षेत्र के कई अन्य गांव में रविवार की रात्रि तेज बारिश के साथ आई जोरदार आंधी के झोका से दर्जनों पेड़ गिरकर धराशाई हो गए वही पेड़ की चपेट में विद्युत प्रवाहित तार के साथ पोल भी टूटकर गिरने से प्रखंड मुख्यालय के सभी मोहल्ले की बिजली पूरी तरह ठप हो गई। बताते चले की विगत एक माह से बारिश नहीं होने के कारण पड़ रही भीषण गर्मी से आम जनों का हाल बेहाल था वही खेतों में लगाए गए धान के बिचड़े पानी के अभाव में झुलस रहे थे वहीं रविवार की रात्रि हुई तेज बारिश से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिलने के साथ ही खेतों में धान के लगे बिछड़े एवं सब्जी की खेती करने वाले किसानों को इस बारिश से बहुत ही फायदे की बात बताई जा रही है. जबकि बारिश के साथ आई तेज आंधी से थाना परिसर में लगे विशाल नीम के पेड़, राजराजेश्वरी प्लस टू विद्यालय के पश्चिमी गेट के पास विशालकाय अशोक वृक्ष सूर्य पूरा कल्याणी पथ पर कई छोटे बड़े पेड़ आंधी की चपेट में आकर गिरने से सूर्यपूरा भलुनिधाम मुख्य पथ के साथ ही सूर्यपुरा कल्याणी मुख्य सड़क घंटों जाम रहा, राजेश्वरी प्लस टू विद्यालय परिसर में लगे विशाल वृक्ष के गिरने से 33 हजार धारा प्रवाहित तार टूटकर गिरने से प्रखंड मुख्यालय का विद्युत आपूर्ति पूरी रात ठप होने के साथ ही स्थानीय पीएचसी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग उर्दू मध्य विद्यालय राजकीय मध्य विद्यालय के साथ ही बलिहार रमई नगर नोनिया टोला खरोच सूर्यपुरा छोटका पोखरा एवं बारी मोहल्ला की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। इस संबंध में विद्युत विभाग के कन्या अभियंता प्रदीप कुमार प्रजापति से पूछे पर बताया कि पेड़ को काटकर हटाने के बाद सूर्य पूरा का विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए कार्य किया जा रहा है संभवत शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

बिहार से गरीबी दूर करने से पहले अमीरी दूर करना जरूरी: घनश्याम राय

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम राय ने कहा है कि बिहार में गरीबी दूर करने से पहले अमीरी खत्म करने की जरूरत है क्योंकि एक तरफ राज्य की बहुत बड़ी आबादी प्रतिदिन तीन रूपए में गुजारा कर रही है हालांकि विहार की औसतन प्रति व्यक्ति आय लगभग 55 रुपए है जिसपर उनकी घर की रोजी -रोटी चलती है वहीं दूसरी तरफ दलालों, कालाबाजारियो तथा भ्रष्ट नौकरशाहो, नेताओं की तूती बोल रही है जिनके यहां पानी की तरह पैसे बहाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ भूख व गरीबी से तंग आकर आत्महत्याओं का समाचार पत्रों में प्रकाशित होता है वहीं दूसरी तरफ बेटी की शादी में मेहमानों की खातिरदारी में करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा दिए जाने का भी समाचार प्रकाशित किया जाता है। भाजपा नेता श्री राय ने कहा कि शासन की बागडोर जिनके हाथों में है उनके चरित्र व सोच में घुन लग गई है। उन्होंने कहा कि आमजनता जहां बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के संसाधनों को नहीं जुटा पा रहे हैं वहीं मुट्ठी भर नेताओं,अफसरों व मंत्रियों की तिजोरी में राज्य का पैसा बंद है। उनका इशारा बिहार में मौजूदा राज्य सरकार के अफसरों पर है। उन्होंने कहा कि इंतहा तो तब हो जाती है जब राज्य के मंत्री व अफसर भ्रष्टाचार में लिप्त के मामले में अपनी गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण कारवाई की संज्ञा देते हैं। भाजपा नेता घनश्याम राय ने कहा कि गगनचुंबी इमारतों और फूटपाथ की जिन्दगी में उपजी आर्थिक विषमता ने जन-मानस में तनाव व असंतोष का भाव पैदा कर दिया है जिससे समाज में वैमनस्य का जहर घुलता जा रहा है। उन्होंने

कहा कि इसी तनाव का चादर फटने का नतीजा है कि राज्य में बढ़ते अपराध, डकैती, हत्याएं, रंगदारी टैक्स की मांग आदि आपराधिक घटनाओं के माध्यम असंतुष्ट समाज का अंग अपने स्वार्थ पूर्ति की दिशा में पहल करने लगे है जिसे हम बिहार के लिए अशुभ संकेत ही मानते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में बेरोजगारी की मार से जोरदार असंतोष व आक्रोश पनपने लगे हैं जो राज्य के लिए खतरे की घंटी है।

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। बिहार सरकार की पहल पर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन की सभागार में आर्थिक हल युवाओं के बल के अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना कोलेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित स्थानीय प्रखंड के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण छात्र-छात्राएं को उक्त योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताने के साथ है इसके लाभ उठाने के लिए प्रचार प्रसार का कार्य किया गया। राजस्व पदाधिकारी दिव्य प्रकाश एवं सांख्यिकी पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त योजना के लिए जिला से आए मास्टर ट्रेनर रंजीत कुमार एवं एक अन्य के द्वारा शिक्षा ऋण प्राप्त करने की योग्यता से संबंधित मुख्य बातों में बिहार राज्य से मान्यता प्राप्त संस्थाओं से 12वीं अथवा समतुल्य पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी बिहार राज्य के मूल निवासी विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा वही आगे बताया कि इस योजना का लाभ बिहार से इंटर अथवा 12वीं उत्तीर्ण युवा जिनकी उम्र अधिकतम 25 साल है ग्रेजुएशन डिग्री या ग्रेजुएट कोर्स कर रहे हैं अथवा जिनकी उम्र अधिकतम 30 साल है पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री कोर्स कर रहे हैं वे सभी बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं वही आगे बताया कि पुरुष आवेदकों को चार प्रतिशत सरल ब्याज की दर से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा वहीं महिलाओं अथवा दिव्यांग या ट्रांसजेंडर आवेदकों को एक प्रतिशत सरल ब्याज की दर से उपलब्ध कराया जाएगा।

बड़गांव में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का शुभारंभ

आरके सिंह को चांदी के मुकुट और 51 किलो के माला से किया गया स्वागत

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। अगिआंव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय सह आरा सांसद राज कुमार सिंह मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन के पश्चात अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन किया। वही समारोह स्थल पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। जहाँ 51 किलो के फूल के माला से मंत्री का स्वागत किया गया। तत्पश्चात करनी सेना के प्रदेश अध्यक्ष रिंकू सिंह मुखिया ने केंद्रीय मंत्री को बुके देकर, अंग वस्त्र व चांदी का मुकुट पहनाकर और अभिनंदन पत्र पढ़ कर उनका अभिनंदन किया। इसके पूर्व स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर केंद्रीय मंत्री समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुग्रह नारायण सिंह व संचालन पत्रकार चंदन मिश्रा ने किया। इस दौरान रिंकू सिंह मुखिया ने मंच से बड़ागांव के किसानों की जो दस हजार बीघा की खेती होती है लेकिन इन किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता है इसको लेकर उन्होंने नहर की क्षमता बढ़ाने की ओर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकृष्ट करवाया। वही अगिआंव से बड़गांव का जो 6 किलोमीटर का सड़क है उसको बनवाने की ओर भी रिंकू सिंह ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट करवाया, साथ ही ट्रांसफॉर्मर लगाने, चिल्हर का एक युवक जो वेंडीलेशन पर है उसकी मदद करने समेत अन्य समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट करवाया। साथ ही रिंकू सिंह ने आशा कर्मियों की मांगों को भी मंत्री के समक्ष रखा। वही केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आपकी जो मांगे है उसको नोट कर लिए है, इसे पूरा करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बड़गांव में खेल मैदान के लिए मंच से ही उपस्थित लोगों से पूछा कि आपके पास जमीन है तो बोलिये, इस पर लोगो ने कहा कि है तो खेल मैदान की स्वीकृति मंत्री ने मंच से ही दे दी, पीएचसी की बात पर भी उन्होंने अपनी सहमति जताई। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जो युवक के युवक बीमार है उसके लिए वह डॉक्टर से खुद बात करेंगे, जो भी सहायता होगा उसको करेंगे। जरूरत पड़ी तो प्रधानमंत्री कोष से भी मदद दिलवाने के लिए पत्र लिखेंगे। कई कंपनियां है जिससे भी मदद मिल सकती है। पानी की समस्या पर कहा कि इसके लिए फंड की आवश्यकता है जिसका बंदोबस्त तो हमने कर लिया था, उसे यहां से पास करवा कर भेजना था। लेकिन नीतीश कुमार जी चुपचाप बैठे रहे जबकि उनको कुछ करना नहीं था सिर्फ पास करके भेजना था। जिसके बाद सारा नहर चौड़ीकरण हो जाता और नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंच जाता है। ट्रांसफॉर्मर लगवाने पर कहा कि जितनी भी जरूरत है ट्रांसफॉर्मर लगवाने की समझिये ये मेरे हाथ का है।

जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ तथा जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हाटे बाजार-नीतीशे कुमार जनसम्पर्क अभियान किया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। जिला पश्चिमी चम्पारण बेतिया में जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ तथा जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जिलास्तरीय प्रशिक्षण सह संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य अतिथि जदयू के विधान पार्षद ललन सर्राफ के नेतृत्व में बेतिया के मुख्य बाजार में चला हाटे बाजार-नीतीशे कुमार जनसम्पर्क अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर विधान पार्षद ललन सर्राफ ने कहा कि बहुत जल्द पूरा देश जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया बोलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की धुरी बनकर उभरे हैं। उन्हीं की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है कि इंडिया गठबंधन ने आकार लिया। उन्होंने जिस भाजपा-मुक्त भारत का संकल्प लिया है, हम उसे 2024 में पूरा करके दिखाएंगे। उन्होंने आगे भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि आज एक ओर सच बोलने वालों के पीछे ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स लगा दिया जाता है तो दूसरी ओर 70 हजार करोड़ का घोटाला करने वाला भाजपा की वाशिंग मशीन में जाकर बेदाग हो जाता है। आज हमारा देश खतरे में है। हमारे इतिहास को बदलने की साजिश की जा रही है। अगर देश में लोकतंत्र को फिर स्थापित करना है तो हमें सजग रहना होगा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश गांव-गांव और जन-जन तक पहुँचाना होगा और 2024 में लाल किले पर नीतीश कुमार द्वारा झंडा फहराने का सौभाग्य प्राप्त होगा।वही उन्होंने नीतीश कुमार के कार्यो तथा योजनाओं के विस्तृत जानकारी दी। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमरदीप ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हमारी गंगा-जमुनी तहजीब को खत्म करने पर तुली है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग चरम पर है और लोकतंत्र की आत्मा कराह रही है। हमें 2024 में हर हाल में इस सरकार को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए जरूरी है कि बदलते समय के अनुरूप हम अपने विचारों को सोशल मीडिया के तकनीक की ताकत दें।वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की एकमात्र चिन्ता अपने चहेते उद्योगपतियों की तिजोरी भरना और अपने साम्प्रदायिक एजेंडे को लागू करना है। इस बार जनता इन जुमलेबाजों को सबक सिखाएगी। 2024 में हम बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतेंगे। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मुकेश जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 18 वर्षों के कार्यकाल में बिहार को नई ऊँचाई प्रदान की है और राज्य के गौरव को बढ़ाया है।

तीन माह से वेतन भुगतान नहीं होने पर शिक्षकेत्तर कर्मियों में नाराजगी, आंदोलन के मूड में

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। जून से लेकर अगस्त 2023 का वेतन भुगतान अब तक नहीं होने नाराज एएस कालेज के कर्मी अब आंदोलन के मूड में हैं। ज्ञातव्य हो तीन माह से कर्मियों को वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। कई कर्मी इस अवधि में कर्जदारों से कर्ज लेकर किसी तरह से परिवार का पोषण कर रहे हैं। यह स्थिति राज भवन और बिहार के शिक्षा मंत्रालय के बीच अपनी अपनी शक्तियों को लेकर उत्पन्न विवाद के कारण उत्पन्न हुई है। बिहार शिक्षा विभाग के विशेष सचिव के के पाठक साहब ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के कुलपति और कुलसचिव का वित्तीय अधिकार सीज कर दिया। उसके बाद महामहिम राज्यपाल ने उनके पत्र को रद्द करते हुए हिदायत दी कि आप राजभवन की शक्तियों में अतिक्रमण न करें। इसके बावजूद भी वे नहीं माने और अपनी जिद पर अड़े रहे। वेतन की राशि विश्वविद्यालय के पीएल खाते में आ चुकी है। सभी कॉलेज से तीन माह का वेतन विपत्र भी मांग लिया गया है। इसके बावजूद आज तक वेतन भुगतान नहीं हुआ। माननीय कुलपति इस पशोपेश में हैं कि राज्य सरकार का आदेश माने या महामहिम का। राज्य सरकार का कहना है कि सरकार जब 7 विश्विद्यालय को हजारों करोड़ हर साल देती है तो उसे कार्रवाई का अधिकार क्यों और कैसे नहीं है ? शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा प्रक्षेत्र के सचिव अक्षय कुमार प्यारे ने बताया कि दो महकमे की लड़ाई में कर्मी पीस रहे हैं। कहते है कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार का प्रयास सराहनीय है। लेकिन इसकी आड़ में और मूँछों की लड़ाई में कर्मियों का वेतन भुगतान प्रभावित होना सही नहीं है। कर्मियों का परिवार वेतन पर निर्भर है। बच्चों का स्कूल फीस, रोजमर्रा का भोजन, जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय इलाज आज कैसे बंद हो सकता है। विगत तीन माह में कई ऐसे त्योहार आए। लेकिन वेतन भुगतान नहीं होने के कर्मियों किसी तरह कर्ज आदि लेकर अपना काम चलाया। कर्जदारों ने भी अब कर्ज देना बंद कर दिया है। दुकानदार भी उधार देने को अब तैयार नहीं हैं। कई कर्मियों ने अपने वेतन के आधार पर बैंकों से लोन लिया है जिसका किस्त जमा नहीं के कारण बैंक में सूद की राशि बढ़ते जा रही है। यह एक अलग तरह की समस्या से कर्मी जुझ रहे।

वन नेशन वन इलेक्शन को सही नीयत से करें और एक ट्रांजेशन का फेज हो, सबको उस व्यवस्था में आने का समुचित समय मिले: प्रशांत किशोर

नवप्रदेश प्रतिनिधि मुजफ्फरपुर। जन सुराज पदयात्रा शिविर में प्रशांत किशोर ने वन नेशन वन इलेक्शन पर कहा कि अगर इसे सही नीयत से किया जाएगा और एक ट्रांजेशन का फेज हो 4 से 5 साल का, ताकि सबको उस व्यवस्था में आने का समुचित समय मिले तो ये देश के हित में है। ऐसा इसलिए क्योंकि पूर्व में देश में 17-18 सालों तक लागू था। दूसरा, भारत जैसे बड़े देश में, जहां मैं खुद इलेक्शन से जुड़ा रहा हूं, हर साल 25 फीसदी भारत का हिस्सा करीब-करीब वोट करता है। ऐसे में पूरे समय सरकार चलाने वाले लोग कभी यहां इलेक्शन तो कभी वहां इलेक्शन कराने के चक्कर में फंसे रहते हैं। अगर, इसको एक बार या दो बार में किया जाय, तो ज्यादा बेहतर होगा। इससे खर्च भी बचेगा और जवाबदेही भी तय होगी। जनता को एक बार ही निर्णय लेना होगा। चूंकि ये व्यवस्था साल 1967 के बाद से करीब-करीब 50 वर्षों से बन गई है। इसको ओवरनाइट ट्रांजेशन करेंगे, तो उसमें दिक्कत आ सकती है। अभी सरकार शायद बिल ला रही है, बिल को आने दीजिए। अगर, सरकार की नीयत सही में ठीक है, तो इस चीज को होना चाहिए, होने से देश को फायदा है। इलेक्शन रोज न होकर अगर एक बार या दो बार होंगे तो उससे देश का आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक फायदा है: प्रशांत किशोर मुजफ्फरपुर शहर में पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि लेकिन, मैं इसमें कोश्चन जरूर डालूंगा। मान लीजिए कि आप आतंकवाद निरोधक कोई कानून लाते हैं, तो कानून लाना तो अच्छी बात है। आतंकवाद रुकना चाहिए, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन, आप उस कानून का इस्तेमाल किसी वर्ग विशेष या समाज विशेष को प्रताड़ित करने के लिए करते हैं, तो ये जस्टिफाइड नहीं है। किस नीयत से सरकार ला रही है, कितनी ईमानदारी से इसे लागू करती है इस पर निर्भर करता है। मूलतः इलेक्शन रोज न होकर अगर एक बार या दो बार होगा तो उससे देश का आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक फायदा है।

शिव शिष्य परिवार द्वारा कालखंड के प्रथम शिव शिष्य हरिंद्रानंद का प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि प्रखंड। मुख्यालय स्थित राजा साहब के जोड़ा मंदिर में सोमवार को प्रखंड के शिव शिष्य परिवार के द्वारा कालखंड के प्रथम शिव शिष्य हरिद्रानंद जी के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर शिव परिचर्चा एवं संकीर्तन के साथ स्मृति शेष हरिद्रानंद जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की गई। शिव शिष्य परिवार के भजन करता सुनील सिंह ने बताया कि शिव गुरु परिचर्चा के संस्थापक सह कालखंड के प्रथम शिव शिष्य की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर शिव शिष्य परिवार सूर्यपुरा के सदस्यों के द्वारा शिव परिचर्चा के साथ ही संकीर्तन का आयोजन कर परिचर्चा में शामिल सैकड़ो शिव शिष्यों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित का उन्हें श्रद्धा से याद किया मौके पर शिष्य परिवार के गिरधारी सिंह संजय सिंह छोटू कुमार श्याम जी टेलर केदार शर्मा सहित प्रखंड क्षेत्र के अनेकों गांव के सैकड़ो शिव शिष्य शामिल थे।

एक नजर

डॉक्टर जयप्रकाश सिंह के माता के श्रद्धांजली सभा में उमड़ी लोगों की भीड़



नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। के प्रतिष्ठित चिकित्सक और शंकर हॉस्पिटल के संचालक जय प्रकाश सिंह के माता संवारी देवी की श्रद्धांजली सभा का आयोजन सोमवार को किया गया। इस दौरान बिहार सरकार के अल्पसंख्क कल्याण मंत्री जमा खान, जदयू नेता आलोक सिंह ने तैल्य चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की। कहा कि एक शिक्षिका के तौर पर उन्होंने समाज के मार्गदर्शन करने का काम किया। प्रतिष्ठित मेडिकल सेवा के माध्यम से समाज की सेवा बखूबी कर रहे हैं। मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, डॉ संजय सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, नवीन नटराज, रामजी शर्मा, डॉ अमिताभ सिंह, डॉ अभिषेक आनंद, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश कुमार पाठक, डेहरी प्रेस क्लब के संयोजक उपेंद्र मिश्र, महासचिव मदन कुमार, विकास चंदन, जय प्रकाश मौर्य, राघवेंद्र सिंह सहित शहर के प्रतिष्ठित शख्सियत मौजूद थे।

सुबह टहलने के क्रम में अपराधियों ने की भाजपा अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष की निर्मम हत्या

नवप्रदेश प्रतिनिधि पश्चिमी चम्पारण। मुफ्फसिल थानांतर्गत बेतिया अरेराज पथ, बरवत, गोड़वा टोला निवासी भाजपा नेता की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि घटना उस वक्त हुई जब बीजेपी नेता आज सुबह अपने एक दोस्त के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे इसी दौरान घर से 200 मीटर के समीप पूर्व से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने चाकू से दोनों पर हमला कर दिया, जिसमें भाजपा अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष सोनू कुमार गोड़ 32 वर्ष, पिता बृज किशोर साह की मौत हो गई तथा दूसरा कार्यकर्ता सुजीत कुमार 28 वर्ष, पिता सुरेन्द्र साह गम्भीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा के बाद आनन फानन में स्थानीय लोग दोनों को जीएमसीएच अस्पताल लेकर पहुंचे। तब तक भाजपा अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष सोनू कुमार गोड़ की मौत हो चुकी थी। वही दूसरा गम्भीरवस्था में घायल सुजीत कुमार इलाजरत है। इसी दौरान सूचना मिलने पर नगर निगम उपमेयर प्रतिनिधि रमण कुमार गुप्ता ने अस्पताल पहुंच कर स्थिति से अवगत हुए तथा घायल सुजीत कुमार को ढाढ़स बंधाया एवं प्रशासन से अग्रतर कार्रवाई की माँग की। वहाँ उपस्थित भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता राहुल कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि जब से सरकार बदली है तब से अपराधी बेलगाम हो गये है और जंगल राज शुरू हो गया। प्रशासन से निवेदन किया जाता है कि अगर जल्द से जल्द अपराधी गिरफ्तार नहीं होते है तो जन आंदोलन किया जायेगा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि एक की मौत हो गई है, एक घायल का इलाज चल रहा है। मामले की जाँच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

मोटरसाइकिल के डिक्की में रखा पटाखा फटा

नवप्रदेश प्रतिनिधि पश्चिमी चम्पारण। साठी थानांतर्गत दिनांक 4 सितंबर 2023, समय करीब 11:00 बजे एक अज्ञात व्यक्ति अपने मोटरसाइकिल के डिक्की में कथित रूप से सुअर भगाने वाला पटाखा जैसा पदार्थ लेकर चनपटिया के तरफ से साठी की तरफ आ रहा था। इसी क्रम में साठी थाना अंतर्गत ग्राम वृंदावन में बगीचे के पास मुख्य सड़क पर चलती मोटरसाइकिल के डिक्की में रखे पटाखे के फट जाने से डिक्की के ढक्कन का कुछ हिस्सा फट कर तितर-बितर हो गया। मोटरसाइकिल चालक अपनी मोटरसाइकिल लेकर वहां से फरार हो गया। ऐसी संभावना है कि मोटरसाइकिल चालक भी जख्मी हुए होंगे। वही पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रेसविज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई कि वीडियो फुटेज तथा अन्य स्त्रोतों से मोटरसाइकिल एवं मोटरसाइकिल चालक की पहचान की जा रही है।इसमें किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की सुचना प्राप्त नहीं हुई है। अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। स्थिति सामान्य है।

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की हुई बैठक



नवप्रदेश प्रतिनिधि नौतन। प्रखंड के दक्षिण तेल्हुआ पंचायत के बरियारपुर गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की बैठक की गई बैठक में बताया गया महंगाई बेरोजगारी संविधान सुरक्षा सांप्रदायिकता भ्रष्टाचार मनरेगा गरीब प्रचाधारियों को भूमि पर कब्जा भूमिहीन बासगीत भूमि आदि समस्या को लेकर बैठक में रखी गई। मार्क्सवादी पार्टी 9 सितंबर 2023 को 12:00 बजे दिन में नौतन प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे केंद्र सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों एवं पूंजीवादी शासन व्यवस्था के कारण पूरे देश का किसान मधुर छात्र नौजवान सहित आम अवाम बड़ी विषम परिस्थितियों का सामना कर रही है एक तरफ जहां कमर तोड़ महंगाई एवं बेरोजगारी से बुरी तरह ग्रस्त है उसे उखाड़ फेंकने के लिए विशाल धरना प्रदर्शन करेगी ताकि जनता इस कहर से बच सके। बैठक में ग्रामीण सहित प्रकाश कुमार वर्मा अवधेश साह योगेंद्र साहू विजय कुमार साह परदेसी कुमार साह जगदीश सिंह त्रिलोकी राय आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव को दी गई श्रद्धांजलि



नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली। सोमवार को माले कार्यालय संझौली व गोडारी में आईपीएफ के राष्ट्रीय महासचिव, भाकपा माले के राज्य कमेटी कार्यकारणी सदस्य, माले कंट्रोल कमीशन के पूर्व सदस्य व केंद्रीय कमेटी की पूर्व सदस्य रहे, कॉ राजाराम राम को माले कार्यकताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। विधायक प्रतिनिधि कॉ अनुग्रह नारायण सिंह ने बताया कि माले के वरिष्ठ योद्धा राजा राम ने 74 वर्ष की उम्र में एक सितंबर शुक्रवार को अचानक उपचार के दौरान अंतिम सांस लिया. श्री राम लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

राजद नेता के घर पर गोलीबारी बाल बाल बच्चे

नवप्रदेश प्रतिनिधि नोखा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के हथिनी गांव में रविवार की रात्रि में रजद नेता आशुतोष सिंह के घर पर गोलीबारी की गई। जहां पर राजद नेता आशुतोष सिंह और उनकी पत्नी छुप करके जान बचाई। इसकी सूचना स्थानीय नोखा थाना और डीएसपी को आशुतोस सिह ने दी। मौके पर नोखा थानाध्यक्ष उमेश कुमार घटना पर पहुंचकर के मामले की जांच में लग गए। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि घटना स्थल से 10 खोखा बरामद किया गया। रजद नेता आसुतोष सिह ने थानाध्यक्ष को जानकारी देते हुए बताया कि मेरी दुश्मनी किसी से नहीं है और ना मुझे कभी धमकी मिली है। किन लोगों ने मेरे ऊपर हमला किया यह पता नहीं। इनमें अज्ञात लोगों पर प्राथमिक की दर्ज करने के लिए कहा है। इसमे तीन अपराधी मुंह पर कपड़ा बांध कर आए और बाइक से आकर के गोलीबारी कर भाग निकले। एसपी विनीत कुमार ने बताया कि सो घटना स्थल पर पहुंचकर रात्रि में मामले की जांच थानाध्यक्ष ने की और पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

संपादकीय

अमृतकाल में शिक्षा-शिक्षक

हम इस साल अपने देश के स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। इन 75 वर्षों में भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में काफी उन्नति की है। आज विकास के मॉडल की भी बात हो रही है, लेकिन हमें यह ध्यान रखना होगा कि भारत आबादी के हिसाब से दुनिया का पहला सबसे बड़ा देश है। इस मानवीय संसाधन का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए ज्ञान व कौशल विकास के क्षेत्र में भारी निवेश करने की जरूरत है। इसके साथ ही साथ शिक्षा को लाभ का व्यवसाय बनने की बजाय एक विजन से संचालित करने की जरूरत है, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मात्र कुछ संस्थाओं और केंद्रीकृत सुविधा वाले स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का एकाधिकार बनकर न रह जाए, क्योंकि ऐसी स्थिति में हम स्थानीय और वैश्विक बाजार में सस्ते श्रम का केंद्र बनकर रह जाएंगे। अपने नागरिकों के लिए उन अवसरों तक पहुंच को सीमित कर देंगे जो ज्यादा देश-विदेश के अवसरों में ज्यादा बड़ी भागीदारी के माध्यम से भारत के पक्ष में आर्थिक हितों को मजबूत बनाने की असीम संभावनाओं को साकार कर सकती है। भारत की विविधता को ध्यान में रखते हुए विदेश का कोई भी मॉडल यहां पर पूरे तरीके से फिट नहीं होगा। ऐसे में जरूरत है कि हम भारत के बारे में भारतीय व दक्षिण एशिया के परिदृश्य को ध्यान में रखकर सोचने व समाधान विकसित करने की कोशिशों पर ज्यादा ध्यान दें। भारत के छात्र-छात्राओं की प्रतिस्पर्धा वैश्विक बाजार में चीन, अमेरिका व अन्य देशों के छात्र-छात्राओं के साथ भी है, इसे ध्यान में रखते हुए दीर्घकाल की योजना पर काम करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया को चार वर्षीय पाठ्यक्रम के माध्यम से सुगम बनाने जा रही है। इसके साथ ही साथ विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए भी भारत में उच्च शिक्षा में मौजूद अपार संभावनाओं का रास्ता खोलने की दिशा में प्रयासरत है। लेकिन इसके साथ ही साथ हमें अपने देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों व राज्य सरकारों द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों को सीधे प्रतिस्पर्धा के लिए छोड़ देने और स्व-वित्त पोषित कोर्सेज के माध्यम से अपना खर्चा चलाने व आत्मनिर्भरता के अत्यधिक बोझ से दबने वाली स्थिति से सुरक्षित माहौल देने की जरूरत है। देश के नागरिकों में निवेश देश के भविष्य में निवेश है। लोन के माध्यम से उच्च शिक्षा का जो सिलसिला चला है, वह दूर तक जायेगा, इसके कुछ अच्छे परिणाम हैं तो छात्र-छात्राओं के ऊपर इस लोन को चुकाने का एक दबाव भी होता है। इस प्रक्रिया को सुगम बनाने और उच्च शिक्षा वाले लोन पर ब्याज दर को भी न्यूनतम रखने की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारत की प्राथमिक शिक्षा को मजबूती देने के लिए वर्षों के इंतजार के बाद पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को विद्यालय पूर्व तैयारी से जोड़ने की सक्रिय कोशिश हो रही है। भविष्य में नर्सरी ट्रेनिंग कोर्सेज करने वाले अभ्यर्थियों को मौका देने की जरूरत है ताकि रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो। ऐसे अवसर स्थायी नियुक्ति के स्वरूप में मिलने चाहिए न कि ऐसे रूप में जो शिक्षकों की मौजूदा स्थिति को कमजोर बनाने वाले हों। पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेशनव डेवेलपमेंट को मिशन मोड में संचालित करने और विभिन्न विषयों में उच्च स्तर के क्षमतावर्धन और स्थानीय समस्याओं का समाधान करने के लिए एक्शन रिसर्च की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है। इसके माध्यम से स्थानीय स्तर की चुनौतियों को पहचानने और उनका समाधान खोजने की दिशा में होने वाले प्रयासों को गति मिलेगी। आदिवासी अंचल में शिक्षा के लिए स्थानीय भाषा को आधार बनाने और शिक्षा के माध्यम की भाषा में बच्चों को पारंगत बनाने के लिए होने वाले प्रयासों को मूर्त रूप देने की जरूरत है।

सामयिकी

वही बेगाने चेहरे हैं, जहां जाएं-जिधर जाएं

सुधीर मिश्र

मुनव्वर राना ने लिखा है-
किसी के जख्म पर चाहत से पट्टी कौन बांधेगा
अगर बहनें नहीं होंगी तो राखी कौन बांधेगा

भाई-बहन के प्यार का त्योहार है रक्षा बंधन। सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह की फोटो, गाने और कविताओं के जरिए अपने-अपने भाई और बहन के प्रति प्रेम उड़ेल रहे थे। देखकर दिल बाग-बाग हो गया कि कितना प्यार है आपस में। तभी 2005 में हुए एक कानूनी बदलाव की याद आई कि पैतृक संपत्ति में भाइयों के साथ-साथ बहनों का भी बराबर का हक होगा। सोचा कॉमन सिविल कोड की बात तो चल ही रही है। चलो देखते हैं कि लोग बेटी-बहनों के हक से जुड़े मौजूदा कानून के बारे में क्या राय रखते हैं? एक सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर लिख दिया कि सभी भाई तय करें कि पैतृक संपत्ति में बहन को उसका हिस्सा देंगे। उसके बाद एक हैशटैग लगा दिया रक्षा बंधन। लिखकर अपन तो उसे भूलकर लग गए कामकाज में। घंटे भर बाद दोबारा पोस्ट पर नजर पड़ी तो दंग रह गया। पोस्ट पर महाभारत छिड़ी हुई थी। पहला कमेंट एक बहन का आया- ब्रिलियंट रक्षा बंधन पोस्ट एवर। एक दूसरी वीरांगना का संदेश आया- वो क्यों देंगे, कानूनन हक है, भाई तय करें कि हकमारी नहीं करेंगे। तभी एक वकील साहब का कमेंट आया- आप, नैतिकता बनाम विधि के मसले को बेवजह हवा दे रहे हैं। पाश्चात्य मॉडल को प्रोपेगेट करना सही है क्या? तब तक एक और भाई का तिलमिलाया हुआ कमेंट आया- फिर बात केवल प्रॉपर्टी तक नहीं रहेगी। बहनें भी तय करें कि माता-पिता की सेवा की जिम्मेदारी भी बेटे की तरह की साझा करेंगी। सैकड़ों कमेंट आ रहे थे। सबको साथ-साथ पढ़ना और जवाब देना भी मुश्किल हो रहा था। बड़ी संख्या में एनआरआई और रिटायर्ड लोग भी हमलावर थे। मेरी पोस्ट के खिलाफ नहीं, बल्कि पोस्ट पर आ रहे कमेंट में एक-दूसरे पर। एक मित्र ने कमेंट किया, यह मसला सिर्फ भाइयों के फैसले भर का नहीं। बहनों को भी तय करना होगा कि ननद को मिलने वाले हिस्से में कांय-कांय नहीं करेंगी। एक बुजुर्ग माता जी उनसे नाराज हो गईं। उन्होंने जवाब दिया- यह क्या नया टंटा छेड़ दिया है? भाई लोग तो यही मानते हैं कि बहन की शादी पर जो खर्च कर दिया गया, वही उसकी पैतृक संपत्ति का हिस्सा था। तभी एक राणा साहब का व्यंग्य भरा नजरिया आया- इस रक्षा बंधन पर अपने भाई को बताएं कि पांच सौ या पांच हजार नहीं, बल्कि संपत्ति में अपना उचित हिस्सा चाहिए और फिर पूरी तरह से प्रोटेक्टिव भाई की सुरक्षा देने की अवधारणा को छूमंतर होते देखिए। इस बीच एक मुस्लिम भाई ने इस्लाम की तारीफ करते हुए कहा- उनके यहां पैतृक संपत्ति में बेटे के दो और बेटी का एक हिस्सा होता है और उनके खानदान में हमेशा इस नियम को फॉलो किया जाता है। तभी एक मुस्लिम बहन ने उन्हें काउंटर किया- लेकिन अविवाहित पुत्री का बराबर का हिस्सा होता है। उन्हीं की बिरादरी के तीसरे भाई का कमेंट आया- मां-बाप को जीते जी ही अपनी संपत्ति से बेटी का हिस्सा दे देना चाहिए और भाइयों पर यह फैसला लेने की गुंजाइश ही नहीं छोड़नी चाहिए। इस बीच एक दुखी पुरुष का कमेंट आया- बेटे पर अपनी पत्नी, बच्चों और माता-पिता सबकी जिम्मेदारी होती है। उनसे जूझते हुए वह कलेजा भी निकाल कर रख दे तो बहन-बहनोई के आडंबरपूर्ण प्यार का दिखावा नहीं कर सकता। यह हाल देखकर समझ आने लगा कि कॉमन सिविल कोड को लागू करना कितना मुश्किल काम होगा। अभी एक मौजूदा कानून को स्वीकार करने में एक बेहद प्यारे रिश्ते से जुड़े लोगों के बीच ही कितना टकराव है। बहरहाल संपत्ति पर हक को लेकर सोशल मीडिया पर दिखी इस जंग पर साहिर लुधियानवी का यह शेर और बात खत्म कि-
कोई तो ऐसा घर होता जहां से प्यार मिल जाता।
वही बेगाने चेहरे हैं, जहां जाएं जिधर जाएं।।

जी-20. खनन प्रभावित क्षेत्रों का पुनरुद्धार

सीपी गोयल

> यह इस बात के लिए भी एक मानक तैयार करेगा कि कैसे वैश्विक स्तर पर की जाने वाली सहकारी कार्रवाइयां खनन-आधारित भूमि जीर्णोद्धार की गतिविधियों को बेहतर बना सकती हैं। इस पहल का उद्देश्य खनन उद्योगों को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक स्थिरता संबंधी दिशानिर्देशों के अनुरूप बनाना है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था और मानव विकास की दृष्टि से खनिज संसाधन का क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यह सभी 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और पेरिस समझौते में अहम योगदान देता है। यह विभिन्न एसडीजी की उपलब्धियों को प्रभावित करते हुए उन्हें आगे बढ़ा सकता है। अब जबकि 2050 तक पूरे विश्व की जनसंख्या 7.8 बिलियन से बढ़कर 9.6 बिलियन हो जाने की संभावना है, इस क्षेत्र को प्रति व्यक्ति उपभोग में होने वाली वृद्धि को पूरा करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि 2000 और 2019 के बीच संरक्षित क्षेत्रों में खनन की गतिविधियों में शत-प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऊर्जा संबंधी बदलावों और दुर्लभ मृदा धातुओं, जो रेडियोधर्मी पदार्थ छोड़ते हैं, के खनन की आवश्यकता के साथ परिस्थितियां और खराब होने की उम्मीद है। टिकाऊ खनन और खदानों को बंद करना अत्यंत वैश्विक महत्व का विषय है। खनन की गतिविधियों ने ऊर्जा संबंधी मांग एवं आपूर्ति को संतुलित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के निष्कर्षण को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इससे वनों की कटाई, ऊपरी सतह की मिट्टी का हटना और कचरे की डंपिंग की समस्या पैदा हुई है, जो इकोसिस्टम से जुड़े कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। खनन से क्षतिग्रस्त हुई भूमि के जीर्णोद्धार के कार्य में हुई हालिया प्रगति दीर्घकालिक प्रबंधन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। चयनात्मक वृक्षारोपण एवं मृदा योजक खनन व्यवसायों और स्थानीय समुदायों को आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय रूप से लाभान्वित करते हुए पुनरुद्धार की प्रक्रिया को बेहतर बना सकते हैं। विभिन्न अनुसंधान तनाव संबंधी सहनशीलता, जलवायु संबंधी दृढ़ता और स्थानीय इकोसिस्टम की मौलिकता जैसी वृक्षारोपण संबंधी विशेषताओं के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। अंतरराष्ट्रीय नीतिगत उद्देश्यों और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इकोसिस्टम का पुनरुद्धार करना आवश्यक है।

खनन और खदानों की अनियोजित बंदी के प्रभाव

खनन के महत्वपूर्ण पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभाव होते हैं, जिनमें वनों की कटाई, आवास हानि और खतरनाक रासायनिक प्रदूषण शामिल हैं। ग्रीनहाउस गैसों उत्सर्जन के कारण सामाजिक अव्यवस्था, आर्थिक बदलाव और जलवायु परिवर्तन भी हो सकता है। अनियोजित तरीके से खदानों के बंद होने से पर्यावरणीय क्षति एवं जल प्रदूषण तथा आर्थिक गिरावट जैसे सामाजिक व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। इन चुनौतियों से निपटने हेतु जिम्मेदार कार्यप्रणालियों की आवश्यकता है जो स्थिरता, सामुदायिक कल्याण और बंदी की व्यापक योजनाओं को प्राथमिकता दें। भले ही वैश्विक स्तर पर विभिन्न विनियम और कानून पेश किए गए हैं,लेकिन इनके कार्यान्वयन के मामले में व्यापक भिन्नता है। खासकर, विकासशील देशों में। इसलिए, टिकाऊ कार्यप्रणालियों के लिए इन प्रभावों को समझना महत्वपूर्ण है।

खदानों का टिकाऊ जीर्णोद्धार

पर्यावरण एवं समुदायों पर खनन और खदानों के बंद होने के प्रभाव को कम करने के लिए खदानों के जीर्णोद्धार की एक स्थायी योजना तैयार करना महत्वपूर्ण है। ऐसी योजनाओं में खनन क्षेत्रों के प्रभावी पुनर्वास सुनिश्चित करने से संबंधित प्रमुख तत्व शामिल होते हैं। खनन के पहले के इकोसिस्टम का आधारभूत आकलन सूचित निर्णय लेने की दृष्टि से बुनियादी शर्त है। इकोलॉजी संबंधी एवं सामाजिक लक्ष्यों को स्थानीय आवश्यकताओं एवं संरक्षण के उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए। कार्यान्वयन की अनुकूलित रणनीतियों में देशी प्रजातियों का पुनर्रोपण, आवास पुनर्निर्माण और मृदा स्थिरीकरण शामिल हैं। निगरानी व अनुकूल प्रबंधन प्रगति एवं दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करता है। समावेशी हितधारक सहभागिता सहयोग को बढ़ावा देती है। अंततः, यह योजनाएं स्थिरता की प्रक्रिया को ठोस बनाती हुई इकोलॉजी की सेहत, सामुदायिक कल्याण, निजी क्षेत्र की भागीदारी और पर्यावरणीय दृढ़ता के बीच की पारस्परिक अंतःक्रिया को स्वीकार करती हैं।

भारतीय परिदृश्य

खान मंत्रालय ने कोयला खदानों में टिकाऊ खनन को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। खनिज संरक्षण और विकास नियम (एमसीडीआर) 2017 पर्यावरणीय प्रभाव तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने हेतु विभिन्न नियमों की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें ऊपरी सतह की मिट्टी को हटाने एवं उपयोग, अपशिष्ट चट्टानों के भंडारण और जमीन के कंपन, सतह के धंसाव, वायु प्रदूषण, विषाक्त तरल निर्वहन, शोर तथा वनस्पतियों के पुनर्स्थापन से संबंधित सावधानियां शामिल हैं। भारतीय खान ब्यूरो ने खनन कार्यों के दौरान स्थिरता संबंधी मूल्यांकन के लिए स्टार रेटिंग की एक प्रणाली भी शुरू की है। एमसीडीआर 2017 के नियम 35 के तहत, प्रत्येक पट्टेदार को कामकाज शुरू होने के बाद से तीन-सितारा रेटिंग प्राप्त करना आवश्यक है। मंत्रालय खनन पट्टों को हरित ऊर्जा का उत्पादन करने और उसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 293 खदानों के सर्वेक्षण से यह पता चला कि कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की क्षमता लगभग 583 मेगावाट है। इन संयंत्रों में पवन और सौर ऊर्जा दोनों प्रकार के संयंत्र शामिल हैं। भारत सरकार और राज्य के अधिकारियों ने खनन से जुड़ी टिकाऊ कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। वर्ष 2020 में, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने खनन हो चुके क्षेत्रों को वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के विकास की दृष्टि से उपयुक्त बनाने हेतु वहां फिर से घास लगाने का आदेश दिया। वर्ष 2014 में, कर्नाटक राज्य ने खनन-प्रभावित जिलों में खनन प्रभाव क्षेत्रों के लिए व्यापक विकास योजना (सीईपीएमआईजेड) के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए कर्नाटक माइनिंग एनवायरमेंट रेस्टोरेशन कॉरपोरेशन (केएमईआरसी) की स्थापना की। चार जिलों के 466 गांवों को खनन प्रभावित घोषित किया गया है और सर्वोच्च न्यायालय ने उनके विकास के लिए 24,996.71 करोड़ रुपये की कार्य योजना को मंजूरी दे दी है। एनएलसी इंडिया, तमिलनाडु के नेवेली में खनन के बाद जीर्णोद्धार की गई भूमि पर 50 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना भी स्थापित कर रही है।

जी20 का महत्व

जी20 के भारत के शिखर सम्मेलन ने जी20 की वैश्विक स्तर की भूमि संबंधी पहल को मजबूत करने हेतु गांधीनगर कार्यान्वयन रोडमैप (जीआईआर) और गांधीनगर सूचना मंच (जीआईपी) का शुभारंभ किया है। इस रोडमैप का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में इकोलॉजी के पुनर्स्थापन कार्य में तेजी लाने हेतु सभी भागीदार देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है। जीआईआर-जीआईपी वैश्विक हितधारकों और विभिन्न देशों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा, जो ज्ञान साझा करने, वित्तीय निवेश और तकनीकी एकत्रीकरण के संबंध में रणनीतिक इनपुट प्रदान करेगा। यह इस बात के लिए भी एक मानक तैयार करेगा कि कैसे वैश्विक स्तर पर की जाने वाली सहकारी कार्रवाइयां खनन-आधारित भूमि जीर्णोद्धार की गतिविधियों को बेहतर बना सकती हैं। इस पहल का उद्देश्य खनन उद्योगों को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक स्थिरता संबंधी दिशानिर्देशों के अनुरूप बनाना है।

(लेखक वन तथा विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के महानिदेशक हैं)

जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक



योगेश कुमार गोयल

> 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे।

विश्वभर में लगभग सभी महापुरुषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निमार्ता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरुकुल परंपरा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षा इन्हीं गुरुकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है। आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितंबर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितंबर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डॉ. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ सर लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे।

दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डॉ. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डॉ. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा और शिक्षा को एक मिशन के रूप में नहीं अपनाएगा, तब तक अच्छी और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती।

आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिये टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना संजोये रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराइयों का समूल नाश किया जा सकता है। एक सभ्य, सुसंस्कारित, सुंदर एवं शांतिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों, उनकी शिक्षाओं तथा जीवन मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

कार्य के भविष्य के लिए रूपरेखा

अतुल कुमार तिवारी

> डोमेन और सॉफ्ट कौशल के अलावा, शिक्षा-कौशल संबंधी इको-सिस्टम को छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने और विश्लेषणात्मक सोच के कौशल को स्थापित करना चाहिए, ताकि उन्हें नए युग की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार किया जा सके।

हम काम करने के तरीके में बड़े पैमाने पर वैश्विक बदलाव को देख रहे हैं। यह आईआर 4.0, ऊर्जा संक्रमण और नए युग की प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित 'कार्य के भविष्य' के रूप में हमारे सामने है। नई प्रौद्योगिकियां 'कार्य', 'कार्यस्थल' और 'कार्यबल' के स्तर पर बदलाव ला रही हैं। हम विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संरचना में व्यापक बदलाव देख रहे हैं। यह उच्च-स्तरीय अनुभूति और सामाजिक-भावनात्मक कौशल की आवश्यकता वाले नए रोजगारों के आगमन से प्रमाणित है। 'कार्य के भविष्य' को समायोजित करने के लिए सभी सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों में आशावाद के साथ-साथ संदेह भी व्याप्त है। इस प्रकार के व्यापक वैश्विक परिवर्तनों के संदर्भ में गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। जी-20 अपने सभी आर्थिक और सामाजिक आयामों के साथ 'काम के भविष्य' पर चर्चा करने के लिए सही मंच है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 85 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 जो 'काम के भविष्य' से निकलने वाली प्रवृत्तियों का प्रबंधन करने के लिए राष्ट्रों की पूरक शक्तियों के साथ वैश्विक हित के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए एक रूपरेखा तैयार कर सकता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने जी-20 कौशल रणनीति और क्षमता

निर्माण, आजीवन शिक्षण और निगरानी से जुड़े इसके संबंधित पहलुओं को चर्चाओं के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में रखा है। पूरी दुनिया के लिए ये विचार-विमर्श प्रासंगिक हैं। यह जी-20 और वास्तव में दुनिया को शैक्षिक और प्रशिक्षण प्रणालियों के बारे में फिर से परिकल्पना करने के कार्य की नये सिरे से शुरूआत करने का अवसर प्रदान करता है ताकि शिक्षार्थियों को जीवन को सही दिशा में ले जाने, समाज में योगदान देने और रोजगार के उभरते बाजारों के अनुकूल आवश्यक कौशल से लैस किया जा सके।

ऑटोमेशन, बिग डेटा, एआई और अन्य प्रौद्योगिकियों के माध्यम से हमारे चारों ओर तेजी से तकनीकी व्यवधान के संदर्भ में 'कार्य के भविष्य' की कुछ प्रमुख अभिव्यक्ति दिखाई देती है। जहां एक तरफ इसने उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि को सक्षम किया है, वहीं दूसरी तरफ इसने भविष्य में रोजगार के बाजार के दायरे, आकार और समावेश से जुड़े सवाल भी उठाए हैं। कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2050 तक कामकाजी उम्र की आबादी 25 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है। दुनिया भर में यह जनसांख्यिकीय विचलन चिंता पैदा कर रहा है। जी-20 के तहत शिक्षा और श्रम कार्य समूह के विचार-विमर्श ने वास्तव में कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति को चिन्हित किया है। इसमें सामूहिक जी-20 कौशल रणनीति को लागू करने के लिए संकेतक और स्कूल और टीवीईटी में निरंतर शिक्षण, शिक्षा और शिक्षण के परिणामों में सुधार के तरीके शामिल हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/राज्यों में फैले शिक्षा और कौशल से संबंधित आधारभूत संरचना में निर्बाध ऋण संचय और हस्तांतरण, व्यावसायिक से सामान्य शिक्षा और कौशल के वितरण को एकीकृत करके सभी स्तरों पर कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है। इसका उद्देश्य शिक्षण को अधिक पेशा-उन्मुख, स्वस्थ बनाना और रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। इसमें यह भी परिकल्पना की गई है कि हमारे शिक्षा और कौशल संस्थान ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने में सक्षम हैं, जो अर्थव्यवस्था और रोजगार के बाजार में परिवर्तन के लिए लचीला और अनुकूल हैं।

'कार्य के भविष्य' के लिए कार्यबल तैयार करना एक बहुआयामी और बहु-हितधारक जिम्मेदारी है। डोमेन और सॉफ्ट कौशल के अलावा, शिक्षा-कौशल संबंधी इको-सिस्टम को छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने और विश्लेषणात्मक सोच के कौशल को स्थापित करना चाहिए, ताकि उन्हें नए युग की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार किया जा सके। हम विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में गतिशील कौशल मूल्यांकन और प्रत्याशा की आवश्यकता को पहले से कहीं अधिक देखते हैं, क्योंकि ऑटोमेशन से शॉप फ्लोर और ग्राहक से जुड़ने के तरीकों में बदलाव होता है। कौशल संबंधी आधारभूत संरचना को भी संस्मरण और सिद्धांत से उन्नत करने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हस्तांतरणीय रोजगार कौशल पर अधिक ध्यान देते हुए दुनिया को समझना होगा। हमें स्थानीय/जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के हितधारकों में कार्यान्वयन से जुड़े भागीदारों की क्षमता को भी बनाए रखना चाहिए, ताकि उन्हें इस परिवर्तन को अक्षरशः लागू करने के लिए आवश्यक कौशल और प्रेरणा से लैस किया जा सके। प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ 'कार्य के भविष्य' को समावेश करने और श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी, वंचित वर्गों/भौगोलिक क्षेत्रों तक कौशल की पहुंच और उन वर्गों की मदद करने जैसी सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए भी नए सिरे से प्रयास करने की आवश्यकता है, जिन्हें नई अर्थव्यवस्था के साथ मुख्यधारा में लाना मुश्किल लगता है।

भारत के नेतृत्व में ग्लोबल साउथ अपने कार्य के भविष्य के लिए अपनी शिक्षा-कौशल प्रणालियों को उन्नत करने के लिए आवश्यक सुधार करते हैं, यह स्वचालित रूप से जी-20 के तहत विभिन्न देशों के बीच सहयोग और गतिशीलता के पूरक अवसरों की एक श्रृंखला की शुरूआत करता है, जो विपरीत जनसांख्यिकीय और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं।

(लेखक केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सचिव हैं।)

एक नजर

जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक संपन्न



नवप्रदेश कोडरमा। उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी जिला जल एवं स्वच्छता समिति ऋतुराज की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा किया गया। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत HFTC सत प्रतिशत करने के लिए निर्देश दिया गया एवं जितने भी जल आपूर्ति योजनाएं चल रही है, उसे ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। वही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत भेजी गई राशि का शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग व अन्य मौजूद थे।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का बाह्य निरीक्षण

नवप्रदेश, कोडरमा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने ईवीएम वेयर हाउस का बाह्य निरीक्षण किया। डीईओ सह डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित जरूरी पहलुओं की जांच की। साथ ही जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और वहां सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार व अन्य मौजूद रहे।

माले प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न 8 सितम्बर कार्यकर्ता कन्वेंशन

नवप्रदेश, जयनगर। कटीया अंबेडकर भवन में भाकपा माले प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड सचिव अशोक यादव के अध्यक्ष संपन्न। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी भुवनेश्वर केवट उपस्थित थे।8 सितंबर को पीपचो में बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन को सफल बनाने व 19 सितंबर को झुमरी तिलैया में किसान मजदूर संकल्प सभा में जयनगर से हजारों की संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। जिला प्रभारी भुवनेश्वर केवट ने कहा भाजपा के मोदी शासन काल में संविधान लोकतंत्र खतरे में है। किसान मजदूर छात्र नौजवानों पर महिलाओं दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों पर हमला तेजी से बढ़ा है 9 वर्षों में मोदी सरकार महंगाई को तीन गुना बढ़ा दिया है। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य सह एक्टू जिला संयोजक विजय पासवान जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, शंभू नाथ वर्मा, शिव शंकर दास, इस्लाम अंसारी, श्रीकांत ठाकुर, जयनगर पूर्वी जॉन लोकल कमेटी सचिव चांद अख्तर, पार्वती देवी, आईसा छात्र नेता सलीम अंसारी, रामचंद्र साव, इंकलाबी नौजवान सभा के कोलेश्वर राणा विजय दास उपस्थित थे।

संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

नवप्रदेश, सतगावां। प्रखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर दिन सोमवार को एक बैठक संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रुप से विधायक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुईं। जिसमें आगामी 8 सितम्बर को चन्द्रवती स्मारक+2 उच्च विद्यालय डोमचांच के बगल वाले मैदान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर विशाल जन सभा आयोजन होना तय हुआ है इसी को लेकर कोडरमा जिले सभी प्रखंडों में समीक्षात्मक बैठकें की जा रही हैं जिसमें भाजपा के जिले के पदाधिकारियों, प्रखण्ड के पदाधिकारियों, पंचायत स्तर के पदाधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं भाजपा समर्थक ग्रामीणों को उक्त कार्यक्रम भाग लेने के कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने अपील की है। मौके सतगावां मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, बालमुकुंद सिंह रंजीत सिंह मनोज भगत प्रहलाद सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक ही परिवार में सिमट कर रह गया है टंडवा पैक्स का चयन

चतरा। वैसे तो पूरे झारखंड राज्य में ही भ्रष्टाचार का बोलबाला है । पैसा फेंको और तमाशा देखो के तर्ज पर पूरा सरकारी महकमा इन दिनों चल रहा है। वैसी स्थिति में यदि किसी भी विभाग में गड़बड़झाला का शिकायत मिल रहा है तो इसमें आश्चर्य करने जैसी कोई बात नहीं रह गई है। जी हां! हम बात कर रहे हैं झारखंड राज्य के उग्रवाद प्रभावित चतरा जिले का जहां व्यापार मंडल से लेकर पैक्स का चुनाव में भारी गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त हो रही है। हाल ही में प्रतापपुर प्रखंड में व्यापार मंडल का चुनाव गुपचुप तरीके से कराने का पर्यवेक्षक पर आरोप लगा था तो वहीं दूसरी ओर प्रतापपुर प्रखंड में ही कुछ माह पूर्व टंडवा पंचायत में पैक्स का चुनाव में भारी अनियमित का मामला प्रकाश में आया है। पर्यवेक्षक के द्वारा वहां संपन्न कराए गए चुनाव में बगैर ग्रामीणों को जानकारी दिए ही गुपचुप तरीके से पैसा लेकर चयन कर लिया गया जिसमें एक ही परिवार के नौ लोगों को सदस्य से लेकर अध्यक्ष और सचिव बना दिया गया जबकि रिश्ते में भैसुर और भभू को अध्यक्ष और सचिव का पद दे दिया गया। यह मामला प्रकाश में आने के बाद ग्रामीणों ने पर्यवेक्षक के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। चतरा जिले के सहकारिता पदाधिकारी ने राजू कुमार नामक व्यक्ति के शिकायत पर अपने पत्रक 64 दिनांक 6. 2. 2023 के द्वारा उप निबंधक सहयोग समितियां झारखंड को इस मामले की जानकारी दे दी है। इस मामले में सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि कुलदीप दास को जहां सचिव चुना गया है तो वही उषा देवी पति रामचंद्र दास को अध्यक्ष बनाया गया है। यह दोनों रिश्ते में भभू और भैसुर है। इस पंचायत में छः चिरागी गांव है। ग्रामीण राजू कुमार का आरोप है कि बराटपुर गांव से एक भी सदस्य को पैक्स कमिटी में शामिल नहीं किया गया है और किसी भी गांव में ना तो इसका प्रचार प्रसार ही किया गया और नहीं किसी ग्रामीणों को इसकी जानकारी ही दिया गया था जबकि नियमानुसार इसका विस्तृत प्रचार प्रसार के बाद ही चुनाव संपन्न कराना होता है। बावजूद इसके पर्यवेक्षक ने सेटिंग गेटिंग के तहत गुपचुप तरीके से चयन कर दिया है। पैक्स कमेटी में शामिल रामचंद्र दास, कुलदीप दास, सुखदेव दास रिश्ते मे अपने सगे भाई हैं जबकि उमेश दास एवं रोहन दास भतीजा हैं। इसी प्रकार से जग्गू दास सचिव का चचेरा भाई है। सत्या देवी पति जोगेंद्र दास चचेरे भभू है जबकि उषा देवी पति बिगनदास अपनी सगी पुत्रवधू है। इस प्रकार से अनियमितता को लेकर ग्रामीण इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

गैस के दाम में 200 की कटौती भाजपा की चुनावी स्टंट के खिलाफ कांग्रेस का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

नवप्रदेश, कोडरमा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी सह सांसद केसी वेणुगोपाल के निदेर्शानुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के संयुक्त निर्देश पर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा पहले लूट- अब छुट रसोई गैस के दाम में 200 की कटौती एक चुनावी स्टंट के खिलाफ समाहरणालय परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा जिला कांग्रेस प्रभारी डॉ मंजू कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रही। धरना कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कांग्रेस प्रभारी डॉ मंजू कुमारी ने केंद्र सरकार के जन विरोधी नीति के खिलाफ जमकर हमला बोलते हुए कहीं की मोदी सरकार ने रसोई गैस का दाम लगातार बढ़कर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है , उन्होंने जनता की जेब से 8.33.640.76 आठ लाख तैतीस हजार छः सौ चालीस करोड रुपये से ज्यादा की लूट की सिर्फ हमारे उज्जवला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी जी ने 68.702.76 अडसठ हजार सात सौ दो करोड रुपये से अधिक की लूट किए। कोडरमा जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि 2013 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय राशन सामग्री और पेट्रोल डीजल के दाम और वर्तमान मोदी सरकार के समय आवश्यक वस्तुओं की कीमती लगभग दुगनी हो गई है। 2013 से 2022 तक वस्तुओं के दाम दोगुनी हो गए। श्री पासवान ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है देश की जीडीपी 8.2 से गिरकर 7.2% हो गया है विदेशी मुद्रा भंडार लगातार काम हो रहे हैं। कच्चा तेल 2014 की तुलना में 20% कम होने के बावजूद डीजल और पेट्रोल 30 से ?40 प्रति लीटर मांगे बेचे जा रहे हैं। थोक और खुदरा महंगाई दर आरबीआई द्वारा तय सीमा से लगातार ऊपर है। लेकिन मोदी सरकार का फोकस केवल चंद पूंजी पतियों के मुनाफे पर केंद्रित है। विधायक प्रतिनिधि बरही सह जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस नेता लक्ष्मण यादव कांग्रेस नेता सईद नसीम, नारायण बरनवाल, प्रदीप सिंह, अशोक सिंह प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, बेबी सिंह उपाध्यक्ष राम लखन पासवान जिला महासचिव आशीष पांडे डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, विजय सिंह, राजू सिंह चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल, मिशवा उद्धिन, केदार राणा, प्रभात राम ने किया संबोधित। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी वरीय कांग्रेसी नेता नागेश्वर राम महिला नेत्री आशा देवी बबलू तिवारी जिला सचिव फैयाज केसर जिला प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा सेवा दल के जिला अध्यक्ष सदानंद पांडे प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी सिराज खान महिला नेत्री आशा देवी सुशीला देवी रीना देवी पूनम देवी कुंती देवी पिंकी देवी संगीत पारु देवी पूजा कुमारी संगीता कुमारी गिरिजा देवी सोनी देवी सावित्री देवी आशा देवी धर्मेंद्र राम कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार यादव ने किया केसरी देवी सरवन कुमार सिंह अरविंद कुमार सिंह सोनू वारसी दीपक प्रसाद जिला आमंत्रित सदस्य सरोज मेहता सुधीर महतो, महाप्रसाद गोस्वामी, राम अवतार दास, महेश पासवान, सुरेंद्र दास, प्रमोद कुमार, पप्पू कुमार यादव, संतोष यादव, संजू गुप्ता, मोहम्मद गलिफ, विनोद यादव, राजेंद्र यादव, रंजीत यादव, प्रभु यादव, शिवरतन शर्मा, पप्पू शर्मा, मो. जालिम, जमाल खान, सुधीर राणा, विवेक प्रसाद इत्यादि कांग्रेस जन्म शामिल हुए एवं धरना कार्यक्रम को सफल किया।

सुखाड़ अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन, डीसी-डीडीसी घेराव में फंसे

पलामू। औसत से काफी कम बारिश होने के कारण पलामू जिले में खरीफ फसलें नष्ट हो गयी है। सुखाड़ और अकाल की स्थिति बनी हुई है। इससे परेशान दर्जनों ग्रामीणों ने पलामू को सुखाड़-अकाल क्षेत्र घोषित कर युद्ध स्तर पर राहत कार्य चलाने की मांग को लेकर सोमवार को समाहरणालय में प्रदर्शन किया। लाल झंडे के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने समाहरणालय के मुख्य गेट को जाम रखा। गेट से निकल रहे उपायुक्त एवं उपविकास आयुक्त का वाहन इसमें कुछ देर फंसा रहा। घेराव के बाद समाहरणालय के सामने धरना दिया गया। मौके पर झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के अध्यक्ष नर्मदेश्वर सिंह ने कहा कि बारिश नहीं होने के कारण खरीफ फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। दो महीने बाद सभी जलाशय सूख जायेंगे। ऐसे में मवेशियों के लिए पानी भी नसीब नहीं होगा। चारा तो पहले ही खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि इस आपदा की स्थिति में जनवितरण प्रणाली के तहत मिलने वाला खाद्यान भी दो से तीन महीने से नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों के साथ स्थिति की जानकारी देने के लिए उपायुक्त के पास पहुंचे हैं। उपायुक्त पंचायत एवं गांव स्तर पर चारा और पानी का प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि पलामू जिला अकाल की विभिषिका के मुहाने पर खड़ा है। इस जिले की पहचान कालाहांडी की रूप में होती है। आदिम जनजाति का तीन महीने का राशन गायब है। अगस्त महीने का राशन किसी को नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में 600 रूपए मजदूरी की मांग की गयी है। साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था की जाए। प्रदर्शन में शामिल रसोइया उषा देवी ने कहा कि झारखंड विद्यालय रसोइया की स्थिति ज्यादा खराब है। दो हजार रूपए के मानदेय पर काम लिया जाता है और जमकर शोषण किया जाता है। लेट लतीफी का बहाना बनाकर शिक्षक लगातार उन्हें डांट फटकार लगाते रहते हैं।

डीसी की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीते दिनों में अवैध बालू उठाव और परिवहन को लेकर थाना स्तर से की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध रूप से बालू उठाव व परिवहन, चिप्स-पत्थर का अवैध खनन-परिवहन, बॉक्साइट का अवैध खनन-परिवहन संबंधी जांच का कार्य किया जाए। साथ ही, एनजीटी के द्वारा पारित आदेश का भी पालन किया जाए। जिस भी थाने में कार्रवाई होती है उस पर आगे की कार्रवाई के लिए सहायक खनन पदाधिकारी को सूचित किया जाए।

वरेन्य गुरु भ्राता साहब श्री हरिंद्रानंद की प्रथम पुण्यतिथि धूमधाम से मनाया गया

नवप्रदेश, कोडरमा। शिव शिष्यता के जनक और हम सबों का आध्यात्मिक पिता वरेन्य गुरु भ्राता साहब हरिंद्रानंद की प्रथम पुण्यतिथि कोडरमा जिला में शिव शिष्य परिवार की और से सहाना गार्डन हाल कोडरमा में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हर भोला जागा जागा महादेव जागरण भजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए दिनेश गुरु भाई के द्वारा कहा गया कि आज 4 सितंबर को शिव शिष्य के जनक और हम सबों का आध्यात्मिक पिता वरेनय गुरू भ्राता साहबश्री हरिंद्रानंद जी को शिवलिंन हुए 1 वर्ष हो गया है। इस 1 वर्ष में हम सबों ने साहब श्री की शारीरिक अनुपस्थित महसूस की परंतु साहब श्री का सतत आशीर्वाद और स्नेह हम सब गुरु भाई बहन को मिल रहा है उन्हीं की ऊर्जा की बदौलत ही हम सब अपने क्षेत्र में गुरु महादेव का चर्चा एवं उनके गुरु स्वरूप की स्थापना के निमित्त कार्य कर रहे हैं। श्री कुमार मंच संचालन करते हुए यह भी कहे की साहब श्री की मनसा शुरू से ही रही थी कि शिव के शिष्यों से किसी को परेशानी ना हो। साहब की इस आध्यात्मिक यात्रा में हम सब यात्री हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेश पंडित के द्वारा बतलाया गया कि साहब श्री के बतलाए हुए रास्ते पर ही हम सब गुरु कार्य कर सकते हैं। कार्यक्रम में रामानुज के द्वारा बतलाया गया कि साहब ही इस जनमानस को यह बतलाने का काम किए हैं शिव जगतगुरु हैं वह आपके और हमारे भी गुरु हो सकते हैं। कार्यक्रम में अन्य गुरु भाई शंकर दयाल पांडे ,आनंद कुमार, बलदेव मेहता ,अनीता देवी, राखी, दीपा भारती, ललिता देवी, देवंती देवी अन्य गुरु भाई बहन ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। अंत में कार्यक्रम का धन्यवाद एवं समापन करते हुए मनसंचालन दिनेश कुमार के द्वारा कहा गया कि साहब श्री का जन्म 1948 ई में बिहार राज्य सिवान जिला के अमरोली गांव में एक मिट्टी के घर में हुआ था। आठवीं कक्षा से ही तांत्रिक क्रियायो को सीखने के लिए अस्मशान और साधु के संग रहते थे। साहब श्री कॉलेज की शिक्षा के क्रम में साहिबगंज में 1 साल तक वर्ष 1967 में उन्होंने अश्मशान की साधना भी की । वर्ष 1972 ई में साहब श्री का विवाह पलामू जिले के मनातू प्रखंड में संपन्न हुआ। 1972 की संघ लोक सेवा आयोग की सिविल परीक्षा में उत्तीर्ण हुए परंतु अंतिम परीक्षा फल में उनका नाम नहीं आया और अंततः बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी हुए। सभी उपस्थित गुरु भाई बहनो के द्वारा साहब श्री के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में कोडरमा जिला के विभिन्न प्रखंडों गांव से करीब 2000 से अधिक गुरु भाई-बहन उपस्थित थे।

मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलाकांत झा से मजदूर नेता जुम्मन खान मिलकर मजदूरों के साथ होने वाले समस्याओं को रखा

गुमला। मजदूर संघ सीएफटी यु आई झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष-कामलाकांत झा से मिल कर मजदुरों की बढ़ती समस्या पर चर्चा किया गया है। साथी सभी जिलों का जिला अध्यक्षों का नियुक्ति की गई है जिसमें महिला विंग कभी नियुक्ति की गई है जिसमें नियुक्ति जारी की गई है जिसमें रांची से सोमनाथ, गिरिडीह से श्याम पाठक, महिला टीम, गिरिडीह से संगीत सेट हजारीबाग से एमडी रशीद, धनबाद से एडवोकेट धनेश्वर महतो, दुमका से प्रोफेसर शकुंतला दुबे, महिला टीम के रेणु देवी, गोंडा में अरचना देवी को, देवघर से प्रेम तिवारी, यहां से सुखदेव दुबे, डाल्टनगंज से पार्वती देवी, वेस्ट सिंहभूम से सुसिला टोप्पो, जमशेदपुर से मधुराम देवी, गुमला से जुम्मन खान, गुमला महिला टीम के अध्यक्ष सुनीता कुमारी को, लोहरदगा से नंदलाल महतो, महिला टीम से मुन्नी देवी , सिमडेगा से लक्ष्मी देवी, चतरा से मो, उम्रर, रामगढ़ से पुष्पा रानी, तारों से संजय सिंह, खूंटी से मंसूर आलम, जुम्मन खान को प्रदेश का सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है साथी गुमला का पदभार भी दिया गया है पूरे झारखंड में 12 12 यूनियन का रजिस्ट्रेशन भी जारी किया गया है जिसमें, छोटा नागपुर कामगार यूनियन रजिस्ट्रेशन नंबर 3892/4/5/2000, झारखंड प्रदेश ऑटो चालक मालिक संघ रजिस्ट्रेशन नंबर 67/4/3/2004/, बिहार प्रगतिशील मजदूर यूनियन झारखंड रजिस्ट्रेशन नंबर 1269/3/11/1990, बोकारो होटल कर्मचारी संघ 2973/18/12/1986, छोटा नागपुर टेंपो और टैक्सी चालक संघ, झारखंड मोटर मजदूर यूनियन संघ, 206/20/2013,, झारखंड डोमेस्टिक मजदूर यूनियन संघ 207/2013, झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ एकट 21/1860/दिनांक 7/201, एच- ई-सी-श्रमिक कर्मचारी यूनियन, 209/2014/कोयला मजदूर सभा 1422/68/, झारखंड प्रदेश भवन निर्माण श्रमिक संघ और कंट्रक्शन मजदूर यूनियन-206/013/, आंगनबाड़ी महासंघ । यह सभी अलग-अलग जिलों में और झारखंड स्टेट में कम कर रही है और सभी कफाई के अंदर में कम कर रही है और आदरणीय कमलाकांत झा की अगवाई में यह सब काम हो रही है। 12 यूनियन का रजिस्ट्रेशन ऑफ झारखंड है जिसमें सेक्रेटरी जुमन खान को रखा गया है। मौके पर सिमडेगा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी झारखंड प्रदेश महिला विंग प्रदेश सचिव सुनीता कुमारी, चैनपुर प्रभारी अमृतलाल, लोहरदगा जिला अध्यक्ष नंदलाल महतो, लोहरदगा उपाध्यक्ष सुरेश राव सहित गुमला जिला के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए थे जिसमें मुख्य रूप से इन सभी क्षेत्रों में मजदूरों के हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़नी है।

जनप्रतिनिधि समाज की नींव, नींव के बिना कोई इमारत मजबूत नहीं होताः हिमांशु

रामगढ़। झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी एवं सदस्या शबनम परवीन ने सोमवार को रामगढ़ पहुंचे। इस दौरान परिसदन रामगढ़ में जनसुनवाई एवं टाउन हॉल भवन आयोजित मुखिया संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। परिसदन रामगढ़ के सभाकक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की जन वितरण प्रणाली, मध्यान भोजन, पोषण आहार, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं कुपोषण उपचार केंद्र सहित अन्य समस्याओं व शिकायतों को सुना गया। जिसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त समस्याओं व शिकायतों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

भाजपा सरकार ने देश के आर्थिक व्यवस्था की कमर तोड़ कर रख दियाः अजय नाथ

गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव के अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा महंगाई एवं लूट के खिलाफ एकदिवसीय धरना हड़ताली वृक्ष कचहरी परिसर गुमला में कार्यक्रम आहूत की गई।धरना प्रदर्शन में वक्ताओं द्वारा कहा गया किलूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है, केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह बहुत आश्चर्य की बात नहीं है, कि प्रधानमंत्री मोदी जी, जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की और वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का अहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम कर दी। रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 07 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देने भी बंद कर दिया है। देश में बढ़ती महंगाई पर चिंता का विषय है महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है, सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है, फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है। पेट्रोल 100 के पार डीजल 96 पार, रसोई गैस 900 रुपए खाने का तेल 200 रुपए के पार आम जनता बेबस और लाचार है पर मोदी सरकार केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की सोच रही है। मोदी सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी विगत 7 साल में 258 परसेंट बढ़ाया है।

आकांक्षी प्रखंड डुमरी के सर्वांगीण विकास को लेकर हुई बैठक

स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी आदि जैसे मुख्य बिंदुओं पर हुई समीक्षा

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में डुमरी प्रखंड कार्यालय सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आकांक्षी प्रखंड डुमरी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों द्वारा किए जाने वाले ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डुमरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में अलग-अलग स्तरों पर बिजली कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालयों की स्थिति तथा छात्रावास की स्थिति की समीक्षा की। इसी प्रकार डुमरी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अलग-अलग संकेतकों के अनुसार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण, खरीफ तथा रबी फसलों की उत्पादकता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण आदि की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी एवं अन्य संकेतक बिन्दुओं के बारे में चर्चा की। आकांक्षी प्रखंड में कौशल विकास एवं रोजगार तथा सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन के संबंध में बैठक में समीक्षा की गई। बैठक में आकांक्षी प्रखंड के विकास के लिए स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, कौशल एवं तकनीकि, रोजगार, पशुपालन एवं डेयरी, मनरेगा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पीएचडी विभाग, विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्यों की आंकड़ेवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत उक्त विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान प्रखंड अंतर्गत सबसे अधिकतर बिजली एवं पेय जल से संबंधित समस्याएं देखने को मिली। बिजली कनेक्शन को लेकर उपायुक्त ने निर्देशित किया कि विद्युत विभाग द्वारा डुमरी प्रखंड अंतर्गत शत प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में बिजली कनेक्शन को दुरुस्त करें। इसके साथ ही किसी भी विद्यालय में बकाया बिजली बिल के जमा नहीं करने पर विद्यालय का बिजली कनेक्शन काटने से पूर्व उपायुक्त ने उनसे परामर्श करने को कहा अन्यथा संबंधित अधिकारी पर कारवाई की जाएगी। इसके साथ ही पानी की समस्या को लेकर भी पीएचडी विभाग को जिन स्थानों में पानी का कनेक्शन नहीं है उसके लिए डीपीआर अथवा प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उपायुक्त ने सभी विभागों को पूरे प्रखंड का सर्वे करने का निर्देश दिया। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार योजनवार सभी मुख्य बिंदुओं पर कार्य किया जाएगा जिसके लिए सभी संबंधित विभागों को 8 सितंबर तक का अंतिम समय दिया गया। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने प्रखंड अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र एवं समुदायुक्त स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने के लिए आनेवाले सभी मरीजों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास परियोजना निदेशक पीडी आईटीडीए, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पंचायत मुखिया, सहित अन्य संबंधित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

विश्वविद्यालय की जमीन हड़प रहे भू माफियाः अभाविप

पलामू। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने सोमवार को कहा कि नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की जमीन भू माफिया एवं असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार हड़पने की कोशिश की जा रही है। ज्ञात हो कि गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के पास 84 एकड़ जमिन थी, जिसमें सर्वसम्मति से 25 एकड़ विश्वविद्यालय के निर्माण हेतु दी गई थी, परंतु विश्वविद्यालय की चाहरदीवारी नहीं होने की स्थिति में लगातार भू माफिया द्वारा जमीन हड़पने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन मौन है। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से जमीन को हथियाने का कार्य किया जा रहा हैं, परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई भी कड़ी कार्यवाही का ना होना यह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। विश्वविद्यालय भवन बनने से पूर्व जमीन की मापी कर चाहरदीवारी करने की आवश्यकता थी, परंतु विश्वविद्यालय की भ्रष्ट कार्यप्रणाली एवं छात्रों के हितों को मारने वाले ठेकेदारों के द्वारा विश्वविद्यालय का निर्माण बिना चाहरदीवारी किए किया गया एवं निर्माण में घटिया सामग्री लगायी गई, जिससे विश्वविद्यालय की नवनिर्मित भवन में दरार आनी शुरू हो गई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के ढुलमुल रवैये सें जमीन को भू माफिया द्वारा लगातार कब्जा किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन जमीन की मापी कर चाहरदीवारी करने का अविलंब कार्य करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद राजभवन तक इस विषय को लेकर जाएगा एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ पूरजोर आंदोलन करेगा।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में की गई ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

राशि खर्च नहीं करने वाले 8 पंचायत के मुखिया को शोकॉज करने का निर्देश

बाघमारा, तोपचांची एवं एग्यारकुंड के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को शोकॉज

कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता: डीडीसी

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में नरेगा, पीएम आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो योजना, बिरसा हरित ग्राम, बिरसा सिंचाई कुप, पुरानी योजनाएं, सोकपीट, पशुधन शेड, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, मेरी मिट्टी मेरा देश, आधार सीडिंग, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री वेलफेयर योजना, एबीपीएस, पोषण वाटिका, पीएमएवाई-जी, 15वें वित्त सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना एवं बिरसा सिंचाई कूप योजना में विशेष ध्यान देते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप योजना से लोगों को लाभ पहुंचाने हेतु प्रचार-प्रसार हेतु भी निर्देशित किया। पिछली बैठक में सभी मुखिया को कम से कम एक-एक आंगनबाड़ी के जीर्णोद्धार का दायित्व दिया गया था जिसकी समीक्षा उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा 8 पंचायत के मुखिया को, जिन्होंने अब तक 15वें वित्त से एक भी राशि का खर्च नहीं किया है वैसे सभी मुखिया पर शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। जिसमे तोपचांची के 05 मुखिया, गोविंदपुर के 02 एवं एग्यारकुंड के 01 मुखिया को शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत सभी प्रखंड में चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों हर हफ्ते प्रगति करते हुए 100 प्रतिशत योजनाओं को स्वीकृति देने एवं स्वीकृत योजनाओं में निर्माण कार्य शुरू करने को निर्देशित किया। वही पोषण वाटिका में प्रगति लाने हेतु उप विकास आयुक्त ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने को निर्देशित किया। पंचायत भवनों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जर्जर हुए पंचायत भवनों का मरम्मती जल्द सुनिश्चित कराएं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी। साथ ही अगर पंचायत भवन में 1 लाख तक के राशि खर्च हो तो उसे मुखिया के स्तर से 15 वें वित्त से करवाने को निर्देशित किया गया। इस दौरान ब्लॉक के कार्यों में ध्यान नहीं देने वाले बाघमारा, तोपचांची एवं एग्यारकुंड के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को भी शोकॉज किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मनरेगा कार्य की पूरी तरह से निगरानी करने और मनरेगा से संचालित योजनाऐं धरातल पर दिखाई देने को निर्देशित किया। बैठक में मनरेगा से संचालित योजनाओं को लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, पंचायती राज पदाधिकारी कमलाकांत गुप्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

कोल्हान मे विश्वविद्यालय के कॉलेजों में शिक्षको की स्थिति अजीबो गरीब

कोल्हान। विश्वविद्यालय के अंतर्गत आनेवाले कॉलेजो में शिक्षकों की पदस्थापना की स्थिति अजीबो गरीब है। जहां जो शिक्षक चाहिए वहां शिक्षक हैं नहीं, और जहां जिस विषय की पढ़ाई नहीं होती वहां उस विषय के शिक्षक जबरन पदस्थापित कर दिया गया है। अब ये शिक्षक क्या पढ़ाते होंगे और इन्हे इसमें कितनी परेशानी होती होगी ये खुद में ही सोचने का विषय है जिसका सीधा असर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं पर पड़ रहा है. छात्र छात्राओं को उनके विषय के शिक्षक नहीं मिलने के कारण उनकी पढ़ाई अंधकार में जा रही है जो की एक चिंता का विषय है उदाहरण स्वरूप कोल्हान विश्वविद्यालय के जगन्नाथपुर डिग्री को ले लीजिय। यहां तीनो सकाय की पढ़ाई की अनुमति मिली थी लेकिन इस कॉलेज में आजतक विज्ञान सकाय की पढ़ाई शुरू नही हो पाई है इस कॉलेज में कला, वाणिज्य के शिक्षकों की आवश्यकता है उनके शिक्षकों को भेजा नही जा रहा है विज्ञान संकाय के शिक्षकों की नियुक्ति तो कर दी गयी है. लेकिन इस कॉलेज में आज तक विज्ञान संकाय में पढ़ाई शुरू नहीं हुई इतना ही नहीं इस कॉलेज में हिंदी संकाय में केवल एक शिक्षक का पद ही स्वीकृत है किंतु उसके दो शिक्षक पदस्थापित कर दिए गए है हैरत की बात देखिये कॉलेज अब तक जितने भी प्रोफेसर इंचार्ज नियुक्त किये गए. सभी विज्ञान संकाय के ही प्रोफेसर हैं। जुलाई 2017 से देखें तो पहले प्रोफेसर इंचार्ज डॉ केएन प्रधान गणित के, उसके बाद यूके चौधरी भौतिक विज्ञानं और उसके बाद अब रसायन शास्त्र के प्रोफेसर विकास मिश्रा को जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज का प्रोफेसर इंचार्ज बना दिया गया है। इस कॉलेज जहां कॉमर्स और कला संकाय के शिक्षकों की जरूरत है उनको यहाँ भेजा ही नहीं जा रहा है जिससे यहां दाखिला लेने वाले छात्र छात्राओं की पढ़ाई काफी बाधित हो रही है जिसका नतीजा यह है।

जिला दवा संगठन ने की खरखरी में बैठक

कतरास। संघठन ने खरखरी सांसद कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने की। मुख्य रूप से विकास सरकार संगठन सचिव, नीलू सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। बैठक का उद्देश्य मुख्य रूप से दवा दुकानदारों को हो रही समस्याओं के मद्देनजर किया गया। जिसमें बाघमारा क्षेत्र खरखरी बाजार कतरास के दुकानदार उपस्थित थे।दुकानदारों के द्वारा ऑनलाइन दवा कंपनी के खिलाफ विरोध किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की धनबाद जिला के सभी दवा दुकानदार एक जुट होकर हमारे विधायक सांसद से मांग करेंगे की ऑनलाइन दवा कंपनियों के खिलाफ हमारा साथ दें। जिससे हम अपना व्यापार सुचारू रूप से चला सके। सभी सदस्यों द्वारा संगठन को मजबूत बनाने पर एकजुटता दिखाई। सचिव धीरज दास ने कहा कि हमारे दुकानदार भाइयों को एकजुट होने की आवश्यकता है इसके लिए संगठन आपके साथ है। कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि जल्द ही हम सदस्यता अभियान चलाने जा रहे हैं जिसके तहत धनबाद जिले के जो भी दुकानदार भाई हमारे सदस्य नहीं है वह भी हमारे संगठन से जुड़कर अपनी सदस्यता ग्रहण करेंगे। ललित अग्रवाल ने बताया की इस तरह की बैठक धनबाद जिले के हर क्षेत्र में की जाएगी एवं हमारे सदस्यों को जो भी समस्याएं हो रही है उसका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।बैठक मे सनोज पांडे, रंजीत पासवान, मोनू अग्रवाल, शशि कुमार, महेंद्र पासवान, कृष्ण कुमार, प्रदीप शर्मा, आशीष गुप्ता, बाघमारा क्षेत्र से राजीव रंजन, सुनील सिंह, मुकेश दुबे, तुसांत सिंह आदि उपस्थित थे।

एडीएम लॉ एंड आर्डर ने की कल्याण विभाग की समीक्षा



धनबाद। एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) कमलाकांत गुप्ता ने समाहरणालय के सभागार में कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ई कल्याण पोर्टल, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, जाहिर स्थान घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी, एकलव्य विद्यालय सहित अन्य योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने ई कल्याण पोर्टल पर शत प्रतिशत छात्रों के नाम की प्रविष्टि और उसका सत्यापन करने, समय पर छात्रवृत्ति का भुगतान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लाभुकों को फोन करके एग्रीमेंट करने के लिए बुलाने और उनका बैंक खाता खुलवाने तथा अन्य योजनाओं में कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल का दिया गया प्रशिक्षण

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से क्रियान्वित योजनाओं की मोनिटरिंग करने के लिए प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल में डेटा फीड करने के लिए विभिन्न एजेंसियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी को इस पोर्टल पर डाटा एंट्री करने से संबंधित जानकारियां दी गई। साथ ही उनकी सभी आशंकाओं को दूर कर दिया गया। प्रशिक्षण के संबंध में डीएमएफटी पीएमयू की श्रीमती रश्मि सिंह ने बताया कि इस पोर्टल से डीएमएफटी की योजनाओं के प्रगति को डिजिटली देखा जा सकता है। साथ ही बताया कि इससे यह भी जानकारी मिलेगी कि किस योजना में विलंब हो रहा है या किस कारण से योजना शुरू नहीं हो सकी है। इस दौरान पीएचईडी एक एवं दो, जुडको, लघु सिंचाई, बिल्डिंग डिविजन, स्पेशल डिविजन, रोड डिविजन, रूरल वर्क्स डिविजन सहित अन्य विभागों से एक नोडल अधिकारी के रूप में सहायक अभियंता और एक कंप्यूटर ऑपरेटर को डीएमएफटी प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट की टीम ने प्रशिक्षण दिया।

एक नजर

हुरासी प्रोजेक्ट क्षेत्र के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा: महाप्रबंधक

गोड्डा। की धरती रसवंती भी रत्न गर्भा भी यहां की धरती काले हीरे के रूप में सोना उगलती है गोड्डा जिला की गोद में दो कोयला परियोजना राजमहल परियोजना और हूंरासीप्रोजेक्ट संचालित है यहां के कोयले से दो एनटीपीसी फरक्का एवं कहलगांव संचालित होता है जो की देश के एक बड़े हिस्से को रोशनी प्रदान करती है। हुरासी प्रोजेक्ट के चालू हुए लगभग सात माह होने वाले हैं जो कि कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन की ओर अग्रसर है इसी कड़ी में संवाददाता मनोज साह को हुरासी प्रोजेक्ट में मोंटी कालोकंपनी के महाप्रबंधक केके सिंह एक भेंट वार्ता में बताया कि यह प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा जो लोगों की तकदीर बदलने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2324 में कोयले का उत्पादन का लक्ष्य 2 मिलियन टन है। वहीं ओवर बर्डन 3:30 मिलियन टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सिंह ने कहां की प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए पानी का छिड़काव किया जाता है। और कंपनी क्षेत्र के लोगों का मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराती है। क्षेत्र के लोगों की भावनाओं को कंपनी कद्र करती है। उन्होंने कहा कि ढाई साल के बाद सीएचपी प्लांट बनकर तैयार हो जाने पर कंपनी स्थाई तौर पर कार्य करने लगेगी। हुरासी प्रोजेक्ट से देश प्रदेश तथा क्षेत्रीय लोगों को काफी लाभ मिलने की संभावना है। मोंटी कार्लो के महा प्रबंधक श्री सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोगों से तालमेल कर ही प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से राष्ट्रीय हित तथा जनहित में चलाया जाएगा। वहीं मोंटी कार्लो कंपनी के महा प्रबंधक के के सिंह के आने से क्षेत्र के लोगों में खुशी देखी जा रही है।

जवाहर बाल मंच का विशाल रवानी के नेतृत्व में 50 लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया



धनबाद। गांधी सेवा सदन में जवाहर बाल मंच के द्वारा एक समन्वय बैठक की गई जिसमें जवाहर बाल मंच प्रदेश कोऑर्डिनेटर व ट्रेनिंग इंचार्ज सह धनबाद जिला प्रभारी आशीष सिंहा ने संगठन को मजबूती और सशक्तिकरण बनाने हेतु विशाल रवानी के नेतृत्व में 50 लोगों की सदस्यता ग्रहण करवाई तथा सदस्यों को नए पदभार के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई ।जवाहर बाल मंच के जिला प्रभारी आशीष सिन्हा ने मीडिया को बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू देश में बच्चों के प्रति उनका विशेष लगाव था उन्हीं के विशेष लगाव से पूरे भारतवर्ष में जवाहर बल मंच के बैनर तले बच्चों के प्रतिभा सशक्तिकरण करने के लिए यह बैनर तले उन्हें प्रेरित किया जाएगा। वैसे बच्चे जिन्हें पढ़ाई एवं अन्य सुविधाओं से वंचित है उनको बेहतर और सशक्त बनाने के लिए बाल जवाहर मंच के द्वारा विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान करेंगे। इसलिए आज गांधी सेवा सदन में जवाहर बल मंच की ओर से एक समन्वय बैठक की गई है जिसमें कई लोगों को जिम्मेदारी देते हुए बच्चों के प्रति सुदृढ़ एवं विकास सिंह रावात्मक कार्य को विकास की ओर ले जाएंगे। मौके पर विशाल रवानी ने कहा कि पिछड़े वर्ग के बच्चों को जो सुविधा नहीं पहुंच पा रहा है उन्हें पहुंचाने का हर प्रयास किया जाएगा बैठक में अजय कुमार पांडे जिला सोशल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे। नवाजिश अफजल, सोहेल खान, अक्षय चौधरी, अमित कुमार, जतिन निशाद, आजम, रोहित मिश्रा, सोनू कुमार, अमित कुमार, अंकित सोनी, ऋषि निषाद, नीतीश कुमार,अभिषेक कुमार, ऋषि कुमार, रिंकेश कुमार, बंटी कुमार, सौरभ साव, रवि कुमार, विशाल रावत समेत अन्य ने सदस्यता ग्रहण किया।

महिला समिति एवं इनर व्हील क्लब की सदस्याओं ने किया लालमणि में सेवाकार्य

धनबाद। वन बंधु परिषद धनबाद की महिला समिति तथा इनर व्हील क्लब धनबाद की सदस्याओं ने मिलकर टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम मैं पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत भ्रमण किया। इसमें दोनों ही संस्थाओं की सदस्याओं ने बड़े उत्साह से बुजुर्गों के सेवा कार्यों में भाग लिया। साथ ही आश्रम में रोजमर्रा के उपयोग का सामान, राशन का सामान, सब्जी - फल तथा अन्य खाद्य पदार्थ दान किए गए। वहां के आवासी वृद्ध जनों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखकर सभी के मन को बहुत संतोष प्राप्त हुआ।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा का एक दिवसीय धरना



धनबाद। राज्य में बढ़ती अपराधिक घटना, भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ भारतीय जनतंत्र मोर्चा का एक दिवसीय धरना सोमवार 4 सितंबर को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया गया। साथ ही उपायुक्त के माध्यम से राजपाल को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा की झारखण्ड में आम लोगों का रहना मुस्किल होता जा रहा है, अपराधी बेझिझक गोली बारी कर घटना को अंजाम दे रहे हैं, व्यवसायी डरे सहमे रहने को मजबुर है, भ्रष्टाचार चरम पर है, मजदुरो को रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है और वर्तमान सरकार सभी मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं। जिसे लेकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा आंदोलन के माध्यम से सरकार को जगाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यदी शांतिपूर्ण आन्दोल से नहीं जगी तो भारतीय जनतंत्र मोर्चा आगे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

अभियान निदेशक के निर्देश पर भी नहीं खुला कुपोषण उपचार केंद्र

धनबाद। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक ने धनबाद सिविल को मई में ही सदर अस्पताल अस्पताल में कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) खोलने का निर्देश दिया था। तीन महीने बाद भी यहां अभी तक यह केंद्र नहीं खोला जा सका। अब सरकार इस केंद्र के संचालन की वस्तुस्थिति से संबंधित प्रतिवेदन मांग रही है। इसको लेकर शनिवार को रांची से पत्र आ गया है। इस पत्र ने अधिकारियों की बेचैनी बढ़ा दी है। अधिकारी यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि जो कुपोषण उपचार केंद्र खुला ही नहीं है, उसकी रिपोर्ट क्या भेजी जाए। बता दें कि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सदर अस्पताल में कुपोषण उपचार केंद्र नहीं होने का मामला उठाया था। विधायक के सवाल पर तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने जवाब में कहा था कि सदर अस्पताल में कुपोषण उपचार केंद्र खोला जा सकता है। इस जवाब के बाद अभियान निदेशक ने 3 मई को सदर अस्पताल में कुपोषण उपचार केंद्र के संचालन का निर्देश दिया था। यह केंद्र अभी तक नहीं खोला जा सका है। इस बीच धनबाद के सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा का तबादला जामताड़ा हो गया। उनकी जगह नए सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रतापन ने कमाल संभाल ली। सदर के तत्कालीन उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार का भी तबादला हो गया। उनकी जगह डॉ राजकुमार सिंह सदर के नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं। पूर्व के अधिकारियों की अनदेखी अब नए अधिकारियों के मत्थे पड़ गया है।

10 बेड का खोलना था केंद्र

सदर अस्पताल में 10 बेड का कुपोषण उपचार केंद्र खोला जाना था। इस केंद्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाता है। यहां उनके लिए पौष्टिक आहार और दवाओं की व्यवस्था की जाती है। इसकी सारी व्यवस्था अलग होती है।

तीन दिनों के भीतर मांगा है जवाब

उप निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं सह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के शिशु स्वास्थ्य कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने सिविल सर्जन ने रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए उन्हें तीन दिनों का समय दिया गया है। इन तीन दिनों में केंद्र खोलना संभव नहीं है। यदि खोल भी लिया जाए तो इतनी जल्दी उसका संचालन मुश्किल है। नतीजा यह मामला फंस गया है। सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि मांगी गई रिपोर्ट विधानसभा को भेजनी है ताकि विधायक राज सिन्हा के सवाल के जवाब में प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जा सके। सदर अस्पताल में कुपोषण उपचार केंद्र से संबंधित रिपोर्ट मांगी गई है। सिविल सर्जन के दिशा निर्देश के अनुसार सरकार को ससमय रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

कांग्रेस का रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में एलपीजी, गैस-सिलेंडर के मूल्य में वृद्धि,खाद्ध सामग्रियों के दामों में बेहताशा वृद्धि सहित आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि जैसे मोदी सरकार के राजनीतिक स्टंट को आम जनता के बीच पदार्फाश करने को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी सहित कांग्रेस के पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों कांग्रेसजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है।केंद्र सरकार की गलत नीतियों एवं पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर एवं खाद्य सामग्रियों के दामों में बेहताशा वृद्धि कर लोगों को कमर तोड़ने का काम किया है मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है लोग आर्थिक संकट से जूझ रही है केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली से देश में किसान मजदूर मध्यम वर्ग बेरोजगार युवा महिलाएं एवं छोटे व्यवसायी त्रस्त हैं, गत दिन गैस सिलेंडर के दाम में 200 की कटौती कर मोदी सरकार ने लोगों को दिगभ्रमित करने का काम किया है, यह बिल्कुल ही एक चुनावी स्टंट है,लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है, केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर और गरीबों को और गरीब बना रही है,रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी हुई है और पिछले 7 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है मोदी सरकार ने पिछले 9:30 वर्षों में रसोई गैस के दाम बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को छलने का साथ-साथ लोगों को लूटने का काम किया है एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में पांच राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद होने वाले लोकसभा में मतदाताओं को लुभाने का राजनीतिक स्टंट है, गैस सिलेंडर अभी भी 960 रुपया मगर भाजपा सस्ता होने की ढोल पीट रही है पिछले 9 वर्षों में ईंधन में टैक्स द्वारा मोदी सरकार ने 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी की है, 2014 से अब तक मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम में 185 प्रतिशत की वृद्धि की गई देश में महंगी गैस, महंगा तेल, थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है, सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है, मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है,महंगाई से आम जनता बेबस और लाचार है,मोदी सरकार केवल अपने चंद्र पूंजीपती मित्रों के मुनाफे की सोच रही है,मोदी सरकार को पूर्व मनमोहन सरकार से प्रेरणा लेने की दरकार है, 2013 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय राशन सामग्री और पेट्रोल डीजल के दाम और वर्तमान मोदी सरकार के समय आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगभग दुगनी हो गई है, मोदी सरकार के राजनीतिक स्टंट को आम जनता के बीच कांग्रेस पार्टी सार्वजनिक करेगी और 2024 के चुनाव में भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने के काम करेगी।

कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने टाटी झरिया प्रखंड भ्रमण के दौरान कहा हजारीबाग अकाल क्षेत्र घोषित हो



हजारीबाग। कांग्रेस के हजारीबाग विधानसभा उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने टाटी झरिया इचाक, दारू प्रखंड के करियातपुर खैरकर्मा बेडमक्का नारायणपुर टाटीझरिया भरजो लुनदरू देवकली इत्यादि गावो का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी। केंद्र एवं राज्य सरकारो द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन किया उन्होंने कहा बरकठा विधानसभा के चंदवारा जयनगर इचाक दारू टाटी झरिया चलकुसा गोरहर प्रखंड में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार है। सरकार उक्त प्रखंडों में सुखाड़ राहत योजना को जल्द से जल्द लागू करें। प्रमंडलीय प्रवक्ता एवं मारखम कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल सिपी दांगी ने कहा कि रामगढ़ हजारीबाग चतरा कोडरमा जिले में 20% धान रोपनी हुआ वर्षा के अभाव में धान एवं भदवा फसल सूख रहा है अकाल सुखाढ से किसानों में निराशा हाहाकार मचा हुआ है सरकार अकाल क्षेत्र घोषित करें। झारखंड के वेस्ट किसान से सम्मानित समाजसेवी मीनू महतो ने कहा की सरकार हर गांव में सिंचाई एवं पटवन योग्य आहार नाहर जल मीनार का निर्माण करावे। किसान सिंचाई योग्य भूमि में ही किसानी करें। ऊपर वाले के भरोसे ना रहे नगदी फसल का खेती करें।

23-24 सितंबर को कैलाश खेर व कुमार विश्वास के गीतों से झुमेगा धनबाद

धनबाद। हिन्दी साहित्य विकाश परिषद के 44 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 23 और 24 सितम्बर को भव्य साहित्य महोत्सव का आयोजन धनबाद के गोल्फ ग्राऊण्ड में किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के सचिव राकेश शर्मा ने धनबाद कल्ब में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बतलाया की कोयलांचल के इतिहास में पहली बार इतने भव्य साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 23 सितम्बर को युग कवि कुमार विश्वास पहली बार म्युजिक गुरुप के साथ कवि सम्मेलन करेगें वहीं 24 सितम्बर को सुप्रसिद्ध लोक गीतकार पद्मश्री कैलाश खेर के बैंड के साथ भव्य प्रस्तुति होगी। कोयलांचल वासी 500से 1000 रुपये का सहायता शुल्क दे कर कार्यक्रम का आनंद उठा करेगें। साथ हीं पुरे झारखण्ड के नवोदित रचनाकारों के द्वारा लिखी ग्रंथ का लोकार्पण भी किया जायेगा।

शिक्षा में समग्रता आवश्यक है: गुरुदेव श्री श्री रविशंकर

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण रूप से विकसित और शांतिप्रिय व्यक्तित्व रखने वाले व्यक्तियों का निर्माण करना है। जिनका पोषण विश्व और उनके आसपास के समाज के लिए कुछ बड़ी सोच रखने के लिए किया गया हो। एक बालक को केवल सूचनाएँ प्रदान करने की प्रक्रिया के द्वारा नहीं बल्कि समग्र रूप से शिक्षित किया जाना चाहिए। कक्षा में बैठने से ही कोई शिक्षित हो रहा है, हम ऐसा नहीं मान सकते। हमें बच्चे के मन और शरीर के संपूर्ण विकास पर ध्यान देने के साथ-साथ उसमें अपनापन, साझा करने और दूसरों की देखभाल करने की भावना, प्रेम, अहिंसा और शांति जैसे मानवीय मूल्यों को विकसित करने पर भी ध्यान देना होगा। एक सुंदर विचार है, जो प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा का हिस्सा था जिसे आज पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। एक अच्छा

शिक्षक सदा यही चाहेगा कि उसका छात्र विजयी हो और एक अच्छा छात्र उस शिक्षक की जीत की कामना करेगा, जिसका ह्दय विशाल है। छात्र जानता था कि उसके अल्प ज्ञान की विजय केवल दुख लाएगी जबकि गुरु के महान ज्ञान की जीत केवल अच्छाई लाएगी। इस सोच ने छात्र और शिक्षक के मध्य एक स्वस्थ संबंध बनाया जहां छात्र और शिक्षक अपनी वृद्धि और विकास की यात्रा पर एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करते थे।एक अच्छे शिक्षक को बहुत धैर्य की आवश्यकता होती है। एक शिक्षक का धैर्य छात्रों के जीवन में चमत्कार पैदा कर सकता है, भले ही वे सीखने में थोड़े धीमे हों। माता-पिता को घर पर केवल एक या दो बच्चों को संभालना होता है जबकि शिक्षकों को छात्रों से भरे कक्ष को संभालना होता है। यह स्पष्ट रूप से शिक्षकों के लिए अधिक तनावपूर्ण और कठिन है। इसलिए शिक्षकों को अधिक केंद्रित होने की जरूरत है। ध्यान और श्वास अभ्यास जैसी विधियाँ शिक्षकों को शांत और केंद्रित रहने के लिए तैयार करने में काफी मदद कर सकती हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चे हर समय शिक्षकों को देख रहे होते हैं और उनसे सीख रहे होते हैं। शिक्षकों के लिए यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि छात्र कहां खड़े हैं और उन्हें वहां से अंतिम लक्ष्य तक जाने में प्रत्येक कदम पर मार्गदर्शन की आवश्यकता है। यहां हम भगवान कृष्ण से सीख सकते हैं कि किस तरह वे कदम दर कदम धैर्य और प्रेम के साथ अर्जुन को अंतिम मंजिल तक ले जाते हैं। आरंभ में अर्जुन भ्रमित थे और उनके मन में बहुत सारे सवाल थे। जैसे-जैसे एक छात्र बड़ा होता है, उसे बहुत अधिक भ्रम होना स्वाभाविक है क्योंकि उसकी अवधारणाएँ टूटती रहती हैं। उदाहरण के लिए, हम सीखते हैं कि सूर्य पूर्व में उगता है; बाद में हमें पता चलता कि वास्तव में ग्रह कैसे गति करते हैं। इसलिए एक अच्छा शिक्षक छात्र के मन में उठने वाले इन सवालों के दौरान मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध होता है। एक अच्छा शिक्षक जानकार होता है और छात्र को इन भ्रमों को दूर करने के लिए मार्गदर्शन करता है। साथ ही कई बार जरूरत पड़ने पर शिक्षक भ्रम पैदा भी कर सकते हैं। शिक्षकों को एक नाजुक संयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए जो है प्रेम के साथ दृढ़ता। ऐसे शिक्षक हैं जो बहुत प्रेम करते हैं और कुछ अन्य केवल कठोर हैं। ऐसे बच्चे हैं जो विद्रोही हैं और ऐसे बच्चे हैं जो भीरु और शमीर्ले हैं। विद्रोही लोगों को प्रोत्साहन और पीठ थपथपाने की जरूरत है। आपको उन्हें प्यार और उनकी देखभाल का एहसास कराना चाहिए और यह एहसास दिलाना चाहिए कि वे आपके अपने हैं। लेकिन जो बच्चे शमीर्ले और डरपोक हैं, उन्हें खुलकर आगे आने और बोलने में सक्षम बनाने के लिए आप थोड़ा दृढ़ हो सकते हैं। उनके साथ सख्ती से पेश आएं और प्रेम भी करें। अक्सर हम इसका विपरीत करते हैं। शिक्षक विद्रोही बच्चों के साथ सख्ती से पेश आते हैं और शमीर्ले बच्चों के साथ उदार बन जाते हैं। तब उनका व्यवहार का क्रम बेहतरी के लिए नहीं बदलेगा। आपको कठोर और कोमल दोनों होने की आवश्यकता है, अन्यथा आप छात्र का मार्गदर्शन उस दिशा की ओर नहीं कर पाएंगे जहां आप उन्हें ले जाना चाहते हैं।

शिक्षण-संस्कृति का संवर्धन आवश्यक

गिरीश्वर मिश्र



मानव सभ्यता के संदर्भ में अध्यापन-कार्य न केवल दूसरे व्यवसायों की तुलना में सदैव विशेष महत्व का रहा है बल्कि अन्य सभी व्यवसायों का आधार भी है । आज सामाजिक परिवर्तन विशेषतः प्रौद्योगिकी की तीव्र उपस्थिति ने शिक्षक और शिक्षार्थी के रिश्तों को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। साथ ही कक्षा, समाज और व्यापक विश्व के संदर्भ में शिक्षक की संस्था भी नए ढंग से जानी पहचानी जा रही है। इसके फलस्वरूप शिक्षक की औपचारिक भूमिका और व्याप्ति का क्षेत्र जरूर अतीत की तुलना में वर्तमान काल में नए नए आयाम प्राप्त कर रहा है। इन सबके बीच अभी भी अध्यापक अपने गुणों, कार्यों और व्यवहारों से छात्रों को प्रभावित कर रहा है और उसी के आधार पर भविष्य के समाज और देश के भाग्य को भी अनिवार्य रूप से रच रहा है। एक अध्यापक को समाज ने अधिकार दिया है कि वह अपने छात्र के जीवन में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हस्तक्षेप करे, विद्यार्थियों को भविष्य के सपने दिखाए और उनमें निहित क्षमता को समृद्ध कर उन सपनों को साकार करने के लिए तैयार करे। ऐसा करते हुए मूल्यों और मनोवृत्तियों को भी गढ़ता है। वशिष्ठ, बुद्ध, चाणक्य, टैगोर, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानंद, राधाकृष्णन आदि के स्मरण से मन में गुरु की आदर्श और तेजस्वी छवि बनती है।

शिक्षा के परिसर में अध्यापक के व्यवहार के जो नैतिक और आचारगत परिणाम होते हैं वे समाज की नैतिक परिपक्वता और विवेक को निश्चित करते हैं। इसीलिए अध्यापक को जांचने-परखने के लिए ऊंचे निकष और मानक तय किए जाते हैं जिन्हें दूसरे व्यवसाय के लोग आसानी से नहीं स्वीकारते। अध्यापकों से नैतिक गुणों की अपेक्षा होती है। उनसे आशा की जाती है कि वे अपने आचरण में उचित और अनुचित का विवेक करेंगे। योग्यता, कुशलता और गुणवत्ता उनके व्यवहारों से झलकेगी। वे प्रतिबद्धता, काम के प्रति समर्पण, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और पूर्वाग्रहमुक्त आचरण की मिसाल प्रस्तुत करेंगे। शिक्षक की गुणवत्ता विद्यार्थी की सफलता का सबसे प्रमुख आधार होता है ऐसा सोच कर अभिभावक अपने मन में अध्यापक और गुरु के प्रति सहज सम्मान का भाव रखता रहा है। एक गुरु मानसिक और व्यावहारिक रूप से दूसरों की भलाई करने वाले और भविष्य का नजरिया रखने वाले इंसान के रूप में प्रतिष्ठित था। वह माता-पिता से कम महत्व का न था। वह विद्यार्थी का प्रेरणास्त्रोत और ऐसा हितैषी था जो उसे सत्पथ पर जाने की राह दिखाता था। चरित्र-निर्माण करते हुए एक अच्छा मनुष्य और देश का अच्छा नागरिक बनाना उसका कर्तव्य था। समाज में गुरु की ऊंची साख इसलिए भी थी कि वह निर्भय हो कर बिना किसी लाग-लपेट के लोक-हित की बात कह सकता था। अब यह छवि बदल रही है और धीरे-धीरे खिसक कर हाशिए पर पहुंच रही है और थोड़े अध्यापक ही अपनी मूल छवि की रक्षा कर पा रहे हैं। ज्यादातर की दिशा बदल चुकी है या फिर बदलने की फिराक में हैं।

अध्यापक का कार्य अब पूरी तरह से व्यवसाय बन चुका है यानी एक ज्ञान का व्यापार करने वाला एक शुद्ध आर्थिक कार्य हो रहा है। इक्कीसवीं सदी में पहुंच कर न केवल ज्ञान की विषय वस्तु में बदलाव आया है बल्कि पठन-पाठन के तौर-; तरीके भी बदले हैं। साथ ही संदर्भ भी तीव्र गति से लगातार बदल रहा है। समाज, आर्थिक कारोबार, संचार, प्रशासन, मूल्य, मानक, भूमिकाएं सभी नए ढांचे में ढल रहे हैं। समय के साथ शिक्षा का क्षेत्र विस्तृत हुआ है, अनेक नए विषय शुरू किए गए हैं। उसी के साथ नैतिक निर्णयों के क्षेत्र भी विस्तृत हुए हैं। व्यवसाय और शिक्षण-प्रक्रिया के नैतिक मानकों की उलझनें भी बढ़ी हैं। सैद्धांतिक रूप में मानव मूल्य और मानवीय गरिमा वे केंद्रीय सरोकार हैं जिनकी संपोषण शिक्षक-प्रशिक्षण का अहं हिस्सा होता है तथापि आज शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का रिश्ता अलगाव और नासमझी का शिकार हो रहा है। आज अनुदानप्राप्त शिक्षा केंद्रों में वेतन तो बढ़ा है परंतु आम तौर पर शिक्षण कार्य के साथ लगाव और रुचि में कमी आई है। तल्लीन हो कर कार्य करना और उसे गंभीरता से लेना अध्यापकों की वरीयता में नीचे खिसक रहा है। यही नहीं यदि शिक्षा संस्थाओं में उठने वाले मामलों को देखा जाए तो अपने सहकर्मियों के साथ स्वस्थ और मानवीय रिश्ता और उनके अधिकारों का आदर, सामुदायिक भावना और भागीदारी, सामाजिक मूल्यों तथा मानकों तथा न्याय की रक्षा, आचरण की पवित्रता और सदाशयता, पक्षपातविहीन रहना, समानुभूति, और निष्ठा आदि के विषय में गिरावट उनके मुख्य कारण हैं। शिक्षक की नैतिक क्षमता और नैतिक योग्यता अब दुर्लभ हो रही है। अध्यापकों का विद्यार्थियों के साथ बर्ताव को लेकर गलत आचरण की शंका बढ़ रही है और भरोसा कम हो रहा है। आए दिन ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं जिनमें आदर न देना, अनावश्यक आक्रोश, गप मारना, तटस्थ बने रहना, अपेक्षित सहायता न करना, कायदे-कानून की आड़ में अकर्मण्य बने रहना, सुविधाभोगी होना, नकारात्मक रिश्ता रखना, खराब आचरण, अपर्याप्त जानकारी, अनुशासन की कमी, अनैतिक भावनाएं, अपर्याप्त तैयारी और आत्म-नियंत्रण की कमी प्रमुख होती हैं।

यह खेदजनक है कि विगत वर्षों में अनेक संस्थानों में छात्रों को प्रताड़ित करने के मामलों में वृद्धि हुई है। उनके संज्ञानात्मक और भावात्मक कल्याण को ले कर अकादमिक प्रशासन और नेतृत्व की संवेदनहीनता के सवाल बार-बार खड़े हुए हैं। उनके हितों की उपेक्षा करने और शिक्षण के प्रसंग में अनैतिक कार्यों के दायरे में डरावने अभ्यास, निर्णय लेने के गैरकानूनी तरीके, स्वीकृत नीतियों का उल्लंघन, विद्यार्थियों को उपलब्ध विकल्पों की अस्वीकृति और उपेक्षा, सार्वजनिक रूप से अवमानना और उपहास आदि के दुष्परिणाम शिक्षा के परिसरों में हिंसा, दुराचार, आत्म-हत्या, दुर्व्यवहार आदि के रूप में प्रकट हुए हैं। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती समस्या की अनदेखी होती रही है। यू जी सी ने अब संज्ञान लिया है और इस हेतु नीति भी तैयार की है। नैतिक बोध और आचारपरक सोच को पारस्परिक विश्वास और समानुभूति के आधार पर अमली जामा देना बहुत आवश्यक हो गया है। इंटरनेट के चलते सोशल मीडिया की अनियंत्रित दखल ने स्वस्थ और सुरक्षित शैक्षिक परिवेश की राह में आज बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। नैतिकता और शिक्षा प्रक्रिया (पेडागोजी) के बीच के सम्बन्ध को न्याय और ईमानदारी की भावना से दायित्व के साथ स्थापित करना आवश्यक हो गया है।

सामाजिक मूल्यों और मानकों का पालन, गुणवत्तापूर्ण सीखने-सिखाने की प्रक्रिया छात्रों की आवश्यकताओं को जान कर ईमानदार और न्यायपूर्ण समाधान आज की सबसे बड़ी चुनौती हो गई है। मानवीय गरिमा का आदर स्थापित हो इसके लिए प्रभावी संचार, सामूहिक दायित्व का निर्वाह और निजता की रक्षा जरूरी होगी। आज के संदर्भ में अध्यापन, मूल्यांकन और अभिव्यक्ति आदि शिक्षा के विभिन्न पक्षों में प्रौद्योगिकी का समुचित उपयोग करने की प्रभावी नीति तात्कालिक आश्वश्यकता है। प्राथमिक स्तर से ले कर उच्च शिक्षा तक का शिक्षा-संदर्भ निजी, सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थाओं की श्रेणियों में बँटा हुआ है और इनमें भी भयानक स्तर भेद हैं। इनके कायदे-कानून, अध्यापकों को मिलने वाले अवसर, कार्यभार और वेतन आदि में बड़े भेद और विसंगतियां बनी हुई हैं । केंद्रीय महत्व का होने पर भी बहुत कम संस्थाओं में अध्यापक का स्वायत्त अस्तित्व होता है अन्यथा वह राजनीति, शासन, प्रशासन पर आश्रित रहता है। आज अधिकांश शिक्षा संस्थाएं तदर्थ (एडहाक) अध्यापकों के भरोसे चल रही हैं और खोखली हो रही हैं। शिक्षा नीति-2020 के महत्वाकांक्षी स्वप्न को आकार देने के लिए अध्यापकों की स्थायी व्यवस्था जरूरी होगी। पूरी शिक्षा व्यवस्था जिस तरह व्यवसायीकरण की चपेट में है उसका हिंसक परिणाम कोचिंग नगरी कोटा की कथा से उजागर होता है जहां विद्यार्थियों में आत्म हत्या की प्रवृत्ति फैल रही है या फिर अव्यवस्थित कोचिंग संस्थानों में लगी आग में विद्यार्थी झुलसते-मरते हैं। वस्तुतः शिक्षा अभी तक हमारी राष्ट्रीय विकास योजना के एजेंडा में बहुत नीचे पड़ी हुई है। शिक्षा को भगवान भरोसे छोड़ बाकी चीजों में निवेश हो रहा है। इस उदासीनता के दुष्परिणाम भी दिख रहे हैं पर राजनीति की समाधि नहीं टूट रही है। सा विद्या या विमुक्तये कहते हुए भी शिक्षा कारोबार होती जा रही है। बाजार और व्यवसाय के ताने बाने में शिक्षक इस कारोबार का एक अदना किरदार हो गया है। शिक्षक की गरिमा स्थापित कर के ही अमृत काल के संकल्प चरितार्थ हो सकेंगे।

(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

शिक्षक का जीवन राष्ट्र के लिए अतुलनीय पाथेय

डॉ. वंदना सेन

व्यक्ति जीवन भर शिक्षा ग्रहण करता है, तब भी शिक्षा का कोई न कोई अध्याय अधूरा ही रह जाता है। लेकिन भारत के राष्ट्र निमार्ता कहे जाने वाले शिक्षक अपने शिष्य में अपनी छवि का दर्शन देखना चाहते हैं। शिक्षक वही है, जो अपने अनुसार देश का चरित्र निर्माण कर सके। अपने देश के संस्कारों को देश की भावी पीढ़ी में उतार सके। शिक्षा वही सार्थक होती है, जो अपने देश के लिए चरित्रवान समाज और सकारात्मक सोच का निर्माण कर सके। भारत में अभी तक जो शिक्षा दी जा रही थी, उसमें भारत के मानबिन्दुओं का उपहास उड़ाया गया और विदेशियों का गुणगान किया गया। इसमें ऐसे भी विदेशी शामिल किए गए, जिन्होंने भारतीयता को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे चरित्रों के पठन पाठन से ही आज की पीढ़ी भारत के संस्कारों से दूर होती जा रही है। लेकिन हमारे देश के शिक्षकों को भी यह समझना चाहिए कि छात्रों को क्या शिक्षा दी जाए।

हमारे देश में शिक्षाविद् डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन आज के विद्यार्थियों को यह भी नहीं पता होगा कि डॉ. राधाकृष्णन जी के जीवन शिक्षकों के लिए एक आदर्श है, एक पाथेय है। जिस पर चलकर हम शिक्षक की वास्तविक भूमिका का सही ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उनके जीवन पर एक नजर डालते हैं। सन 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के राष्ट्रपति बने, तब उनके कुछ विद्यार्थी उनके पास उनका जन्मदिन मनाने की स्वीकृति लेने गए। उस समय राधाकृष्णन जी ने कहा मेरा जन्मदिन मनाने के बजाय 5 सितंबर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे अति प्रसन्नता एवं गर्व महसूस होगा। डॉ. राधाकृष्णन का शिक्षकों के बारे में मत था कि शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे। वास्तविक शिक्षक तो वह है जो छात्र को आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।

आज की शिक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि जीवन में पैसे कैसे कमाए जाते हैं, इसे ही ध्यान में रखकर दी जा रही है। कहा जा सकता कि जो शिक्षा दे रहे हैं, वे इसे व्यवसाय मान रहे हैं और जो ग्रहण कर रहे वे इसे आय प्राप्त करने का साधन। ऐसी शिक्षा चरित्र का निर्माण नहीं कर सकती। इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को ऐसी शिक्षा भी दें, जो उनके जीवन को संवार सके। क्योंकि जिस शिक्षा से संस्कारों का निर्माण होता है, वही जीवन के काम आती है। शिक्षा वही सार्थक होती है, जो जीवन में नैतिक मूल्यों का विकास करे, इसके साथ ही सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति कर्तव्य पालन का बोध कराए। राष्ट्रीय दायित्व का बोध केवल इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों के अध्ययन और अध्यापन से ही हो सकता है। वर्तमान में यह देखने में आ रहा है कि हम शिक्षा तो ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन पिछले पाठों को भूलते जा रहे हैं। इसका एक मूल कारण हमारे देश की शिक्षा नीति भी रही है। आज से 75 वर्ष पूर्व जब हमारा देश स्वतंत्र हुआ, तब हमारी शिक्षा नीति को भारतीय बनाने पर जितना जोर दिया जाना चाहिए, उतना नहीं दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में हम पूरी तरह से भटक गए। इसलिए आज की पीढ़ी में न तो भारतीय संस्कारों का बोध है और न ही नैतिकता के जीवन मूल्य ही हैं।

हम भली भांति जानते हैं कि पुरातन काल में भारतीय गुरुकुलों में जो शिक्षा प्रदान की जाती थी, वह निश्चित रूप से बच्चों का समग्र विकास करने वाली ही थी। इतना ही नहीं वह शिक्षा विश्व स्तरीय ज्ञान का द्योतक भी थी, इसलिए विश्व के कई देश भारत के शिक्षालयों में ज्ञान और विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा ग्रहण करने आते थे। हमें अब उसी शिक्षा पद्धति की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। अभी भारत सरकार ने इस दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इंडिया को भारत बनाने में सकारात्मक सिद्ध होगी, यह संकेत दिखाई देने लगे हैं। शिक्षकों को भी चाहिए कि वह इस नीति को आत्मसात कर बच्चों के भविष्य को वह दिशा प्रदान करें जो विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। जिनकी याद में हम शिक्षक दिवस मनाते हैं, वे चाहते थे कि शिक्षा विद्यार्थियों को सही और गलत का बोध कराने वाली होना चाहिए। वास्तव में डॉ. राधाकृष्णन जी भारतीय संस्कृति के संवाहक थे। उन्होंने अपने लेखों और प्रबोधन के माध्यम से भारतीय संस्कृति की सुगंध को हमेशा ही प्रवाहित किया। एक बार शिकागो विश्वविद्यालय में उनको धर्म पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया। जहां उन्होंने भारत के ज्ञान के बारे में प्रेरणास्पद उद्बोधन दिया। इस उद्बोधन के बाद डॉक्टर राधाकृष्णन जी की ख्याति वैश्विक धरातल पर और भी बढ़ती चली गई और इसी कारण उन्हें भारत एवं अन्य देशों की प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। उसके बाद विश्व में भारत का गौरव गान होने लगा। उनके भाषणों में सिर्फ भारत ही होता था। वह जब बोलते थे तब ऐसा लगता था कि यही भारत की वाणी है। वह वास्तव में भारत रत्न थे। इसलिए भारत सरकार ने सन 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। शिक्षा अत्यंत ही अनमोल एवं मूल्यवान है। जिससे विद्यार्थी अपने स्वयं के ज्ञान का विस्तार तो करता ही है, साथ ही देश को भी मजबूत करता है। डॉ. राधाकृष्णन ने अपनी पुस्तक आधुनिक भारत के राजनीतिक विचारक में भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में शिक्षकों और शिक्षा के महत्व को बताया है। डॉक्टर राधाकृष्णन के अनुसार शिक्षक देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इसी वजह से हुए अधिक सम्मान के योग्य होते हैं। भारत में सनातन काल से गुरु और शिष्य का संबंध समर्पण की भावना से परिपूर्ण रहा है। गुरु देश के भविष्य को संवारता है। वर्तमान पीढ़ी देश का भविष्य है। गुरु जैसे संस्कार युवा पीढ़ी को देंगे वैसा ही देश का चरित्र बनेगा।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

राष्ट्र के प्रकाश स्तंभ होते हैं शिक्षक

रमेश सर्राफ धमोरा

शिक्षक हर व्यक्ति के जीवन की रीढ़ होते हैं। शिक्षक ही है जो विद्यार्थियों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। सही रास्ता दिखाता है। गलत करने से रोकता है। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। शिक्षकों का सम्मान नहीं करने वाले जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ सकते। शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। शिक्षक बच्चों के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं, जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं, बल्कि इस काबिल बनाते हैं कि वह पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश बिखेरते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तंभ की तरह होता है, जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढेर सारे प्रकाश स्तंभों से रोशन हो रहा है। इसलिए देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है।

दुनिया के एक सौ से अधिक देशों में अलग-अलग समय पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह क्रम 1962 से चल रहा है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है। हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता प्राप्ति के लिए वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया हैः- ॒गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट॒ कबीर दास कहते हैं कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।

डॉ. राधाकृष्णन का जन्म पांच सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। उन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन में गुजारे।उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था। राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने बनारस, चेन्नई, कोलकाता, मैसूर जैसे कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों और लंदन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र पढ़ाया था। अध्यापन पेशे के प्रति समर्पण की वजह से उन्हें 1949 में विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

पुराने समय में शिक्षकों को चरण स्पर्श कर सम्मान दिया जाता था। परन्तु आज के समय में शिक्षक और छात्र दोनों ही बदल गए है। पहले शिक्षण एक पेशा न होकर एक उत्साह और एक शौक का कार्य था। पर अब यह मात्र एक आजीविका चलाने का साधन बनकर रह गया है। शिक्षक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और कई भूमिकाएं निभाते हैं। यह विद्यार्थी के ऊपर निर्भर करता है कि वह अपने शिक्षक को कैसे परिभाषित करता है। संत तुलसी दास ने इसे अच्छे तरीके से समझाया है- ॒जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।॒ अर्थात भगवान, गुरु एक व्यक्ति को वैसे ही नजर आएंगे जैसा कि वह सोचेगा। उदाहरण के लिए अर्जुन, भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे। वहीं मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी। यही बात शिक्षक के ऊपर लागू होती है। इसीलिए कहते हैं कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। हर देश में इस दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितंबर तो अमेरिका में छह मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्टूबर और पाकिस्तान में पांच अक्टूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। ओमान, सीरिया, मिस्त्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है। मौजूदा दौर में शिष्य भी कुछ कम नहीं हैं। छात्रों की अनुशासनहीना के चलते स्कूल, कालेजों में शिक्षा का वातावरण समाप्त होता जा रहा है। ऐसे में गुरु- शिष्य को एक-दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। शिक्षक दिवस मनाने के साथ हमें शिक्षण कार्य की पवित्रता को फिर से बहाल करने की प्रतिज्ञा भी लेनी होगी। तभी हमारा शिक्षक दिवस मनाना सार्थक हो पाएगा।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 05 सितंबर, 2023

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

वृष : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

मिथुन : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

कर्क : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी, इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

सिंह : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

कन्या : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

तुला : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। साझे के काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

वृश्चिक : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

धनु : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

मकर : मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

कुंभ : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

मीन : दिन-भर उत्साह रहेगा। व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9







एशिया कप देखने के लिए बीसीसीआई के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पाकिस्तान रवाना

चंडीगढ़ (हि.स.)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का एक शिष्टमंडल सोमवार को अटारी-बाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान रवाना हुआ। यह शिष्टमंडल मुंबई में हुई आतंकी हमले के बाद पहली बार पाकिस्तान गया है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पाकिस्तान में चल रहे एशिया कप देखने के लिए गए हैं। यह दोनों लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। पाकिस्तान रवाना होने से पहले राजीव शुक्ला ने कहा कि वह दो दिन पाकिस्तान में रहेंगे। पाकिस्तान एशिया कप का होस्ट है। यह क्रिकेट की विजिट है, इसलिए पूरा फोकस उसी पर होगा। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी पंजाब प्रांत के गवर्नर ने वहां डिनर रखा है, जिसमें बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें भी होंगी। अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि वह आखिरी बार 2006 में पाकिस्तान गए थे। उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान का मैच ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड की एशेज सीरीज से भी बड़ा होता है।

नेशनल चैम्पियनशिप के विजेता हुए सम्मानित

प्रयागराज (हि.स.)। नई दिल्ली में गत सप्ताह आयोजित हुई स्कूल गेम्स नेशनल चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली उत्तर प्रदेश अण्डर 14 बालक वर्ग एवं अण्डर 16 बालिका वर्ग बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ियों को डीपी पब्लिक स्कूल में सोमवार को पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया। बास्केटबाल कोच रवि प्रकाश मौर्या के अनुसार डीपी पब्लिक स्कूल के आठ खिलाड़ियों का चयन उत्तर प्रदेश की बास्केटबॉल टीम में हुआ था। जिसमें छह खिलाड़ी साक्षी सिंह, अनाया सिंह, काव्या, श्रुति मिश्रा, शाम्भवी, शौर्या सिंह बालिका वर्ग एवं दो खिलाड़ी शिवांशु राय व अमान खान बालक वर्ग के थे। डीपी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रुति अग्रवाल एवं प्रबन्धक अंकुर अग्रवाल ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया। प्रदेशीय टीम ने अण्डर-16 बालिका वर्ग में क्रमशः महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बिहार, मध्य प्रदेश को एवं अण्डर 14 बालक वर्ग में बिहार, मध्य प्रदेश, केरल व आन्ध्र प्रदेश को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता अट्ठारह सितंबर से

लखनऊ (हि.स.)। राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 21 सितम्बर के बीच होगा। डा. भीमराव अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल डाभासेमर, अयोध्या में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए सभी मंडलों की तैयारी शुरू हो गयी है। लखनऊ के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि लखनऊ के जिला स्तरीय खिलाड़ियों के चयन के लिए छह सितम्बर दिन बुधवार को के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में प्रतियोगिता होगी। वहीं मंडल स्तरीय चयन की प्रक्रिया के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में ही आठ सितम्बर को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। इस प्रतियोगिता के बाद राज्यस्तरीय खेल के लिए टीमों का गठन किया जाएगा।

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान प्रबोध टिर्की कांग्रेस में हुए शामिल

भुवनेश्वर। पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान प्रबोध टिर्की सोमवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। टिर्की यहां ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के अध्यक्ष शरत पटनायक, ओडिशा प्रभारी ए चेला कुमार और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने अगला विधानसभा चुनाव तलसरा सीट से लड़ने की इच्छा जताई है। टिर्की ने कहा कि उन्होंने पार्टी में शामिल होने का फैसला किया क्योंकि वह राहुल गांधी के काम से काफी प्रभावित थे। प्रबोध ने 135 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। टिर्की को क्रमशः 2001 और 2009 में एकलव्य पुरस्कार और बीजू पटनायक राज्य खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

टेस्ट क्रिकेट में पहले तटस्थ अंपायरों में से एक, पिलू रिपोर्टर का 84 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पहले दो तटस्थ अंपायरों में से एक पिलू रिपोर्टर का बीमारी के कारण रविवार को मुंबई में निधन हो गया। 84 वर्षीय रिपोर्टर सेरेब्रल कन्फ्यूजन बीमारी से पीड़ित थे और उनके घर पर उनकी पत्नी और दो बेटियां उनकी देखभाल कर रही थीं। 1992 विश्व कप, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेला गया था, 14 टेस्ट मैचों और 22 एकदिवसीय मैचों के अलावा उन टूनार्मेंटों में से एक था जिसमें रिपोर्टर ने अंपायरिंग की थी। रिपोर्टर, 1992 विश्व कप में एकमात्र भारतीय अंपायर थे। 1986 में लाहौर में पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया टेस्ट मैच रिपोर्टर के लिए एक बड़ा अवसर था - यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 'तटस्थ' अंपायर के लिए पहला उदाहरण था। उन्होंने साथी भारतीय वीके रामास्वामी के साथ उस मैच में अंपायरिंग की थी। रिपोर्टर ने पहली बार 1984 में इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान दिल्ली में अंपायरिंग की थी। वह हमेशा मुखर रहते थे और क्रिकेट में मैल्कम मार्शल, विव रिचर्ड्स और इमरान खान जैसे बड़े नामों का सामना करने में कभी भी अभिभूत महसूस नहीं करते थे। 1987 में मिड-डे को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, "अंपायरिंग काफी हद तक ट्रैफिक को नियंत्रित करने जैसा ही काम है। यातायात भी चलना चाहिए और खेल भी।"

एशिया कप : भारत-नेपाल मुकाबला बतौर मैच रेफरी श्रीनाथ का होगा 250वें वनडे मैच

दुबई (हि.स.)। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ सोमवार को पल्लेकेले में भारत और नेपाल के बीच एशिया कप मुकाबले में अपने 250वें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में बतौर मैच अधिकारी काम करेंगे। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज श्रीनाथ, जिन्होंने 67 टेस्ट मैचों में 236 विकेट और 229 एकदिवसीय मैचों में 315 विकेट लिए, 2003 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाली टीम के सदस्य थे। वह बाद में तीन साल तक आईसीसी मैच रेफरी बने रहे। श्रीनाथ, जो रंजन मदुगले, क्रिस ब्रॉड और जेफ क्रो के बाद मैच रेफरी के रूप में 250 एकदिवसीय मैचों की उपलब्धि तक पहुंचने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे, ने आईसीसी के हवाले से कहा कि इतने सारे मैचों में अंपायरिंग करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। श्रीनाथ ने कहा, मैच रेफरी के रूप में इस मुकाम तक पहुंचना बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे सर्किट पर 17 साल हो गए हैं और यह अविश्वसनीय है कि मैंने अब तक जितने वनडे मैच खेले हैं उससे कहीं अधिक में बतौर अधिकारी काम किया है। उन्होंने कहा, मुझे अभी भी खेल से जुड़े रहने का सौभाग्य मिला है। 2006 में कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच में मैच रेफरी के रूप में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से मेरा प्रदर्शन शानदार रहा है और आने वाले वर्षों में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा। मैं इस अवसर पर आईसीसी, बीसीसीआई, एलीट पैनल के मेरे सहयोगियों और साथ ही मेरे करीबी और प्रियजनों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो इस यात्रा में मेरे साथ रहे।

आईसीसी अंपायर और रेफरी के मैनेजर सीन ईजी ने श्रीनाथ को इस उपलब्धि पर पहुंचने पर बधाई दी।

सीन ने कहा, श्रीनाथ ने एक खिलाड़ी से मैच रेफरी के रूप में खूबसूरती से बदलाव किया और हम भाग्यशाली रहे हैं कि वह हमारे एलीट पैनल में हैं। उनका अनुभव और खिलाड़ियों का उनके प्रति सम्मान बहुत मूल्यवान है। इस तरह की निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक प्रतिबद्धता और बलिदान की आवश्यकता होती है। आईसीसी की ओर से, मैं जवागल को इस विशेष उपलब्धि तक पहुंचने के लिए बधाई देता हूं।

दृष्टिबाधित धावक अमरजीत सिंह चावला दिल्ली में अपनी 150वीं हाफ मैराथन में दौड़ेंगे



नई दिल्ली (हि.स.)। भारत के 67 वर्षीय धावक अमरजीत सिंह चावला , जिन्होंने 40 साल की उम्र में अपनी दृष्टि पूरी तरह से खो दी थी, ने भारत के 29 शहरों में मैराथन में भाग लिया है और अब वह वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में हिस्सा लेंगे, जो उनका 150वां बार हाफ मैराथन होगा। वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन 15 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया जाएगा।

अपने अब तक के दौड़ सफर को लेकर चावला ने कहा, 40 साल की उम्र में मैंने अपनी दृष्टि पूरी तरह से खो दी। 2004 में मुंबई मैराथन में 5.9 किमी की ड्रीम रन मेरी पहली दौड़ थी। फिर, मुझे दौड़ने की लत लग गई। मैंने 2005 में हॉफ मैराथन में दौड़ना शुरू कर दिया। इसके बाद, मैंने पूरे भारत में मैराथन में भाग लिया।

चावला ने यह भी बताया कि वह मैराथन कैसे करते हैं, उन्होंने कहा, मैं अपने साथ एक या दो एस्कॉर्ट के साथ दौड़ता हूं। या तो मैं उनका हाथ पकड़ता हूं या छड़ी, जिसे दूसरे छोर पर मेरे एस्कॉर्ट द्वारा पकड़ा जाता है। मेरे एस्कॉर्ट किसी भी मैराथन के दौरान मेरा मार्गदर्शन करते हैं। मैंने अब तक कुल 126 एस्कॉर्ट के साथ दौड़ लगाई है।

मैराथन धावक ने आगे कहा, जब मैंने दौड़ना शुरू किया तो एस्कॉर्ट मिलना काफी मुश्किल था। कुछ कॉर्पोरेट कर्मचारियों ने 2004 में एस्कॉर्ट के रूप में ड्रीम रन चलाने में मेरी मदद की। लेकिन अब लोग मुझे कार्यक्रमों के दौरान पहचानते हैं और मुझसे पूछते हैं कि क्या वे मुझे एस्कॉर्ट कर सकते हैं।

जब उनसे उनकी सबसे लंबी मैराथन के बारे में पूछा गया, तो 67 वर्षीय ने कहा, मेरी सबसे लंबी मैराथन एक दौड़ रही है जो मुंबई में शुरू हुई और पुणे में समाप्त हुई। यह कार्यक्रम आंखों की देखभाल के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था। मैंने इस मैराथन का हिस्सा और यह 2019 में आयोजित किया गया था।

एशियन गेम्स-2022 में मध्यप्रदेश के 43 खिलाड़ियों का चयन

भोपाल (हि.स.)। आगामी 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांग्जो मे 19वीं एशियन गेम्स-2022 की शुरूआत होगी। इस बार एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश के 43 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये तैयार है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की वजह से एशियन गेम्स को स्थगित किया गया था। जनसंपर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि चीन के हांग्जो में होने वाले 19वीं ऐशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के 19 खिलाड़ी, मध्यप्रदेश के (अकादमी के बाहर के) 11, स्पोर्टस ऑथारिटी ऑफ इंडिया (रअक) के 3, मध्यप्रदेश खेल अकादमी के 7 पूर्व खिलाड़ी तथा 3 खिलाड़ी जो अकादमी के एसोसिएट मेम्बर है भारतीय टीम में शामिल है।

एशियन गेम्स के चयनित म.प्र. अकादमी के खिलाड़ी

इस वर्ष चीन के हांग्जो में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के सबसे ज्यादा वाटर स्पोर्टस के खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें केनो सलालम - शुभम केवट, शिखा चौहान, हितेश केवट, विशाल वर्मा। सेलिंग - नेहा ठाकुर, शीतल वर्मा, हर्षिता तोमर। कयाकिंग-कनोईंग - अर्जुन सिंह, नीरज वर्मा, शिवानी वर्मा, कावेरी, ओ विनीता देवी, प्राची यादव और मनीषा कौरव (दोनो पेरा केनो)। रोईंग - रूक्मणी दांगी। घुड़सवारी में मध्यप्रदेश अकादमी के राजू सिंह और सुदिप्ती हजेला का चयन एशियन गेम्स के लिये किया गया है। शूटिंग ईवेंट में मध्यप्रदेश अकादमी के एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मध्यप्रदेश मार्शल आर्ट अकादमी के कपिल परमार जुडो (ब्लाईंड जूडो केटेगरी) खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अकादमी के दो एसोसिएट मेम्बर दीक्षा और सपना बर्मन भारतीय एथलेटिक्स दल का हिस्सा होंगी।

मध्यप्रदेश के खिलाड़ी (अकादमी के बाहर के)

इस वर्ष आयोजित हो रहे एशियन गेम्स मे अकादमी के बाहर के 11 मध्यप्रदेश के खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसे अद्धेत पात्रे (स्वीमिंग), आध्या तिवारी, जय मीणा, तुषिता सेन और आदित्य दुबे (सभी साप्ट टेनिस), अनंजुल नामदेव और रोहित यादव (वुशु), दमिता देवी (क्याकिंग कनोइंग), रोहिणी कलाम (जी-जुत्सु), ज्योति चौहान (महिला फुटबॉल), आवेश खान (क्रिकेट), भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

स्पोर्ट्स ऑथेरिटी ऑफ इंडिया की तुलिका और अवतार सिंह (जुडो) तथा सोनिया देवी पहीरेमबाम (कयाकिंग - कनोईंग) मे चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश अकादमी के सात पूर्व खिलाड़ियों का भी भारतीय टीम मे चयन हुआ है। इसमें महिला हॉकी टीम मे मोनिका, सुशीला चानु, इशिका, विष्णु देवी तथा पुरूष हॉकी मे विवेक सागर और नीलाकांता शर्मा भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व एशियन गेम्स 2022 में करेंगे।

जसप्रीत बुमराह बने पिता, सोशल मीडिया पर साझा की खुशखबरी

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी पत्नी संजना गणेशन ने एक बच्चे को जन्म दिया है। बुमराह ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार तस्वीर साझा करते हुए बच्चे के जन्म की खबर की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट को कैप्शन दिया, हमारा छोटा परिवार बड़ा हो गया है और हमारा दिल जितना हमने कभी सोचा था उससे कहीं अधिक भरा हुआ है! सोमवार सुबह हमने अपने छोटे लड़के, अंगद जसप्रीत बुमराह का दुनिया में स्वागत किया। हम सातवें आसमान पर हैं और हमारे जीवन का यह नया अध्याय अपने साथ जो कुछ भी लेकर आएगा उसका इंतजार नहीं कर सकते। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को चल रहे एशिया कप से छुट्टी ले ली थी और अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए मुंबई लौट आए थे। उम्मीद है कि बुमराह कुछ दिनों के बाद श्रीलंका लौटेंगे और ग्रुप 4 चरण के मैचों के लिए उपलब्ध होंगे। **श्रीलंका में कुछ दिनों के ब्रेक के बाद भारत अपना सुपर 4 मैच खेलेगा।** चोट के कारण कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं, आईपीएल 2023 और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से बाहर रहने के बाद, बुमराह ने पिछले महीने आयरलैंड श्रृंखला के दौरान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की, जिसमें तेज गेंदबाज ने न केवल भारत को 2-0 से जीत दिलाई, बल्कि अपने नाम चार विकेट लेकर शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में भी उभरे।

भारतीय पुरुष और महिला टीमों को अगले साल उद्घाटन हॉकी5एस विश्व कप के लिए मिला आसान ड्रा

लुसाने (हि.स.)। भारतीय पुरुष और महिला टीमों को ओमान में बहुप्रतीक्षित एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप 2024 में अनुकूल ड्रॉ मिला है, जिसे रविवार को ओमान के सलालाह में एक समारोह में आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया।

एफआईएच ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा, कुल मिलाकर, दुनिया भर की 16 पुरुष और महिला टीमें पहली बार हॉकी5 विश्व चैंपियन बनने की होड़ में होंगी, जो 24-31 जनवरी, 2024 को मस्कट,शुरू होगा।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने सलालाह में एएचएफ हॉकी 5एस एशिया कप, जो कि क्वालीफाइंग इवेंट था, जीतकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है।

पुरुषों की प्रतियोगिता में, भारत को पूल बी में मिस्त्र, स्विट्जरलैंड और जमैका के साथ अपेक्षाकृत आसान पूल में रखा गया है।

नीदरलैंड को पूल ए में पाकिस्तान, पोलैंड और नाइजीरिया के साथ रखा गया है जबकि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो और केन्या को पूल सी में रखा गया है, जबकि मेजबान ओमान पूल डी में मलेशिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और फिजी से भिड़ेगा।

महिलाओं की प्रतियोगिता में, भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, पोलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है।

मेजबान ओमान को मलेशिया, फिजी और नीदरलैंड के साथ पूल ए में रखा गया था, जबकि ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया को पूल बी में शामिल किया गया था। न्यूजीलैंड, उरुग्वे, थाईलैंड और पैराग्वे पूल डी में शामिल हुए।

ड्रॉ समारोह में मुख्य अतिथि हिज हाइनेस सैय्यद फिरास बिन फातिक अल सईद और संस्कृति, खेल और युवा मंत्रालय के अवर सचिव एच.ई. अहमद अल रावस बासिल बिन ने भाग लिया। एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम ने एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सभी 32 टीमों को बधाई दी।

इस अवसर पर हिज हाइनेस सैय्यद ने कहा, मैं उन सभी 16 पुरुष और महिला टीमों को बधाई देना चाहता हूं जो एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली टीमों के रूप में रिकॉर्ड बुक का हिस्सा होंगी! आप सर्वश्रेष्ठ हॉकी5 का प्रतिनिधित्व करते हैं, और आप हमारे प्रिय खेल के इस नए और रोमांचक प्रारूप को अपनाने वाले सभी भविष्य के खिलाड़ियों के लिए पथप्रदर्शक और आदर्श होंगे।

एफआईएच हॉकी5एस विश्व कप 2024 के नए युग की शुरूआत के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहाः यह ड्रा समारोह न केवल हमारी टीमों के लिए स्वर्ण पदक का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि हॉकी में एक नए युग की शुरूआत भी करता है! हॉकी5एस न केवल एक बहुत ही रोमांचक प्रारूप है, बल्कि यह हॉकी का एक अत्यधिक सुलभ संस्करण भी है, मुझे यकीन है कि यह और भी अधिक युवाओं को स्टिक और गेंद उठाने और हमारे खूबसूरत खेल को खेलना शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा।

अक्षय कुमार के फिल्मी करियर की सबसे महंगी फिल्म होगी 'हाउसफुल-5'

मुंबई। लगातार फ्लॉप फिल्में दे रहे अक्षय कुमार के लिए अगस्त का महीना लकी रहा। अक्षय की फिल्म ओह माय गॉड-2 सेंसर की पकड़ में आ गई और फिल्म को ए सर्टिफिकेट मिला। फिर भी दर्शक बॉक्स ऑफिस पर उमड़े और फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स दिया। इस फिल्म ने अक्षय कुमार की फ्लॉप फिल्मों का सिलसिला खत्म कर दिया। अब अक्षय के फैंस उनके अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अक्षय वेलकम-3 में नजर आएंगे, लेकिन एक और फ्रेंचाइजी जिसकी इस समय काफी चर्चा हो रही है वह है हाउसफुल। इस सीरीज का पांचवां भाग यानी हाउसफुल-5 जल्द ही दर्शकों के सामने आएगा। सबसे बड़ी बात यह है कि यह फिल्म निमार्ता साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार दोनों के करियर की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है। अक्षय ने रजनीकांत की "2.0" में काम किया था, लेकिन उसमें अक्षय सपोर्टिंग रोल में थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार की हाउसफुल-5 का बजट 375 करोड़ होगा। इसके साथ ही हाउसफुल भारतीय फिल्म फ्रेंचाइजियों में एकमात्र फ्रेंचाइजी है, जो 5 भागों में बनेगी। फिल्म में अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अभिनय करने की उम्मीद है, लेकिन जल्द ही अन्य कलाकारों के नाम भी सामने आ जायेंगे। जून महीने में ही अक्षय कुमार ने इस पांचवें एपिसोड के बारे में ट्वीट किया था। इस फिल्म का निर्देशन तरूण मनसुखानी करेंगे। फिल्म की शूटिंग 2023 के अंत तक शुरू होने की संभावना है। साजिद के अलावा अक्षय कुमार आवारा पागल दीवाना और हेरा फेरी-3 और वेलकम-3 पर भी काम कर रहे हैं।

एशियाई खेलः आईओए ने ट्रैवल सामान कंपनी सैमसोनाइट के साथ किया

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को हांग्झू जाने वाले एशियाई खेलों के दल के लिए भागीदार के रूप में ट्रैवल सामान कंपनी सैमसोनाइट के साथ अनुबंध करने की घोषणा की। भारतीय दल के सदस्य चीन के हांग्झू में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले कॉन्टिनेंटल मेगा इवेंट में प्रीमियम सूटकेस के साथ यात्रा करेंगे।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि यह सहयोग उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध लीडर्स की साझेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा, ह्लभारतीय टीम के प्रत्येक सदस्य को एशियाई खेलों 2022 के लिए आधिकारिक किट के लिए डिजाइन किए गए प्रीमियम सूटकेस का प्रावधान समर्थन का प्रतीक है और विश्वास है कि पूरा देश और सैमसोनाइट जैसे वैश्विक ख्याति के ब्रांड हमारे चैंपियंस को शुभकामनाएं दे रहे हैं।"

सैमसोनाइट इंडिया के सीईओ जय कृष्णन ने कहा कि भारतीय एथलीट की यात्रा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, ह्लसैमसोनाइट हमेशा यात्राओं के बारे में रहा है। और हमारे एथलीट जिस पर आगे बढ़ रहे हैं, उससे अधिक हृदय-विदारक कुछ भी नहीं है। हम उनकी यात्रा का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

इससे पहले, युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए 38 खेल विधाओं में 634 एथलीटों को मंजूरी दी है, जो आईओए द्वारा अनुशंसित 850 एथलीटों के मुकाबले निर्धारित चयन मानदंडों को पूरा करते थे। 2018 में एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में कुल 572 एथलीटों ने भाग लिया था, जहां भारत 16 स्वर्ण सहित 70 पदक लेकर लौटा था।

लातविया ने पहली बार फीबा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

जकार्ता (हि.स.)। अपने ग्रुप चरण में ब्राजील पर 104-84 की शानदार जीत के बाद, लातविया ने यहां इतिहास में पहली बार फीबा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

लातविया ने टूनार्मेंट के ग्रुप चरण में पदक के दावेदार फ्रांस और गत चैंपियन स्पेन पर जीत कर शानदार प्रदर्शन किया। कनाडा पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला ब्राजील रविवार को हार के बाद टूनार्मेंट से बाहर हो गया।

ब्राजील के खिलाफ मैच में आंद्रेज ग्राजुलिस के नेतृत्व में, जिन्होंने 15 में से 11 शॉट लगाकर गेम में सर्वाधिक 24 अंक बनाए, लातविया के पांच खिलाड़ी दोहरे अंक में थे, जबकि ब्राजील के ब्रूनो काबोक्लो ने 20 अंक जुटाए और सात रिबाउंड हासिल किए।

लातविया के मुख्य कोच लुका बैंची ने कहा, जकार्ता में हमने जो यादें बनाईं वे अद्भुत हैं और हमेशा रहेंगी।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से उनके प्रशंसकों ने व्यवहार किया और स्थानीय लोगों ने उनकी टीम का स्वागत किया वह वास्तव में प्रभावशाली था। ग्रुप एल में दूसरे स्थान पर रहने के लिए तैयार, लातविया बुधवार को ग्रुप के विजेता जर्मनी से खेलेगा, जिसने रविवार को स्लोवेनिया को 100-71 से हराया था।

शुरूआती गिरावट के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार

नई दिल्ली (हि.स.)। शुरूआती कमजोरी के बाद घरेलू शेयर बाजार में लगातार खरीदारों का कब्जा बना रहा। खरीदारी के सपोर्ट से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप पहली बार 315 लाख करोड़ रुपये के स्तर से ऊपर चला गया, जिसकी वजह से निवेशकों को 1 दिन में ही 2.74 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.37 प्रतिशत और निफ्टी 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

ग्लोबल मार्केट से मिल रहे सकारात्मक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में भी उत्साह का माहौल बना रहा। आज के कारोबार में कमोडिटी, यूटिलिटी, मेटल, रियल्टी, टेक, आईटी और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक तेजी बनी रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज जमकर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.96 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.84 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज के कारोबार में आई तेजी के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन पहली बार उछल कर 315.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इन कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 312.41 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को एक दिन के कारोबार से ही 2.74 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कुल 3,941 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,300 शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में और 1,443 शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। जबकि 198 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के सपाट स्तर पर बंद हुए। कारोबार में 402 शेयर 52 सप्ताह के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहे। वहीं 29

शेयर 52 सप्ताह के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का सेंसेक्स 138.75 अंक की मजबूती के साथ 65,525.91 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक लुढ़क कर 65,285.56 अंक तक पहुंच गया। लेकिन सुबह 11 बजे के बाद बाजार में खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीदारी के कारण ये सूचकांक 296.75 अंक की मजबूती के साथ सर्वोच्च स्तर 65,683.91 अंक तक पहुंचा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 240.98 अंक की मजबूती के साथ 65,628.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 89.75 अंक की तेजी के साथ 19,525.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक लुढ़क कर 19,423.85 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन पहले 2 घंटे तक दबाव में कारोबार करने के बाद लिवाली का सपोर्ट मिलने पर निफ्टी की चाल भी तेज हो गई। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के कारण कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले कि ये सूचकांक 109.85 अंक की मजबूती के साथ 19,545.15 अंक के स्तर पर पहुंचा। दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी 93.50 अंक की बढ़त के साथ 19,528.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो 4.29 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 4.02 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.94 प्रतिशत, टाटा स्टील 3.74 प्रतिशत और एनटीपीसी 2.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा 0.93 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.82 प्रतिशत, आईटीसी 0.80 प्रतिशत, नेस्ले 0.66 प्रतिशत और एशियन पेंट्स 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज । टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

सरकार ने शुरू की वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट की तैयारी, मंत्रालयों से मांगा ब्योरा

नई दिल्ली, (हि.स.)। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट की तैयारी शुरू कर दी है। वित्त मंत्रालय ने इसके लिए एक सकुर्लर जारी कर विभिन्न विभागों एवं मंत्रालयों से व्यय संबंधी ब्योरा मांगा है।

वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के बजट प्रभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट संबंधी परिपत्र जारी किया है। इसके लिए वित्तीय सलाहकारों को पांच अक्टूबर तक जरूरी ब्योरे मुहैया कराने को कहा गया है। बजट परिपत्र के मुताबिक सभी मंत्रालयों एवं विभागों को समर्पित कोष वाले स्वायत्तशासी निकायों या अनुपालन संस्थाओं का भी ब्योरा देना होगा। व्यय सचिव की अध्यक्षता में अक्टूबर के दूसरे हफ्ते से बजट-पूर्व बैठकों का दौर शुरू होगा, जो नवंबर के मध्य तक चलेगा। बजट-पूर्व बैठकों का दौर खत्म होने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों को अस्थायी रूप से अंतिम रूप दिया जाएगा। दरअसल, अगले साल अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इस बार अंतरिम बजट ही पेश किया जाएगा। इस वित्त वर्ष का पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के बाद गठित होने वाली नई सरकार करेगी। यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यकाल का लगातार छठा केंद्रीय बजट होगा। उन्होंने अपना पहला बजट जुलाई, 2019 में पेश किया था।

जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में दवाओं को छोड़कर अन्य डिलीवरी सर्विस रहेगी बंद

नई दिल्ली, (हि.स.)। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में दवाओं को छोड़कर सभी ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर रोक रहेगी। राजधानी में आवश्यक सेवाओं जैसे डाक और चिकित्सा, मेडिकल जांच के लिए नमूना एकत्र करने की अनुमति होगी। ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं की अनुमति नहीं होगी, लेकिन दवाओं की डिलीवरी की जा सकेगी। विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) एसएस यादव ने सोमवार को यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में वाणिज्यिक गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। यादव ने बताया कि ह्यसुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशनह्व को छोड़कर अन्य मेट्रो सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने नई दिल्ली जिले में होटल बुक कराया हैं, जो हवाई अड्डा या रेलवे स्टेशन से आ-जा रहे हैं, उन्हें यात्रा करने की अनुमति होगी। जी-20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र भारत मंडपम में आयोजित होने वाला है।

स्टेट बैंक ने सीबीडीसी पर शुरू की यूपीआई सेवा, ग्राहकों को डिजिटली भुगतान करने में होगी आसानी

नई दिल्ली, (हि.स.)। सार्वजनिक क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने सोमवार को ग्राहकों के लिए एक नई सुविधा देने की घोषणा की है। एसबीआई ने अपने डिजिटल ई-रुपी में यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी लागू करने का ऐलान किया है। इसके तहत एसबीआई ग्राहकों को डिजिटल तौर पर भुगतान करने में आसानी होगी। एसबीआई की ओर से जारी बयान के मुताबिक उसने अपने डिजिटल ई-रुपये में ह्ययूपीआई इंटर ऑपरेबिलिटी लागू कर दी है। एसबीआई ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के ई-रुपये (सीबीडीसी) पर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इंटरऑपरेबिलिटी की सुविधा का ऐलान किया है। आरबीआई के डिजिटल रुपये को सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) कहा जाता है। बैंक ने कहा कि ग्राहक बिना किसी परेशानी के किसी भी यूपीआई क्यूआर कोड को आसानी से स्कैन करने में सक्षम होंगे और भुगतान कर पाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के डिजिटल ई-रुपी परियोजना में हिस्सा लेने वाले कुछ प्रमुख बैंकों में से एक है।

ईडी ने वेंकटेश्वर हैचरीज की 65 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पशुपालन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेंकटेश्वर हैचरीज प्राइवेट लिमिटेड की 65.53 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के प्रावधानों के तहत कंपनी की महाराष्ट्र और कर्नाटक में स्थित नौ अचल संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि ब्रिटेन में 90 एकड़ का मकान खरीदने के लिए गैर-कानूनी विदेशी रकम भेजने के आरोप में फेमा के तहत पशुपालन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ह्यवेंकटेश्वर हैचरीज प्राइवेट लिमिटेड की 65.53 करोड़ रुपये की नौ संपत्तियां जब्त की गई हैं। जांच एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून (फेमा) के प्रावधानों के तहत इस मामले की जांच कर रही है। ये मामला वेंकीज ओवरसीज लिमिटेड (वीओएल) नाम से इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी को 2011 से यह रकम भेजे जाने से जुड़ा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इसे कानून का उल्लंघन मानते हुए फेमा के अनुच्छेद 37ए के प्रावधानों के तहत भारत में इतनी ही मूल्य की संपत्तियां जब्त कर ली हैं।

कच्चा तेल 89 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत में बदलाव नहीं

नई दिल्ली, (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में पहले के मुकाबले तेजी है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 89 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.08 फीसदी की उछाल के साथ 88.62 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.15 डॉलर यानी 0.18 फीसदी की बढ़त के साथ 85.70 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजार में तेजी का रुख

नई दिल्ली, (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट से सोमवार को मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले कारोबारी सत्र में सपाट स्तर पर मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र में दबाव में कारोबार करके बंद हुए। हालांकि एशियाई बाजार में आज आमतौर पर मजबूती बनी हुई है।

अमेरिका में इस महीने ब्याज दरों में बढ़ोतरी होने की संभावना काफी कम मानी जा रही है। इसी तरह अगस्त के महीने में रोजगार के आंकड़े भी सकारात्मक रहे हैं। इसके बावजूद पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक दबाव में कारोबार करते नजर आए। आज भी डाउ जॉन्स फ्यूचर्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 34,823.54 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके पहले एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,515.77 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। दूसरी ओर, नैस्डेक 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 14,031.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र में दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,464.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,296.77 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 106.74 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,840.34 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर मजबूती बनी नजर आ रही है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। अभी तक के कारोबार में सेट कंपोजिट इंडेक्स एशिया का अकेला ऐसा सूचकांक नजर आ रहा है, जो फिलहाल 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,559.06 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

दूसरी ओर, निफ्टी 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,565.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 146.19 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 32,856.81 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स भी अभी तक के कारोबार में 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,240.08 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,573.14 अंक के स्तर पर नजर आ रहा है।

हैंग सेंग इंडेक्स में अभी तक के कारोबार में 457.47 अंक की जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 2.49 प्रतिशत उछल कर 18,839.53 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 118.72 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,763.66 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.22 प्रतिशत मजबूत होकर 6,993.01 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,168.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

हरियाणा में विभिन्न करों के संग्रह में रिकॉर्ड 20 फीसदी हुई वृद्धि दर्ज

चंडीगढ़, (हि.स.)। हरियाणा सरकार के सकारात्मक प्रयासों की बदौलत आबकारी एवं कराधान विभाग निरंतर कर-संग्रह में वृद्धि कर रहा है। इस साल के प्रथम पांच महीनों में हरियाणा के कर संग्रह में उल्लेखनीय 20% की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अगस्त तक हरियाणा में 27,438 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रह किया गया है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार लगातार आबकारी एवं कराधान विभाग के आधारभूत ढांचे को मजबूत एवं आधुनिक करने की दिशा में काम कर रही है। विभाग में कर संग्रह के कार्यों में डिजिटलाइजेशन को अपनाया जा रहा है जिससे कर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। राजस्व को अधिकतम करने और लीकेज को कम करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आबकारी एवं कराधान विभाग ने इस वित्त वर्ष के प्रथम पाँच महीनों (अप्रैल- अगस्त 2023) में 27,438 करोड़ रुपये का कर संग्रहण किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 फीसदी अधिक है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में राज्य ने 22,880 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया था।

आबकारी एवं कराधान विभाग ने इस वित्त वर्ष के प्रथम पांच महीनों में 4,686 करोड़ रुपए वैट जुटाया, जबकि आईजीएसटी सेटलमेंट, एसजीएसटी कंपनसेशन के साथ एसजीएसटी संग्रहण 17.062 करोड़ रुपए रहा, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 30.2 प्रतिशत अधिक है। इसी के साथ, 15.15% की वृद्धि के साथ 4792 करोड़ का आबकारी संग्रह किया गया। राज्य सरकार के इन आंकड़ों से साफ है कि हरियाणा सरकार के प्रयासों से राजस्व में वृद्धि हो रही है और यह राज्य के विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है। साथ ही, यह राज्य की आर्थिक प्रगति को भी दर्शाता है।

उन्होंने आगे बताया कि राज्य ने वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 33,527.42 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह किया था। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रति व्यक्ति कुल जीएसटी संग्रह में हरियाणा चौथे स्थान पर रहा। सभी राज्यों में कुल संग्रह के मामले में, हरियाणा वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022- 23 में देश भर में छठे स्थान पर बना हुआ है। कुल जनसंख्या में केवल 2 प्रतिशत हिस्सेदारी वाला हरियाणा देश के कुल जीएसटी संग्रह में 6 प्रतिशत का योगदान देता है।

जब 50 लोगों के सामने बेइज्जत हुई थीं कृति सेनन, अब बताई सच्चाई

कृति सेनन ने बहुत ही कम समय में खुद को बॉलीवुड की टॉप हीरोइनों में स्थापित कर लिया है। कृति ने अपने 9 साल के करियर में एक राष्ट्रीय पुरस्कार और दो फिल्मफेयर पुरस्कार जीते हैं। इसके अलावा वह फोर्ब्स की 100 सेलिब्रिटीज की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले कृति सेनन एक मॉडल थीं। उस दौरान उनके साथ कुछ ऐसी घटनाएं घटीं, जिनकी यादें आज भी उनके जेहन में ताजा हैं। कृति सेनन ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में अपने पहले फैशन शो की कहानी शेयर की है। उन्होंने कहा कि कोरियोग्राफरों में से एक ने उन्हें 50 अन्य मॉडलों के सामने अपमानित किया और उन्हें रोने पर मजबूर कर दिया। कृति एक बैकअप प्लान के साथ फिल्म इंडस्ट्री में आईं, ताकि उनके माता-पिता को उनके भविष्य को लेकर ज्यादा चिंता न हो।

कृति ने कहा, यह मेरा पहला रैंप शो था और मैंने उस कोरियोग्राफर के साथ कभी काम नहीं किया था। वह मेरे प्रति बहुत रूखी थी, क्योंकि मैं गलती कर रही थी। वह 50 अन्य मॉडलों के सामने मुझ पर चिल्लाई, जिससे मैं रोने लगी। यह घटना काफी समय तक मेरे दिमाग में बसी रही।

कृति जल्द ही टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म गणपतः पार्ट 1 में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास शाहिद कपूर के साथ एक फिल्म और उनके अपने प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती भी है। कृति सेनन इस साल फिल्म आदिपुरुष और शहजादा में नजर आईं। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहीं।

शाहरुख खान की 'जवान' रिलीज होने से पहले कश्मीर घाटी में टिकटों की एडवांस बुकिंग

श्रीनगर, (हि.स.)। शाहरुख खान का बुखार एक बार फिर कश्मीर पर चढ़ गया है, क्योंकि घाटी के एकमात्र मल्टीप्लेक्स सिनेमा में जवान की रिलीज से पहले टिकटों की एडवांस बुकिंग में तेजी देखी जा रही है। जवान की एडवांस बुकिंग शुक्रवार सुबह खुल गई थी और ऐसा लग रहा है कि प्रशंसक इस मेगा बॉलीवुड फिल्म का पहला शो देखने के लिए उत्सुक हैं। आईनॉक्स ऐप को देखने से पता चलता है कि मल्टीप्लेक्स में गुरुवार और शुक्रवार को फिल्म के हाउसफुल शो होंगे। फिल्म में साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति और दीपिका पादुकोण भी कैमियो में हैं। मल्टीप्लेक्स के एक अधिकारी ने बताया कि अगले दिनों के टिकट भी हॉटकेक की तरह बिक रहे हैं, क्योंकि शनिवार और रविवार के शो के लिए लगभग 50 प्रतिशत सीटें बुक हो चुकी हैं। आईनॉक्स सिनेमा थिएटर के मालिक विजय धर ने कहा कि जवान को श्रीनगर में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है, क्योंकि भारी संख्या में एडवांस बुकिंग आ रही है। अब तक गुरुवार और शुक्रवार का शो हाउसफुल है और हमें उम्मीद है कि रविवार तक की टिकटें बिक जाएंगी। उन्होंने कहा कि एसआरके एक मेगा बॉलीवुड स्टार हैं, और कश्मीरी उनसे प्यार करते हैं। उनकी फिल्म देखने के लिए हर उम्र के लोग टिकट बुक करते हैं। पठान की सफलता के बाद हमारे लिए वास्तव में गर्व का क्षण था कि जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में सिनेमा के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया का उल्लेख किया। लोगों को दोबारा सिनेमाघरों में जाते देखना वाकई बहुत अच्छा अहसास है।

केबीसी के सेट पर हमीरपुर के शिक्षक ने मारी इन्ट्री

अमिताभ बच्चन के सवालों के जवाब देकर शिक्षक ने बदल डाली तकदीर

शिक्षक दिवस पर मंगलवार को सोनी टीवी में केबीसी शो में नजर आएगा शिक्षक

हमीरपुर, (हि.स.)। हमीरपुर जिले में एक छोटे से गांव के टीचर ने कौन बनेगा करोड़पति के शो में इन्ट्री लेकर नाम रोशन किया है। शिक्षक दिवस पर ये टीचर हाट सीट पर बैठकर अमिताभ बच्चन से बातें करता नजर आएगा।

हमीरपुर जिले के गोहांड क्षेत्र के चंदवारी गांव में संचालित सरकारी परिषदीय विद्यालय में तैनात टीचर अश्वनी विश्वकर्मा पिछले कई सालों से सोनी टीवी के कौन बनेगा करोड़पति के शो में इन्ट्री मारने के लिए बेताब था। इसके लिए 29 अप्रैल से 9 मई तक उससे प्रतिदिन एक सवाल पूछा गया। सवालों के जवाब सही होने पर इस टीचर का सेलेक्शन हुआ फिर उनसे ऑनलाइन सवाल पूछे गए। जवाब सही मिलने पर टीचर को 26 मई को मुम्बई ऑडिशन के लिए बुलवाया गया।

हर सीढ़ी पार करने के बाद फास्टेट फिंगर फर्स्ट तक पहुंचने पर इसने एक फिल्मी गाने को क्रम से लगाने पर टीचर को कौन बनेगा करोड़पति के शो में हाट सीट पर इन्ट्री मिल गई।उसने हाट सीट पर बैठकर अमिताभ बच्चन के साथ न सिर्फ खुलकर बातें की बल्कि उनके सवालों का जवाब देकर अपनी तकदीर भी बदल डाली। टीचर अश्वनी विश्वकर्मा का कौन बनेगा करोड़पति का खेल अब शिक्षक दिवस पर कल मंगलवार से प्रसारित होगा। जिसे लेकर उनके गांव और बेसिक शिक्षा डिपार्टमेंट में खुशी देखी जा रही है।

11 साल पूर्व केबीसी के हाट सीट पर जाने का देखा था सपना

मुम्बई से लौटकर आए टीचर अश्वनी विश्वकर्मा ने बताया कि सोनी टीवी में कौन बनेगा करोड़पति के शो में किस्मत आजमाने के लिए वर्ष 2012 में सपना देखा था। पढ़ाई करने के बाद वर्ष 2016 में ये लेखपाल बन गए। नौकरी के साथ ये केबीसी में जाने की तैयारी में भी जुटे रहे। वर्ष 2021 में कोरोना संक्रमण काल में लेखपाल की नौकरी छोड़ ये चंदवारी गांव के परिषदीय स्कूल के सहायक अध्यापक बन गए। टीचर ने बताया कि सोनी टीवी के कौन बनेगा करोड़पति के शो में हाट सीट पर बैठकर अमिताभ बच्चन से खूब हंसी मजाक की बातें हुई। केबीसी के शो में अश्वनी की बातें सुन अमिताभ बच्चन भी खूब हंसे।

बेटे की कामयाबी पर किसान पिता की खुशी से भर आईं आंखें अश्वनी विश्वकर्मा के पिता महेश चन्द्र खेती-बाड़ी करते है। वहीं इसका भाई अमित शूज और मोबाइल की दुकान किए है। सोनी टीवी के कौन बनेगा करोड़पति के शो में बेटे की इन्ट्री मारने और अमिताभ बच्चन के सामने हाट सीट पर बैठकर तकदीर बदलने पर पिता और मां लज्जावती की आंखें खुशी से भर आई हैं। शो में टीचर के साथ उसकी पत्नी नमिता और पिता के अलावा मां भी मौजूद रहीं। शो में कौन बनेगा करोड़पति का खेल खेलने के बाद लौटकर गांव आए टीचर ने बताया कि अमिताभ बच्चन का जितना बड़ा नाम है, उतना ही उनका दिल भी बड़ा है। टीचर की कामयाबी से शिक्षकों में खुशी देखी जा रही है।

देश की समुद्री शक्ति के रूप में प्रत्येक मिशन को पूरा करना जरूरी : नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के इरादे से नौसेना के कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन सोमवार से नई दिल्ली में शुरू हुआ। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने पहले दिन वरिष्ठ नौसेना नेतृत्व के साथ बातचीत की। अपने उद्घाटन भाषण में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश की समुद्री शक्ति के रूप में हमें अपने रास्ते में आने वाले प्रत्येक मिशन और प्रत्येक कार्य को पूरा करना चाहिए।

एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि उभरते राष्ट्र की अग्रणी धार के रूप में हमें अपने आस-पास हो रहे बड़े सामाजिक परिवर्तनों को

अपनाना चाहिए। हम भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्तता और एकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए सीडीएस और अन्य दो सेवाओं के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके बाद अपनी बातचीत के दौरान रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए सुरक्षित समुद्र सुनिश्चित करने में उच्च परिचालन गति बनाए रखने के लिए नौसेना की सराहना की। उन्होंने 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बल बनने की दिशा में स्वदेशीकरण और नवाचार की दिशा में निवेश किए गए प्रयासों को सराहा।

कमांडरों के सम्मेलन में भारतीय नौसेना की चल रही और योजनाबद्ध स्वदेशी परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टैक्टिकल कम्युनिकेशंस, कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम, साइबर सिक्योरिटी, अंडरवाटर डोमेन अवेयरनेस और कॉम्बैट प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन के क्षेत्र में विशिष्ट प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। सम्मेलन में बेहतर आराम, स्वच्छता और कार्यक्षमता के लिए नए डिजाइन किए गए वर्दी आइटम पेश किए जा रहे हैं। सम्मेलन के मौके पर उच्च अवशोषण टी-शर्ट, छलावरण टोपी और जैकेट, उच्च टखने के जूते और राष्ट्रीय नागरिक पोशाक प्रदर्शित की गई। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कार्यक्रम के दौरान समुद्री अवसंरचना परिप्रेक्ष्य योजना 2023-37, आईआरएस नियम और विनियम पुस्तिका, पारिवारिक लॉगबुक और इलेक्ट्रॉनिक सेवा दस्तावेज परियोजना भी जारी की। नौसेना लड़ाकों के निर्माण और वर्गीकरण के लिए आईआरएस नियम और विनियम हैंडबुक को तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भरता को पूरा करने के लिए 2015 के पिछले संस्करण से संशोधित किया गया है। नई नियम पुस्तिका नौसेना जहाज निर्माण उद्योग में आत्मनिर्भरता का प्रतिनिधित्व करती है। इलेक्ट्रॉनिक सेवा दस्तावेज परियोजना डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप नौसेना कर्मियों के मानव संसाधन रिकॉर्ड रखने और प्रबंधन को एक कुशल, डिजिटल, केंद्रीकृत और पारदर्शी प्रक्रिया में बदल देगी।

जी20 के मद्देनजर दिल्ली में 8 से 10 सितंबर तक ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस पर रोक

नई दिल्ली (हि.स.)। राजधानी दिल्ली में 8 से 10 सितंबर तक जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक रहेगी। दिल्ली पुलिस की ओर से सिर्फ मेडिकल इमरजेंसी और ट्रेन या फ्लाइट पकड़ने के लिए छूट दी जाएगी। इसलिए बाकी लोग घर से न निकलें तो बेहतर होगा। दिल्ली पुलिस की यातायात यूनिट के विशेष आयुक्त सुरेंद्र यादव ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 25 अगस्त को जारी की गई यातयात निर्देशिका में कोई बदलाव नहीं किया गया है लेकिन नई दिल्ली में खाने पीने व अन्य सामान की डिलीवरी पर रोक रहेगी। क्योंकि यह कमर्शियल एक्टिविटी है। दिल्ली में आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य कमर्शियल वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इंटरस्टेट बसों का संचालन सराय काले खां, आनंद विहार, कश्मीरी गेट व अन्य डिपो से होगा। लोग टिकट दिखाकर रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट जा सकेंगे। यात्रियों को ले जाने वाली टैक्सी पर भी प्रतिबंध नहीं रहेगा। दिल्ली में आउटर रिंग रोड का प्रयोग कर कहीं भी आ जा सकते हैं। सिर्फ नई दिल्ली के प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश पर रोक रहेगी। नई दिल्ली क्षेत्र में खाने पीने के सामान की डिलीवरी पर भी रोक रहेगी, मेडिकल सेवाओं की छूट दी जाएगी। लोग दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट पर जाकर ट्रैफिक डायवर्जन का पूरा विवरण देख सकते हैं।

संघ के वरिष्ठ प्रचारक वीरेश्वर द्विवेदी का निधन

लखनऊ (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक व राष्ट्रधर्म पत्रिका के पूर्व संपादक वीरेश्वर द्विवेदी का सोमवार को लखनऊ के डा.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पिछले महीने से वह किडनी रोग से पीड़ित थे। पिछले एक महीने से अधिक समय से वह लोहिया संस्थान में भर्ती थे। उनके निधन से संघ परिवार में शोक की लहर है। अंतिम दर्शन भारती भवन में सायं 7 बजे तक होंगे। इसके बाद पार्थिव शरीर उनके गांव कानपुर देहात के राजपुर के पास स्थित भालपुर जायेगा। वीरेश्वर द्विवेदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के सलाहकार भी रहे। वह विद्यार्थी परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री,क्षेत्र के बौद्धिक प्रमुख और उत्तर प्रदेश के प्रचार प्रमुख रहे। विश्व हिन्दू परिषद में भी लम्बे समय तक केन्द्रीय पदाधिकारी भी रहे। वर्तमान में उनका केन्द्र लखनऊ स्थित विश्व संवाद केन्द्र था। राष्ट्रधर्म के प्रबंध संपादक पवन पुत्र बादल ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि वह 1984 से 1995 तक राष्ट्रधर्म के संपादक रहे। लोकहित प्रकाशन से उनके द्वारा लिखित पांच पुस्तकें भी प्रकाशित हुई हैं। विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह,राष्ट्रधर्म के प्रभारी सर्वेश द्विवेदी,चन्द्र प्रकाश अग्निहोत्री व संघ के प्रचारक व बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भारती भवन पहुंचकर उनका अंतिम दर्शन किया।

जलवायु परिवर्तन से कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावाओं का आंकलन जरूरी : करंदलाजे

नई दिल्ली (हि.स.)। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि कृषि सबसे संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन से इस क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावों का आंकलन जरूरी है। करंदलाजे ने सोमवार को कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (OXZASX), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से हैदराबाद में जलवायु समुत्थान कृषि विषय पर 4-6 सिंतबर तक तीन दिवसीय जी-20 तकनीकी कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि सबसे संवेदनशील क्षेत्र है और यह जलवायु परिवर्तन, जोकि पहले से ही जी-20 देशों में हो रहा है, से काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को हम सभी पहले से ही अनुभव कर रहे हैं। करंदलाजे ने कहा कि उन्हें आशा है कि इस मुद्दों पर इस कार्यशाला से चर्चा होगी और समाधान निकाला जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव डेयर और महानिदेशक भाकृअनुप, डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि भारत में कृषि जलवायु परिवर्तन और परिवर्तनशीलता के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है।

आयुष्मान योजना समाज के आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर लाई मुस्कान : सत्यपाल बघेल

लखनऊ (हि.स.)। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) देश में चल रही योजनाओं में सबसे ऊपर है क्योंकि जान है तो जहान है। यही वह योजना है जिससे सामाजिक भीड़ में खड़े आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आई है। यह कहना है केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल का। केन्द्रीय राज्य मंत्री सोमवार को शहर स्थित एक निजी होटल में पीएमजेएवाई : संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सत्यपाल सिंह बघेल ने कहा कि यूपी लक्ष्य प्राप्त करता है तो उसका असर राष्ट्रीय स्तर पर होता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि इस ग्रीन चैनल के जरिए ज्यादा से ज्यादा अस्पताल जुड़ेंगे। केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मनरेगा के मजदूरों और सवर्ण वर्ग के ईडब्ल्यूएस श्रेणी वालों को आयुष्मान योजना से जोड़ा जा सकता है। हालांकि इसके लिए राज्य की सहमति जरूरी होगी।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि हम भारत सरकार को आश्वस्त करते हैं कि उत्तर प्रदेश सभी लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम है। इसी विश्वास के साथ हम कई योजनाओं को धरातल पर उतारने में अन्य से आगे हैं। उन्होंने राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के लंबित कार्ड 30 सितंबर तक बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर विशेष अभियान चलाएं।

प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष नए पात्र गृहस्थ परिवारों को शामिल करने की शर्तें समाप्त करने की मांग रखी। साथ ही बताया कि यूपी में अन्य राज्यों के साथ नेपाल जैसे देशों से भी मरीज स्वास्थ लाभ ले रहे हैं इसलिए कार्य का भार भी अधिक है। राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने निजी अस्पतालों से अपील की है कि किसी भी एक बीमारी का इलाज अलग-अलग खर्च जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए।

साचिस की सीईओ संगीता सिंह ने कहा कि ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था में 56 अस्पताल लाभ ले रहे हैं। अब तक इसके तहत 18 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं। इस ग्रीन चैनल व्यवस्था से 1242 और अस्पतालों को जोड़ने की एनएचए ने दे दी है। ग्रीन चैनल पेमेंट के तहत बेहतर रिकॉर्ड और शून्य शिकायत वाले अस्पतालों को शामिल किया जाता है। इसके तहत क्लेम करते ही इलाज का आधा धन आवंटित कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पीएमजेएवाई की वेबसाइट पर एक चैट बोट शुरू किया गया है जो अस्पतालों के सवालों के जवाब स्वतः देता है। साथ ही इस वेबसाइट पर ईमेल एड्रेस दिया गया है जिस पर कोई भी निजी व सरकारों अस्पताल अपनी बात रख सकता है।

संवाद कार्यक्रम के दौरान अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने कई सवाल भी उठाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की केन्द्रीय निदेशक लता गनपति ने बताया कि इस आयोजन में उठे सभी बिन्दुओं की सूची बना ली है। जल्द ही इस पर विचार कर इन समस्याओं का निदान किया जाएगा।

इस मौके पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक स्वास्थ्य और महानिदेशक परिवार कल्याण समेत प्रदेश के निजी व सरकारी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एक्सेस हेल्थ की राज्य निदेशक मनीषा त्रिपाठी ने किया।

उत्तराखंड में मेडिकल शिक्षा से लेकर संस्कृत स्कूलों और मदरसों में भी खुलेगी स्काउट्स एंड गाइड्स की इकाई

देहरादून (हि.स.)। उत्तराखंड में संस्कृत विद्यालयों से लेकर विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और मदरसों में भी स्काउट्स एंड गाइड्स की इकाइयों की स्थापना की जायेगी। स्काउट्स एंड गाइड्स अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों के साथ-साथ राष्ट्रीय कार्यक्रमों भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभायेंगे। इसके लिए विभागीय अधिकारियों वार्षिक कार्ययोजना तैयार करेंगे।

सोमवार को देहरादून स्थित राज्य मुख्यालय में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तराखंड के प्रादेशिक अध्यक्ष और विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में प्रादेशिक परिषद की विशेष बैठक आहूत की गई, जिसमें परिषद ने स्काउट्स एंड गाइड्स को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये।

इस दौरान डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश में स्काउट्स एंड गाइड्स का दायरा बढ़ाया जायेगा, जिसके लिये विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा से लेकर संस्कृत विद्यालयों और मदरसों में स्काउट्स एंड गाइड्स की इकाइयां स्थापित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जब उत्तराखंड अपनी स्थापना का रजत जयंती बना रहा होगा, तब तक प्रदेशभर में एक लाख से अधिक स्काउट्स एंड गाइड्स और रोवर रेंजर्स पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके अलावा स्काउट्स गाइड्स और रोवर रेंजर्स को समय-समय पर प्रदेशभर में चलाए जाने वाले नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान एवं रक्तदाता पंजीकरण अभियान, सड़क सुरक्षा अभियान, नये मतदाता अभियान एवं साक्षरता आदि अभियानों से भी जोड़ा जायेगा ताकि सभी स्काउट्स गाइड्स अपने जीवन में पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों के साथ-साथ राष्ट्रीय दायित्वों का भी निर्वहन कर सकें।

डा. रावत ने बताया कि उत्तराखंड आपदा के दृष्टिगत एक संवेदनशील प्रदेश है जिसको देखते हुए 10 हजार स्काउट्स गाइड्स और रोवर्स रेंजर्स को आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण भी दिया जायेगा ताकि आपदा के दौरान इन स्वयं सेवकों से आपदाग्रस्त क्षेत्रों में सहयोग लिया जा सके। अप्रैल 2024 में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के 11वीं एशिया-पैसेफिक रीजनल स्काउट लीडर्स समिट के आयोजन के लिए लगने वाली बिड़ में प्रतिभाग किया जायेगा। यदि इस आयोजन का मौका उत्तराखंड को मिलता है तो यह राज्य के लिये बड़ी उपलब्धि होगी।

बैठक में स्काउट गाइड के प्रादेशिक भवन निर्माण, वाहन एवं अन्य ढांचागत सुविधाओं का प्रस्ताव आगामी वित्तीय वर्ष हेतु शासन को भेजे जाने का भी निर्णय लिया गया। स्काउट्स गाइड्स की गतिविधियों के संचालन के लिये वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जायेगी ताकि प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में समयबद्धता और एकरूपता बनी रही।

बैठक में प्रादेशिक मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड उत्तराखंड एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा सीमा जौनसारी, प्रादेशिक आयुक्त वंदना गर्ब्याल, रघुनाथ लाल आर्य, राज्य सचिव आर.एम. काला, मुख्य आयुक्त डी.आर.एन. भारती, उपाध्यक्ष प्रो. ए.एस. उनियाल, डॉ. अनीता चमोला, डॉ. सांई किरन तोमर सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा की दो दिवसीय टीचिंग मंगलवार से

धर्मशाला (हि.स.)। तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा की मंगलवार से मैकलोड़गंज में दो दिवसीय टीचिंग आरंभ होगी। दक्षिणी पूर्वी एशियाई देशों के एक ग्रुप के आहवान पर धर्मगुरू द्वारा दो दिवसीय टीचिंग का आयोजन किया जा रहा है। वहीं धर्मगुरू के मैकलोड़गंज लौटने के बाद शुरू हो रही टीचिंग के चलते यहां रौनक भी लौट आई है। धर्मगुरू के वापस लौटने के बाद देश विदेशों से उनके अनुयायी मैकलोड़गंज पंहुच रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में एक माह से अधिक का समय लेह लद्दाख में गुजारने के बाद दलाई लामा की यह मैकलोड़गंज में पहली टीचिंग है। दलाई लामा बीते 28 अगस्त को ही लेह लद्दाख का दौरा पूरा करने के बाद अपने निवास स्थल मैकलोड़गंज लौटे हैं। दलाई लामा बीते आठ जुलाई को लेह दौरे पर निकले थे जबकि 28 अगस्त को वापस लौटे थे।

मौलाना अरशद मदनी ने 'हर भारतीय हिंदू है' के प्रसंग को निरर्थक बताया

नई दिल्ली (हि.स.)। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि आरएसएस हिन्दुस्तान में हिंदू और मुसलमानों के बीच शांति, एकता, प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता से पीछे हट गया है। देश में नफरत के माहौल और मुसलमानों को नूंह और अन्य स्थानों पर सामूहिक बदले का निशाना बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि आरएसएस के नेताओं के बयानों से स्पष्ट है कि वो सांप्रदायिक सौहार्द नहीं चाहते। मीडिया से बातचीत में मौलाना मदनी ने कहा कि देश में आपसी समझ-बूझ और भ्रम को समाप्त करने के लिए उनकी मोहन भागवत से जो बात हुई थी, आरएसएस उस पर अब कायम नहीं रहा। उन्होंने हर हिन्दुस्तानी के हिंदू होने के बयान को भी निरर्थक बताया। उन्होंने कहा कि हर हिन्दुस्तानी हिंदू नहीं, बल्कि भारतीय है।

राजनाथ सिंह ने जनआशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया, मुख्यमंत्री शिवराज को बताया राजनीति का धोनी

नीमच (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर नीमच पहुंचे और यहां भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को राजनीति का धोनी बताया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजनीति के धोनी शिवराज सिंह चौहान हैं, शुरूआत कैसी भी हों, लेकिन अच्छा फिनिश देकर वे मैदान जीतना जानते हैं। शिवराज ने लोगों की सेवा की है, इसलिए उन्हें जनता का विश्वास प्राप्त होता है। ऐसी मान्यता है कि मालवा खुशहाल होता है तो पूरा प्रदेश खुशहाल होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी समझ गए है कि अकेले भाजपा को हरा नहीं सकते इसलिए उन्होंने कई पार्टियों को मिलकर एक कुनबा बना लिया है और उसका नाम रख दिया इंडिया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत चांद पर पहुंच गया है, मंगल ग्रह की यात्रा कर रहा है, हम सूर्य के नजदीक पहुंच रहे हैं। आज सारे विश्व में इसकी सराहना हो रही है, लेकिन कांग्रेस का ह्रराहुल यानह्ल 20 सालों से आज तक लॉन्च ही नहीं हो पाया। ये लोग सनातन को समाप्त करने की बात कर रहे हैं। हमारे यहां सर्प को भी दूध पिलाकर उसके त्रिजीवी होने की कामना करते हैं। सनातन में धर्म-जाति के नाम पर कोई भेदभाव नहीं है, लेकिन कांग्रेस के एक घटक के नेता ने सनातन के खिलाफ जो टिप्पणी की है क्या कांग्रेस को ऐसे घटक से अलग नहीं हो जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस हर चुनाव में गरीबी हटाओ का नारा देती रही, लेकिन गरीब गरीब रहता चला गया। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है, इसमें मध्य प्रदेश का भी बहुत बड़ा योगदान है। 2003 से पहले मध्य प्रदेश की जीडीपी 71 हजार 594 करोड़ थी, जो आज 13 लाख 82 हजार करोड़ हो गई है। देश की अर्थव्यवस्था में मध्य प्रदेश का योगदान लगभग 3 प्रतिशत था, जो आज बढ़कर 4.8 प्रतिशत हुआ है। भारत पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था के आकार में 10 नंबर पर था, वो भारत आज 5वें स्थान पर आ गया है, मोदी जी के नेतृत्व में ये करिश्मा हुआ है।

कांग्रेस की मति मारी गई है: शिवराज

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस की मति मारी गई है। उन्होंने एक संगठन बनाया है। कहीं का ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा। एकत्रित हो गए मुंबई में... उनके घटक दल कह रहे हैं सनातन धर्म... मच्छर, डेंगू, मलेरिया, कोराना है। इसे खत्म कर देना चाहिए। के. वेणुगोपाल कहते हैं, अभिव्यक्ति की आजादी... ये हिंदुत्व का अपमान कर रहे हैं। हमारी संस्कृति का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई लोग आए मैडम सोनिया, न तो वे सनातन को खत्म कर पाए और न ही हिंदुत्व को। सनातन का अपमान करने वाले जरूर समाप्त हो जाएंगे।

रियासी मुठभेड़ में एक आतंकी ढ़ेर, एक पुलिसकर्मी घायल

रियासी (हि.स.)। रियासी जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। एडीजीपी जम्मू मुकेश सिंह ने बताया कि दो आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान चसाना के तुली इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने अभी तक एक आतंकी को मार गिराया है, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है।

हम चांद पर पहुंच गए, अब हॉलीवुड फिल्मों से भी कम बजट में सूर्य की तरफ बढ़ रहे : रक्षामंत्री

जयपुर (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर कई तंज कसे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत जिस गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं, उसका क्लच और एक्सीलेटर कोई और दबा रहा है। रक्षा मंत्री सोमवार को रामदेवरा में भाजपा की तीसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए 28 दल एक साथ आए हैं। इस गठबंधन के हालात ऐसे हैं कि नाम बड़े और दर्शन छोटे। इन्हीं के गठबंधन के लोग सनातन धर्म को चोट पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस चुप है। राहुल, प्रियंका और सोनिया गांधी इस पर क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं। सनातन धर्म का न कोई जन्म है, न अंत है। चंद्रयान की लॉन्चिंग और लैंडिंग तो सफलतापूर्वक हो गई, लेकिन राहुलयान की 20 साल से न तो लॉन्चिंग हो पाई है न ही लैंडिंग हो पाई है। यह यात्रा जोधपुर संभाग में 20 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि 56 महीने में 10 लाख मुकदमे हुए हैं। 7650 निर्दोष लोगों की हत्या राजस्थान में हुई है। राजस्थान जैसे हालात कहीं नहीं हैं। दो लाख में से 31 हजार मामले दुष्कर्म के हैं। छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया गया है। जोधपुर में पूरे परिवार की हत्या हुई है। उदयपुर में जो हुआ, वो भी सभी को याद है। यह यात्रा परिवर्तन का शंखनाद है। कांग्रेस और भाजपा के शासन का लोग खुद आकलन करें कि पहले क्या माहौल था और अब क्या माहौल है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पांच परमाणु परीक्षण इसी भूमि पर हुए हैं। यह भूमि कई मायनों में गौरव बढ़ाने वाली है। 1998 में भारत ने जो छलांग परमाणु परीक्षण कर लगाई थी। उसी तरह की छलांग 23 अगस्त को चंद्रयान-3 ने चांद पर उतरकर लगाई है। भारत चांद पर तो पहुंच गया है। अब 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर हम आदित्य-एल1 से सूर्य की तरफ जा रहे हैं। हॉलीवुड फिल्मों से भी कम बजट में ये काम हमारे वैज्ञानिकों ने किए हैं। 2014 में हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी। अब 9 साल बाद भारत अर्थव्यवस्था में 5वें स्थान पर आ गया है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था टॉप थ्री में होगी। जब हम लोगों की 2014 में सरकार बनी तब 18 हजार गांवों में बिजली नहीं थी। डेढ़ साल में हमारी सरकार ने बिजली पहुंचाने का काम किया है। जनधन खाते से पैसे सीधे अकाउंट में जाते हैं, जिससे भ्रष्टाचार के रास्ते बंद हो गए हैं। दिल्ली से निकला पूरा पैसा लोगों के पास जाता है। गरीब कल्याण हमारा मंत्र, मिशन है। उन्होंने कहा कि भारत अब कमजोर नहीं बल्कि ताकतवर देश है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहले हमारी बात नहीं सुनी जाती थी, लेकिन आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है। भारत की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में बढ़ी है। कोरोना के समय हमारे वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाई। आज भारत की स्थिति वैक्सीन के मामले में ऐसी बन गई कि दुनिया के 100 देशों को भारत ने वैक्सीन भेजी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे देश की धाक पूरे विश्व में जमाई है। देश में गरीबी कम की है। लोगों के जीवन में खुशहाली आई है। राम मंदिर का निर्माण करने का काम मोदी सरकार ने किया है। राजस्थान में 2018 में कांग्रेस झांसा देकर सरकार में आई। अंगुलियों पर गिनकर 10 दिन में कर्जा माफ करने की बात कही, लेकिन किया नहीं। आज राजस्थान में कानून और सरकार नाम की कोई चीज नहीं रही। रोज हत्या, गैंगवार, गैंगरेप, लूट की वारदात हो रही है। महिला अत्याचार में राजस्थान एक नंबर पर है। ये सरकार बहरी और गूंगी है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग कभी भगवान राम के अस्तित्व को नकारते हैं, कभी रामसेतु के अस्तित्व को नकारते हैं, कभी राम मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न करते हैं। 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' नारा लगाने वाले कन्हैया कुमार को इन्होंने स्टार प्रचारक बनाया है। इन्होंने अलवर के 400 साल पुराने मंदिर को टुकड़े-टुकड़े करने का पाप किया है। कांग्रेस सरकार के काल में अलगाववादी ताकतों के हौसले बुलंद हुए हैं। यही कारण है कि उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 'लूट सके तो लूट ले' ये गहलोत सरकार का राज है। साढ़े चार साल तक कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का तांडव मचाया। लाखों युवाओं के सपने रौंदने का काम किया। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि यह वतनपरस्तों की जमीन है, लेकिन यहां अभी एक परिवार का कब्जा है। शाले मोहम्मद मंत्री बने, भाई प्रधान बने, प्रमुख बने, उनकी सरपरस्ती में जिस तरह लूट की बात चली वो चिंता की बात है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस भ्रम फैलाती है कि बीजेपी आएगी तो आरक्षण समाप्त कर देगी। भाजपा ने कभी आरक्षण समाप्त करने की बात नहीं कही। कांग्रेस नेता दूसरी बात कहते हैं कि भाजपा संविधान को खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पीएम बनने के बाद संविधान को नमन किया था। ये उस संविधान को खत्म करने की बात कह रहे हैं।

मराठा आरक्षण का अध्यादेश आने तक आंदोलन जारी रहेगा: मनोज जरांगे

मुंबई (हि.स.)। मराठा क्रांति मोर्चा के संयोजक मनोज जरांगे ने सोमवार को कहा कि जब तक 100 प्रतिशत मराठा आरक्षण का अध्यादेश उन्हें नहीं मिल जाता, तब तक उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। मनोज जरांगे ने कहा कि बैठक में छत्रपति परिवार के वंशज उदयनराजे भोसले भी थे, इसलिए उन्हें विश्वास है कि उनकी मांगों पर सकारात्मक चर्चा की गई होगी। उधर उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने मुंबई में पत्रकारों को बताया कि सरकारी प्रतिनिधिमंडल बहुत जल्द जालना जाकर मनोज जरांगे से मुलाकात करेगा और उन्हें आज हुई बैठक की अधिकृत जानकारी दी जाएगी। मराठा क्रांति मोर्चा के संयोजक मनोज जरांगे जालना में पिछले आठ दिनों से मराठा समाज को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र दिए जाने की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं। आज इसी मुद्दे पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजीत पवार उदयन राजे भोसले, चंद्रकांत पाटिल आदि नेताओं की सह्याद्रि गेस्ट हाउस में बैठक हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने कुनबी जाति प्रमाण पत्र के संदर्भ में छानबीन के लिए समिति गठित की है। सीएम शिंदे ने मराठा प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मामले वापस लेने का आश्वासन देकर मराठा समाज से अनशन वापस लेने की अपील की है। इसके बाद मनोज जरांगे ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें यह सब जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है।

वन नेशन-वन इलेक्शन, संविधान संशोधन के बिना असंभव : कांग्रेस

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन संविधान संशोधन के बिना संभव नहीं है। मोदी सरकार लगातार संविधान को कमजोर करने की साजिश रचती चली जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने भी साफ कहा है कि यह संघीय ढांचे पर आक्रमण है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन बिना संविधान संशोधन के संभव नहीं है। इसके लिए आम सहमति की जरूरत होती। केन्द्र सरकार ने चर्चा के लिए जो समिति बनाई है उसपर इसे पास करने का दबाव है। रमेश ने कहा कि सरकार ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए अभी सिर्फ एक समिति का गठन किया है। कांग्रेस का साफ कहना है कि यह सरकार संघीय ढांचे पर बार-बार हमला कर रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर चर्चा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)